निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शुक्रवार 10 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 54 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन में आये उद्योगपतियों के साथ सीएम हेमंत सोरेन

# एआइ के सहारे अग्रणी राज्य बनेगा झारखंड

## सरकारी काम को तेज, पारदर्शी और आसान बनाना मकसद | दिल्ली में फाइनल हुआ रोडमैप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित सुशासन और डिजिटल नवाचार का राष्ट्रीय मॉडल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नई दिल्ली के होटल ताज पैलेस में आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन-2026 के दौरान सरकार ने विजन-2050 और प्रस्तावित झारखंड एआई नीति 2026-31 का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। इसके तहत अगले पांच वर्षों में 1,150 करोड़ के निवेश से राज्य में एआई आधारित डिजिटल इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, खनन और नागरिक सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का व्यापक उपयोग सुनिश्चित कर पारदर्शी, जवाबदेह और डेटा आधारित प्रशासन स्थापित करना है। इसके जरिए सरकारी सेवाओं को अधिक तेज, प्रभावी और नागरिकों के लिए सुलभ बनाया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य सरकार ने प्रस्तावित झारखंड एआई नीति 2026-31 का प्रारूप भी साझा किया। इस नीति के तहत स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, खनन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में एआई आधारित समाधान विकसित किए जाएंगे। साथ ही डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, पारदर्शिता और जिम्मेदार तकनीकी उपयोग को नीति का प्रमुख आधार बनाया जाएगा। सरकार ने सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मुख्यमंत्री डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। यह एआई आधारित प्रणाली विभिन्न सरकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना परियोजनाओं और विभागीय कार्यों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग करेगी और निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक सटीक बनाएगी। इसके अलावा बहुभाषी डिजिटल सेवाएं, व्हाट्सएप आधारित नागरिक सुविधा, ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली और पंचायत स्तर तक डिजिटल सेवाओं के विस्तार की भी योजना है। बैठक में सरकार ने तीन महत्वपूर्ण एआई आधारित परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया। इनमें मुख्यमंत्री डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म, हेल्थ एंड न्यूट्रिशन विजिलेंस सिस्टम और क्रिटिकल मिनरल्स एडमिनिस्ट्रेशन सिस्टम शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रशासन, स्वास्थ्य सेवाओं और खनिज प्रबंधन को आधुनिक डेटा विश्लेषण एवं एआई तकनीक से अधिक सक्षम बनाया जाएगा। राज्य सरकार ने स्टेट एआई मिशन, झारखंड एआई क्लाउड, एआई इनोवेशन हब, एआई पार्क, एआई इनोवेशन जोन, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और समेकित स्टार्टअप एवं स्किलिंग इकोसिस्टम विकसित करने की भी घोषणा की। इन पहलों का उद्देश्य अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता और उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देना है। रांची में प्रस्तावित 100।97 एकड़ के आईटी पार्क को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, आईटी कंपनियों, स्टार्टअप्स और नवाचार आधारित उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनाने की योजना भी साझा की गई।



## बुढ़मू सीओ व कर्मचारी को एसीबी ने हिरासत में लिया

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुढ़मू अंचल के सीओ सच्चिदानंद कुमार वर्मा व हल्का कर्मचारी राजेश सोनी को हिरासत में लिया है। उनपर जमीन संबंधित एक मामले में रिश्वत मांगने का आरोप है। एसीबी के अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। एसीबी ने बुधवार की शाम पहले बुढ़मू अंचल के हल्का कर्मचारी राजेश सोनी को रातू रोड से हिरासत में लिया था। राजेश सोनी से पूछताछ के बाद ही एसीबी ने गुरुवार की सुबह सीओ सच्चिदानंद कुमार वर्मा को उनके मोरहाबादी स्थित आवास से हिरासत में लिया। इस पूरे प्रकरण में एसीबी के अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है और कुछ भी बोलने से फिलहाल बच रहे हैं। सीओ सच्चिदानंद कुमार वर्मा बुढ़मू में पिछले ढाई साल से कार्यरत हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़मू अंचल के ओझा साड़म गांव में स्थित एक जमीन के मामले में हल्का कर्मचारी राजेश सोनी ने जमीन मालिक से रुपये की मांग की थी। जमीन मालिक को साफ कहा गया था कि पैसे देने के बाद ही उनका काम होगा। जमीन मालिक ने एसीबी से इसकी शिकायत की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अंगरक्षक को खुद के एके-47 से लगी गोली

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के सबसे वीआईपी इलाकों में शुमार अशोक नगर में भी अब चोर दाखिल होने लगे हैं। चोर को पकड़ने के दौरान रांची के चर्चित बिल्डर निशित केसरी के बॉडीगार्ड से मिसफायर हो गया जिससे उन्हें गोली लग गई। घायल बॉडीगार्ड को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

### वासेपुर में फर्जी आधार सेंटर सील

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान फॉर्म भरने के नाम पर लोगों से पैसे वसूलने का मामला सामने आया है। वासेपुर स्थित एक कथित आधार कार्ड सेंटर पर प्रशासन ने छापेमारी कर उसे तत्काल सील कर दिया है। आरोप है कि वहां बिना किसी अधिकृत अनुमति के लोगों से एसआईआर फॉर्म भरवाए जा रहे थे और इसके बदले 50 से 100 रुपये तक वसूले जा रहे थे। अब संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### युवक की चाकू मारकर हत्या

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मृत युवक की पहचान बेड़ो की घाघरा पंचायत स्थित मधुपुर गांव निवासी सुरेंद्र मुंडा के पुत्र रविंद्र मुंडा के रूप में की गई है। रविंद्र की हत्या का आरोप उसके दोस्तों पर ही लगा है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शख्स को हिरासत में लिया है। हत्या का आरोप रविंद्र के बचपन के दोस्त विकास मुंडा पर लगा है। सूचना मिलने पर बेड़ो थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### स्कूल गया छात्र तालाब में डूबा

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंबाटांड़ तालाब में नहाने के दौरान डूबने से आठ वर्षीय छात्र की मौत हो गई। वह स्कूल गया था और वहां से निकल कर तालाब चला आया। मृतक की पहचान झगरी निवासी कलीम अंसारी के पुत्र फरहान अंसारी के रूप में हुई है। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया और स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

### ट्रक की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** कोर्रा थाना क्षेत्र के नगवां गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक की पहचान नगवां निवासी विजय रवानी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार विजय रवानी देर रात सड़क पार कर रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार टीपर ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# डीजीपी तदाशा मिश्रा ने लिया रथ यात्रा की तैयारियों का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची की ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इस क्रम में झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा गुरुवार को रांची स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं और रथ यात्रा की तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ पूरे मंदिर क्षेत्र का जायजा भी लिया। राजधानी रांची में रथ यात्रा और रथ मेला को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। गुरुवार को डीजीपी तदाशा मिश्र ने खुद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और दूसरे इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर, रथ यात्रा मार्ग, श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, बैरिकेटिंग, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग, नियंत्रण कक्ष तथा संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान डीजीपी ने रांची पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों से सुरक्षा तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन दल और त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। डीजीपी ने निरीक्षण के बाद मंदिर समिति के सदस्यों से भी बातचीत की और उनके सुझावों को सुना। इसके बाद डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर सुझाव को सुना जाए और जो कारगर हो उपसर काम भी करें। चूंकि रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए गए। डीजीपी ने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी, ड्रोन कैमरों के उपयोग और सादे लिबास में पुलिसकर्मियों की तैनाती के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रांची एसएसपी, सिटी एसपी सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने डीजीपी को रथ यात्रा के लिए की गई तैयारियों और सुरक्षा योजना की विस्तृत जानकारी भी दी।



# पति से झगड़े के बाद महिला ने दो बेटियों को कुएं में फेंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा गांव में एक महिला ने अपनी दो बेटियों को कुएं में फेंक खुद भी छलांग लगा दी। दोनों बेटियों की मौत हो गई। वहीं महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जाता है कि सरिता देवी नाम की एक महिला ने अपने पति से झगड़े के बाद अपनी दो बेटियों को कुएं में फेंक दिया फिर उसने तीसरी बेटी को भी फेंकने की कोशिश की लेकिन वह बच्ची भाग निकली। दोनों बेटियों को कुएं में फेंकने के बाद सरिता देवी खुद भी उसमें कूद गई। इस घटना में दोनों बेटियों की मौत हो गई। दरअसल बुधवार रात सरिता देवी और उसके पति छोटेलाल प्रजापति के बीच हुए झगड़ा हो गया था। झगड़े के दौरान किसी बात को लेकर सरिता देवी ने अपनी सास की गोद में खेल रही एक बेटी को छीन लिया और कुएं में फेंक दिया। इसके बाद उसने दूसरी बेटी को भी कुएं में फेंक दिया। वह तीसरी बेटी को भी कुएं में फेंकने ही वाली थी कि बच्ची भाग निकली। इसके बाद सरिता देवी खुद कुएं में कूद गई। बच्ची और परिजनों के शोर मचाने पर सरिता देवी को कुएं से बाहर निकाला गया। वहीं दोनों बच्चों के शव बरामद किए गए। ग्रामीणों के अनुसार सरिता देवी और छोटेलाल प्रजापति के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। तीन बेटियां होने के कारण सरिता देवी को ताने मारे जाते थे और प्रताड़ित किया जाता था। नवाबाजार थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला ने दो बेटियों को कुएं में फेंक दिया था जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मृतकों प्रिया कुमारी और डॉली कुमारी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सड़क हादसे में गिरिडीह के चालक-खलासी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले में गुरुवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में गिरिडीह जिले के दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बगोदर थाना क्षेत्र के कोड़ाडीह निवासी भुवनेश्वर यादव और डुमरी थाना क्षेत्र के बड़की बेरगी निवासी शंकर यादव के रूप में हुई है। यह हादसा कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र स्थित परमालपुर के समीप हुआ। जानकारी के अनुसार सरिया लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के दौरान ट्रक पर लदा भारी सरिया आगे की ओर खिसक गया जिससे चालक और खलासी उसके नीचे दब गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में कैमूर पुलिस ने आशंका जताई है कि लंबी दूरी की यात्रा के दौरान चालक को झपकी आने से ट्रक अनियंत्रित हो गया। तेज रफ्तार ट्रक पहले सड़क किनारे लगे लोहे के बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए पुलिया की दीवार से जा टकराया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंची। ट्रक के केबिन में दोनों शव बुरी तरह फंसे हुए थे। काफी मशक्कत के बाद गैस कटर की सहायता से ट्रक के अगले हिस्से को काटकर चालक और खलासी के शव बाहर निकाले गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक शंकर यादव ट्रक के मालिक होने के साथ स्वयं वाहन चला रहे थे जबकि भुवनेश्वर यादव उनके साथ खलासी के रूप में कार्यरत थे।

## ग्रामीणों के पथराव में दो जवान घायल

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के चियांकी इलाके में नेशनल हाईवे फोरलेन के कंस्ट्रक्शन साइट पर गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ है। इस दौरान ग्रामीणों और प्रशासनिक टीम के बीच झड़प हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासनिक टीम पर पथराव किया जिसमें जैप के राजमोहन सिंह और पुलिस की महिला जवान प्रिया सिंह घायल हो गईं। दोनों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी राजेश यादव एवं वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर कैंप कर रहे हैं। ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे को कुछ देर के लिए जाम कर दिया था। दरअसल नेशनल हाईवे फोरलेन कार्य के लिए चियांकि इलाके में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।

## झारखंड पुलिस के 153 आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी, कमेटी ने लगाई मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्र के निर्देश पर झारखंड पुलिस के दिवंगत पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत 153 आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी प्रदान की जाएगी। इस निर्णय से झारखंड पुलिस सेवा के दौरान दिवंगत हो चुके पुलिसकर्मियों के परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। डीजीपी तदाशा मिश्रा के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय में अनुकंपा समिति की महतवपूर्ण बैठक हुई। इसमें कुल 153 आश्रितों को पुलिस विभाग के अलग-अलग पदों पर नौकरी देने का फैसला किया गया। इसका मकसद सर्विस के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारों को एक सम्मानजनक आजीविका और सहारा देना है। झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार कुल 163 मामलों पर बैठक में चर्चा हुई जिसमें चार मामलों को विभिन्न कारण से होल्ड पर रखा गया है। वहीं तीन मामलों को नियमानुसार नहीं पाए जाने पर अस्वीकार किया गया है। अनुकंपा समिति की बैठक एडीजी मुख्यालय मनोज कौशिक की अध्यक्षता में की गई थी। कमेटी के फैसले के बाद कुल 153 युवाओं को उनकी योग्यता के हिसाब से पदों पर नियुक्त किया गया है। इनमें 66 कॉन्स्टेबल, 62 बाल आरक्षी, 24 महिला आरक्षी और एक फायरमैन ड्राइवर शामिल हैं।

## बीएलओ की कार्यशैली से राज्य अल्पसंख्यक आयोग नाराज

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है। 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर कराने थे लेकिन कई जगहों पर लापरवाही की शिकायतें सामने आई हैं। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग को कई लोगों ने लिखित एवं टेलिफोनिक शिकायतें की हैं। आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आयोग इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। वे जल्द ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर आवश्यक कदम उठाने का आग्रह करेंगे। शमशेर आलम ने कहा कि ऐसे बीएलओ पर कार्रवाई की जरूरत है जो एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं।

# राज्य के हर जिले में बनेगी रक्तदान जागरुकता एवं मॉनिटरिंग समिति


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में स्वैच्छिक रक्तदान को संस्थागत स्वरूप देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों, सचिवों, विभागाध्यक्षों, प्रमंडलीय आयुक्तों, उपायुक्तों, वरीय पुलिस अधीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों और सभी सिविल सर्जनों को पत्र जारी कर प्रत्येक जिले में ब्लड डोनेशन अवेयरनेस एंड मॉनिटरिंग कमेटी के गठन का निर्देश दिया है। समिति का गठन उपायुक्त की अध्यक्षता में किया जाएगा। मुख्य सचिव ने पत्र में कहा है कि यह निर्णय झारखंड हाईकोर्ट के विभिन्न जनहित याचिकाओं में पारित आदेशों के अनुपालन में लिया गया है। न्यायालय ने स्वास्थ्य विभाग और राज्य रक्त संक्रमण परिषद को निर्देश दिया है कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से राज्य में रक्त संग्रह को शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार किसी भी जिले की वार्षिक रक्त आवश्यकता उसकी कुल आबादी का लगभग एक प्रतिशत होती है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ रक्त की मांग लगातार बढ़ रही है। विशेष रूप से थैलेसीमिया, सिकल सेल और अन्य रक्ताधान-निर्भर मरीजों के लिए नियमित एवं सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना आवश्यक है। मुख्य सचिव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य में अब तक 3,68,345 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया है।

# 40 एकड़ भूमि पर बनेगा अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में आयुर्वेद चिकित्सा को नई पहचान दिलाने वाली करीब एक हजार करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना ने रफ्तार पकड़ ली है। रांची के इटकी टीबी सेनेटोरियम परिसर की लगभग 80 एकड़ जमीन में से 40 एकड़ जमीन पर राज्य का बड़ा अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) स्थापित किया जाएगा। गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को पहले चरण में 40 एकड़ भूमि की नापी शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया ताकि परियोजना की आगे की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सके। केंद्र सरकार ने देश के तीन राज्यों में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने की घोषणा की है जिसमें झारखंड भी शामिल है। प्रस्तावित संस्थान के लिए इटकी टीबी सेनेटोरियम परिसर का चयन किया गया है। अभियान निदेशक ने बताया कि परियोजना की अनुमानित लागत करीब एक हजार करोड़ रुपये है। इसमें केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार की भी महत्वपूर्ण वित्तीय भागीदारी होगी। राज्य सरकार की ओर से 300 हजार करोड़ वहन करना होगा। निरीक्षण के दौरान अभियान निदेशक ने इटकी के अंचल अधिकारी को भूमि चिन्हित कर उसकी नापी और अन्य राजस्व संबंधी औपचारिकताएं जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन संबंधी प्रक्रिया पूरी होते ही परियोजना की अन्य प्रशासनिक और तकनीकी कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि संस्थान बनने से झारखंड में आयुर्वेद चिकित्सा, शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण को नई दिशा मिलेगी। राज्य के लोगों को उच्चस्तरीय आयुष स्वास्थ्य सेवाएं अपने ही राज्य में उपलब्ध होंगी और विशेषज्ञ चिकित्सा के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता कम होगी। वर्तमान में झारखंड में संचालित अधिकांश आयुर्वेदिक संस्थानों की स्थिति अपेक्षित स्तर की नहीं है और कई संस्थान संसाधनों के अभाव में प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना राज्य के आयुष क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। यह संस्थान आधुनिक सुविधाओं, शोध, विशेषज्ञ उपचार और उच्च स्तरीय शिक्षण व्यवस्था से लैस होगा। निरीक्षण के दौरान इटकी के अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति की बैठक आज 9 जुलाई को परिसदन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति माननीय श्री रामेश्वर उरांव ने की। बैठक में समिति के सदस्य एवं डालटनगंज के माननीय विधायक श्री आलोक चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए सभापति श्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे राजस्व संग्रहण की समीक्षा करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की प्राप्ति हो रही है अथवा नहीं। उन्होंने सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में और अधिक प्रभावी प्रयास करने का निर्देश दिया।




बैठक में नगर निगम, वन विभाग, परिवहन विभाग, समाज कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, खनन विभाग,आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के राजस्व संग्रहण एवं वित्तीय प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। नगर निगम की समीक्षा के दौरान सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में कुल 36 वार्ड हैं, जिनका सर्वेक्षण कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, दुकानों से प्राप्त किराया, सैरात, विज्ञापन शुल्क, चुंगी, भवन नक्शा स्वीकृति, टेंडर तथा बैंक्वेट हॉल पंजीकरण सहित विभिन्न मदों से नगर निगम को राजस्व प्राप्त होता है। वन विभाग की समीक्षा में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इमारती लकड़ी की बिक्री, जब्त लकड़ियों की नीलामी तथा पार्क एवं मैदानों के प्रवेश टिकटों से विभाग को राजस्व प्राप्त होता है।

सभापति ने प्रभागीय वन पदाधिकारी (डीएफओ) से हाल में हुई आगजनी की घटनाओं, उससे हुए नुकसान तथा उसके नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। समिति ने वन विभाग को राजस्व संग्रहण में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष में विभाग को 210 करोड़ रुपये राजस्व संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध लगभग 85 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई। चालू वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहित किया जा रहा है। सभापति ने राजस्व में वृद्धि के लिए तैयार रोडमैप की जानकारी ली। इस पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के डिफॉल्टर वाहन मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे आगामी दिनों में राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। बैठक में समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, आईसीडीएस एवं अन्य विभागों द्वारा सरकार से प्राप्त आवंटन राशि के उपयोग, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा राजस्व संग्रहण के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। बैठक के अंत में समिति ने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने, संसाधनों का बेहतर उपयोग करने तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसआईआर में डीसी का सख्त संदेश, एक भी पात्र मतदाता न छूटे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद, (पलामू)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत गुरुवार को पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। फॉर्म वितरण और डिजिटाइजेशन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने जिले के कई मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी पात्र मतदाताओं तक पहुंचकर कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सबसे पहले हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-121 पहुंचे, जहां इन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म का वितरण केवल 11 प्रतिशत पाया गया। उन्होंने संबंधित बीएलओ से कम प्रगति के कारण पूछे और घर-घर जाकर अभियान तेज करने का निर्देश दिया। अधिकारियों और कर्मियों का उत्साह बढ़ाने के लिए उपायुक्त ने स्वयं कुछ गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कर यह संदेश दिया कि कार्य में तेजी और गुणवत्ता दोनों आवश्यक हैं। इसके बाद उपायुक्त देवरी खुर्द पहुंचे, जहां मतदान केंद्र संख्या 136, 137 और 138 का निरीक्षण किया। मतदान केंद्र संख्या-136 पर शत-प्रतिशत फॉर्म वितरण की सूचना मिलने पर उन्होंने रिकॉर्ड का गहन सत्यापन कराया और निर्देश दिया कि बीएलओ ऐप पर वही जानकारी दर्ज की जाए जो वास्तविक स्थिति से मेल खाती हो। उन्होंने पारदर्शिता और गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान कई मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए उपायुक्त को कच्चे रास्तों और पगडंडियों से होकर गुजरना पड़ा। इस दौरान उन्होंने कहा कि भौगोलिक कठिनाइयों के बावजूद प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचना और समय पर फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करना सभी संबंधित कर्मियों की जिम्मेदारी है। इसके बाद उन्होंने छतरपुर प्रखंड कार्यालय, नवाबाजार प्रखंड सभागार और पड़वा प्रखंड में चल रहे डिजिटाइजेशन कैंप एवं एसआईआर-2026 कार्यों की समीक्षा की।



## संक्षिप्त समाचार

### राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद का मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने अस्पताल पहुंचकर जाना हालचाल

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड से राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद का नई दिल्ली स्थित सीताराम भारतीय अस्पताल में घुटने का सफल ऑपरेशन किया गया। चिकित्सकों के अनुसार ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा है और उनकी स्वास्थ्य स्थिति लगातार बेहतर हो रही है।सफल सर्जरी की जानकारी मिलने के बाद झारखंड सरकार के मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू अस्पताल पहुंचे। उन्होंने डॉ. सरफराज अहमद से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा इलाज कर रहे चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली। मंत्री ने सांसद के शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा भी जताया डॉ. सरफराज अहमद ने बताया कि ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है और अब वह पहले की अपेक्षा काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों, मेडिकल टीम, शुभचिंतकों तथा सभी समर्थकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं दीं सांसद के सफल ऑपरेशन की खबर सामने आने के बाद गिरिडीह समेत पूरे झारखंड में उनके समर्थकों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके जल्द स्वस्थ होकर सार्वजनिक जीवन में सक्रिय होने की कामना की है।

### आधार सेवा केंद्र बना नागरिकों की पहली पसंद, प्रतिदिन 300 से अधिक लोग उठा रहे लाभ

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला प्रशासन के प्रयासों से जिले का एकमात्र आस्क (आधार सेवा केंद्र) आधार संबंधी सेवाओं का भरोसेमंद केंद्र बनकर उभरा है। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस केंद्र में प्रतिदिन 300 से अधिक लोग आधार नामांकन, अपडेट और अन्य सेवाओं का लाभ ले रहे हैं केंद्र में नए आधार नामांकन, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर व ई-मेल अपडेट, बायोमेट्रिक अपडेट, दस्तावेज अद्यतन तथा आधार प्रिंट सहित सभी प्रमुख सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। विशेष बात यह है कि यह केंद्र सप्ताह के सातों दिन संचालित रहता है, जिससे नागरिक अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी दिन सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं नागरिकों की सुविधा के लिए केंद्र में वातानुकूलित कार्यालय, स्वच्छ पेयजल, आरामदायक बैठने की व्यवस्था तथा वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। प्रशिक्षित कर्मियों और आधुनिक संसाधनों के कारण लोगों को त्वरित, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल रही हैं जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि आधार से संबंधित नामांकन या अपडेट के लिए केवल अधिकृत आस्क आधार सेवा केंद्र का ही उपयोग करें, ताकि सुरक्षित, प्रमाणिक और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का लाभ मिल सके।

### बगोदर-सरिया में एसआईआर अभियान का निरीक्षण, हर पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर -2026) अभियान के तहत बगोदर-सरिया अनुमंडल में मतदाता सूची के अद्यतन एवं शुद्धिकरण कार्यों का अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने डोर-टू-डोर भ्रमण कर गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यरत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं से संवाद कर गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया और अभियान की प्रगति की भी जानकारी ली अनुमंडल पदाधिकारी ने अनुमंडल स्तरीय वोटर हेल्पलाइन डेस्क का निरीक्षण कर हेल्पलाइन 1950 के माध्यम से मतदाताओं को समयबद्ध, सटीक और प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य है कि "कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं, प्रत्येक पात्र मतदाता जुड़े उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की कि वे समय पर गणना प्रपत्र भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध और त्रुटिरहित बनाया जा सके।

### एबीवीपी के स्थापना दिवस पर पीरटांड़ में स्वामी विवेकानंद वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी ) के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर पीरटांड़ प्रखंड इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया फाइनल मुकाबला मधुबन स्ट्राइकर और यंग स्टार क्लब के बीच खेला गया, जिसमें मधुबन स्ट्राइकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मधुबन थाना प्रभारी दीपेश कुमार, समाजसेवी भारत साहू तथा अभाविप के प्रदेश एसएफएस सह-संयोजक अनीश राय उपस्थित रहे थाना प्रभारी दीपेश कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपनी स्थापना काल से ही समाज, राष्ट्र और विद्यार्थियों के हित में कार्य करती आ रही है। समाजसेवी भारत साहू ने परिषद के 78 वर्ष पूरे होने पर संगठन को शुभकामनाएं दीं अनीश राय ने बताया कि अभाविप पूरे देश में "स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम" अभियान चला रहा है।

### तिसरी प्रखंड कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस शिविर, बड़ी संख्या में लोगों ने कराया आवेदन

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** परिवहन विभाग द्वारा तिसरी प्रखंड कार्यालय परिसर में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके नजदीक ही ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा उपलब्ध कराना था शिविर में सेफ्टी मैनेजर वाजिद हसन नगमा जरीन, मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) इरफान तथा जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंचकर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराया इस अवसर पर अधिकारियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ वाहन चलाने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के शिविरों से आम लोगों को विभागीय सेवाएं उनके क्षेत्र में ही आसानी से उपलब्ध हो रही हैं।

# सड़क निर्माण में लापरवाही पर बुडको के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर (मुंगेर)।** जनता मोड़ से दास टोला तक सड़क निर्माण में हो रही देरी एवं कथित लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। वार्ड संख्या 24 के पार्षद प्रतिनिधि दीपक कुमार साहनी की अध्यक्षता में दर्जनों लोगों ने प्रदर्शन कर जल्द सड़क निर्माण पूरा करने की मांग की।प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि बुडको के संवेदक ने करीब चार माह पूर्व सड़क को तोड़ दिया, लेकिन अब तक उसका निर्माण पूरा नहीं कराया गया है। फिलहाल सड़क पर केवल चार नंबर की ईंट बिछाकर छोड़ दिया गया है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब सड़क के कारण कई बार टोटो और अन्य छोटे वाहन पलट चुके हैं। हाल ही में एक बुजुर्ग व्यक्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे उनका हाथ टूट गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना था कि बुडको द्वारा जमालपुर में कराए गए कई कार्यों की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं है। लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने तथा सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग की। प्रदर्शन में रूपा कुमारी, किरण कुमारी, मीना कुमारी, सरजू मंडल, अजय गोस्वामी, पिंकी देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क निर्माण पूरा नहीं कराया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और एजेंसी की होगी।



# कटकमदाग में सड़क के गड्ढे में टोटो पलटा, घंटों लगा जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटकमदाग (हजारीबाग)।** कटकमदाग प्रखंड के पसई गांव में गुरुवार को सड़क की जर्जर स्थिति के कारण एक बार फिर हादसा हो गया। भाजपा नेता धीरज राणा के घर के समीप बीच सड़क पर बने लगभग 2 से 2.5 फीट गहरे गड्ढे में सामान से लदा एक टोटो पलट गया। हादसे में टोटो और उसमें लदा सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना के बाद सड़क पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। दोनों ओर 100 से अधिक वाहन फंस गए, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त टोटो को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर सड़क की बदहाल स्थिति लंबे समय से दुर्घटनाओं का कारण बनी हुई है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से अविलंब सड़क की मरम्मत कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# एबीवीपी के स्थापना दिवस पर पौधा रोपण अभियान का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर (मुंगेर)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर जमालपुर नगर इकाई द्वारा आयोजित स्थापना दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को पौधारोपण अभियान के साथ हुई। नगर एसएफडी संयोजक नीतीश कुमार के नेतृत्व में आरबीएच हाई स्कूल, जमालपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं परिषद कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नीतीश कुमार ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नगर इकाई ने 78 पौधे लगाने का संकल्प लिया है। अभियान के तहत नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड की भी व्यवस्था की गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सकेगा।प्रांत प्रतियोगी छात्र प्रमुख सुभाष मंडल ने बताया कि स्थापना दिवस पखवाड़ा के दौरान मैराथन, हैंडबॉल, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास होगा।कार्यक्रम में नगर मंत्री अनुराग पासवान, सहमंत्री आदित्य, कॉलेज अध्यक्ष राज चौधरी, विशाल कुमार, विक्की आनंद, विकास राज, बिट्टू, प्रिंस, नयन कुमार, मनीष कुमार, शिक्षिका कविता कुमारी, सविता कुमारी, कामिनी कुमारी, शिक्षक बृजेश कुमार, निलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अधिक से अधिक पौधा लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।



# मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के ऑफिसियल वेबसाईट पर एसआईआर सूचना उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति साझा करते हुए बताया कि राज्य में मतदाताओं के इन्यूमरेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया बेहद तेजी और सुचारू रूप से चल रही है। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों के साथ-साथ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट भी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझते हुए जमीनी स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। दोनों के आपसी समन्वय के कारण ही राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण के शुरूआती 10 दिनों के भीतर ही बीएलओ राज्य के लगभग 66.25% कुल 1,75,31,915 मतदाताओं तक सफलतापूर्वक पहुंच चुकी है, जहां घर-घर जाकर पात्र भारतीय नागरिकों का इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में 82.11% कुल 2,17,27,827 मतदाताओं की विगत के विशेष गहन पुनरीक्षण के मतदाता सूची से मैपिंग पूरी की जा चुकी है, 17.89% कुल 47,35,409 मतदाता अभी भी अनम्रैप्ड है जिनकी सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की जा रही है एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के ऑफिसियल वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विगत एसआईआर की मतदाता सूची को सुपीरियर डॉक्यूमेंट के रूप में माना गया है जिन मतदाताओं की विगत के एसआईआर से मैपिंग हो गई है उन्हें किसी अन्य प्रकार के दस्तावेज समर्पित नहीं करने होंगे। उन्होंने कहा कि बीएलओ जब घर घर जाएं तो इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर यथाशीघ्र उन्हें लौटा दें ताकि डिजिटाइजेशन के कार्य में तेजी आ सके।

### शक्तिधाम मंदिर के स्थापना दिवस पर 15 से शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर (मुंगेर)।** श्री मारवाड़ी धर्मशाला परिसर जमालपुर में श्री महामाया शक्तिधाम मंदिर के चतुर्थ स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस संबंध में धर्मशाला परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें मंदिर के मंत्री गिरधर संघई, महोत्सव संयोजक कमलेश खेतान, सह संयोजक माधव मस्कारा, कलश यात्रा संयोजक गोपाल शर्मा तथा मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा उपस्थित रहे।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि श्री महेश जी संघई के मार्गदर्शन में 15 जुलाई से 22 जुलाई तक श्रीमद्भागवत कथा पुराण का भव्य आयोजन किया जाएगा।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स ने स्वास्थ्य, पर्यावरण और मानव सेवा के लिए चलाया अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स (डिस्ट्रिक्ट 325) ने जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा को समर्पित कई जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे के अवसर पर क्लब ने डॉ. अंकिता सहाय, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. शीला वर्मा और डॉ. राजेश वर्मा को पौधे भेंट कर उनके समाज के प्रति योगदान के लिए सम्मानित किया। इसी दिन हरिचक गांव में 25 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया 7 जुलाई को रोटरी आई हॉस्पिटल में किडनी स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पीडीसी पूनम सहाय ने किडनी की देखभाल, संतुलित आहार, पर्याप्त जल सेवन, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान रोटरी डायलिसिस सेंटर में एक डायलिसिस मरीज को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई 8 जुलाई को नवजीवन हॉस्पिटल में आयोजित किडनी हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम में अस्पताल की सीईओ स्वाति बगड़िया और डॉ. हेमंत कुमार ने किडनी रोगों की रोकथाम, समय पर जांच और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जानकारी दी। इस अवसर पर दो डायलिसिस मरीजों को आर्थिक सहायता देकर उनके उपचार में सहयोग किया गया इन सभी कार्यक्रमों में क्लब की अध्यक्ष प्रीति भास्कर, पीडीसी पूनम सहाय, एडिटर मृदुला शर्मा एवं नेहा सिंह सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।क्लब की अध्यक्ष प्रीति भास्कर ने कहा कि इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स भविष्य में भी स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा से जुड़े जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।



# घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्रों का वितरण और डिजिटाइजेशन जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर -2026) अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची के अद्यतन एवं शुद्धिकरण के लिए गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से जारी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त रामनिवास यादव के मार्गदर्शन में अभियान की नियमित समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है अभियान के तहत निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (इरो ), सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (ऐरो) और वरीय अधिकारी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। वहीं बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करने, संग्रह करने तथा उन्हें प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी दे रहे हैं जिले में प्राप्त प्रपत्रों के समयबद्ध और त्रुटिरहित डिजिटाइजेशन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाया जा सके।उपायुक्त रामनिवास यादव ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे एसआईआर 2026 अभियान में सक्रिय सहयोग करें, समय पर अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।



# धीमी प्रगति वाले बूथों पर पहुंचे जिला निर्वाचन पदाधिकारी, फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन में तेजी लाने के निर्देश







**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत इन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म के वितरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत गुरुवार को जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के उन मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जहां फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति अपेक्षाकृत कम दर्ज की गयी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि एसआईआर कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सर्वप्रथम हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-121 पहुंचे, जहां इन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म का वितरण मात्र 11 प्रतिशत हुआ था। उन्होंने संबंधित बीएलओ से कम प्रगति के कारणों की विस्तृत जानकारी ली तथा घर-घर जाकर फॉर्म वितरण अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। बीएलओ का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्वयं कुछ गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कर कार्य में गति लाने का संदेश दिया। इसके बाद उपायुक्त हुसैनाबाद के देवरी खुर्द पहुंचे, जहां उन्होंने मतदान केंद्र संख्या-136, 137 एवं 138 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र संख्या-136 पर शत-प्रतिशत फॉर्म वितरण की रिपोर्ट दर्ज पाए जाने पर उन्होंने संबंधित बीएलओ से इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी अभिलेखों का सत्यापन कराया। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलओ ऐप पर अद्यतन की जाने वाली प्रत्येक प्रविष्टि वास्तविक प्रगति के अनुरूप ही हो तथा कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी को हुसैनाबाद के कई मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए कच्चे रास्तों एवं पगडंडियों का भी उपयोग करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भौगोलिक कठिनाइयों के बावजूद प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचना और समय पर फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करना सभी संबंधित कर्मियों की जिम्मेदारी है। इसके उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने छतरपुर प्रखंड कार्यालय एवं नवाबाजार प्रखंड सभागार में आयोजित प्रखंड स्तरीय डिजिटाइजेशन कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं पड़वा प्रखंड के पंचायत सचिवालय पहुंचकर भी एसआईआर-2026 के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर को प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप फॉर्म वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए जोमैटो के हाइपरप्योर ने झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के साथ किया करार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची / जमशेदपुर ।** इटरनल के बीटूबी ई-कॉमर्स मंच जोमैटो हाइपरप्योर ने झारखंड के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी (जेएसडीएमएस) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। जेएसडीएमएस राज्य सरकार की कौशल विकास की प्रमुख नोडल एजेंसी है। समझौते के तहत मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित योग्य अभ्यर्थियों का विवरण जेएसडीएमएस, अपने प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं के माध्यम से हाइपरप्योर को उपलब्ध कराएगा। इसके बाद हाइपरप्योर के अधिकृत तृतीय पक्ष विक्रेता आवश्यकता के अनुसार देशभर में पिकर और ऑपरेटर जैसे पदों पर उनकी नियुक्ति कर सकेंगे। जेएसडीएमएस के मिशन निदेशक सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार लाल ने कहा, "यह साझेदारी मुख्यमंत्री सारथी योजना के प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण को वास्तविक रोजगार में बदलना है और यह करार उस लक्ष्य को मजबूत करेगा।" हाइपरप्योर के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ऋषि अरोड़ा ने कहा, झारखंड के प्रशिक्षित युवाओं को हमारे बढ़ते नेटवर्क से जोड़कर उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना इस साझेदारी का प्रमुख उद्देश्य है। यह पहल झारखंड के प्रशिक्षित युवाओं के लिए राज्य के भीतर और बाहर रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ मजबूत आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण में भी सहायक होगी।

## उपायुक्त ने कदमा स्थित कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण कर बेहतर संचालन के दिए निर्देश



**खूंटी।** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन ने आज कदमा स्थित कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूनिट में संचालित प्रसंस्करण कार्यों, उपलब्ध संसाधनों, मशीनों की कार्यक्षमता तथा उत्पादों के निर्माण एवं विपणन संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं संचालकों को यूनिट का संचालन व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता, स्वच्छता मानकों का पालन, समयबद्ध उत्पादन एवं प्रभावी विपणन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही यूनिट की क्षमता का पूर्ण उपयोग करते हुए इसे आजीविका संवर्धन का सशक्त माध्यम बनाने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाबू कुमार सिंह स्टेडियम में चला विशेष स्वच्छता अभियान, खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर खेल वातावरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर स्थित बाबू कुमार सिंह स्टेडियम में इन दिनों विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जेसीबी और कंपैक्टर मशीन की सहायता से मैदान की व्यापक साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई और समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों ने बुधवार को स्टेडियम पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया तथा अभियान को निर्धारित समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। बताया गया कि मुख्यालय स्थित बाबू कुमार सिंह स्टेडियम में प्रतिदिन सुबह और शाम करीब पांच हजार खिलाड़ी, मॉर्निंग वॉक करने वाले लोग तथा खेलप्रेमी पहुंचते हैं। लंबे समय से मैदान में उगी झाड़ियां, बड़े-बड़े घास और अन्य अवांछित सामग्री खिलाड़ियों के अभ्यास में बाधा बन रही थीं। इसे लेकर खिलाड़ियों और स्थानीय लोगों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम के सहयोग से लगभग दस दिनों पूर्व विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान शुरू किया। अभियान के तहत मैदान को समतल किया जा रहा है, झाड़ियों को हटाया जा रहा है तथा पूरे परिसर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि खिलाड़ियों को बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि खेल परिसरों का नियमित रखरखाव आवश्यक है, ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। अभियान पूरा होने के बाद स्टेडियम पहले से अधिक व्यवस्थित, स्वच्छ और आकर्षक नजर आएगा। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया कि आने वाले दिनों में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में भी इसी तरह का विशेष स्वच्छता एवं विकास अभियान चलाया जाएगा। वहां भी खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने, मैदान को व्यवस्थित करने और खिलाड़ियों के लिए आधुनिक एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

# नीति आयोग व पीएम-एबीएचआईएम योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त मो. जावेद हुसैन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में गुरुवार को नीति आयोग एवं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अड़की, खूंटी सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों एवं अन्य स्वास्थ्य भवनों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित कार्यपालक अभियंताओं एवं विभागीय अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ ही पूर्ण हो चुके भवनों का शीघ्र हैंडओवर लेकर आवश्यक संसाधनों के साथ स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करने को कहा। बैठक में नीति आयोग के तहत संचालित मोबाइल हेल्थ यूनिट वैन के संचालन की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियमित रूप से मोबाइल स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जाएं, ताकि दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सके। उन्होंने प्रत्येक मोबाइल यूनिट के साथ सहिया एवं एएनएम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। इसके अलावा संपूर्णता अभियान, आकांक्षा हाट तथा आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सोलर लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से खेती को बढ़ावा देने, किसानों को प्रशिक्षण देने तथा कृषि, आत्मा सहित संबंधित विभागों के समन्वय से उपयुक्त फसलों के चयन पर विशेष जोर दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आपूर्ति विभाग की योजनाओं की समीक्षा, समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक कर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, धान अधिप्राप्ति, कस्टम मिल्ड राइस जमा, चना-दाल वितरण तथा सोना-सोबरन धोती-साड़ी-लूंगी योजना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी।समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री शेखावत ने सभी प्रखंडों में खाद्यान्न वितरण में तेजी लाने तथा लाभुकों तक समय पर राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उन्होंने डोर स्टेप डिलीवरी की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए वितरण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने को कहा।बैठक में सोना-सोबरन धोती-साड़ी-लूंगी योजना की समीक्षा करते हुए डीसी ने शेष बचे सभी पात्र लाभुकों के बीच शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर जन वितरण प्रणाली की दुकानों एवं पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर वितरण कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा।उन्होंने निर्देश दिया कि जहां-जहां वर्तमान में जन सेवक गोदाम का प्रभार संभाल रहे हैं, वहां संबंधित मार्केटिंग ऑफिसर (एमओ) को ही सहायक गोदाम प्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार दिया जाए, ताकि गोदाम संचालन एवं खाद्यान्न वितरण व्यवस्था अधिक प्रभावी ढंग से संचालित हो सके।बैठक में चना-दाल वितरण की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों के बीच निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा वितरण से संबंधित किसी भी शिकायत का त्वरित निराकरण किया जाए।इसके अलावा धान अधिप्राप्ति एवं सीएमआर जमा की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित कार्यों में तेजी लाने, राइस मिलों से समय पर सीएमआर प्राप्त करने तथा विभागीय योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने

# उपायुक्त ने की 100 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक अस्पताल निर्माण कार्य की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में निर्माणाधीन 100 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक अस्पताल के निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भवन निर्माण निगम एवं संबंधित कार्यकारी एजेंसी से निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गई।

समीक्षा के दौरान संबंधित एजेंसी द्वारा बताया गया कि अस्पताल भवन का निर्माण कार्य दिसंबर माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर उपायुक्त ने निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने हेतु प्रत्येक माह के अनुसार योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की अनावश्यक विलंब नहीं होनी चाहिए तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न किए जाएं। उपायुक्त ने निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने एवं विभिन्न चरणों में प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया, ताकि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप दिसंबर माह तक अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा सके। बैठक में उपायुक्त ने अतिरिक्त 200 बेड अस्पताल निर्माण के प्रस्ताव की भी जानकारी ली तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्रस्ताव से संबंधित आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम, संबंधित कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि, कंसल्टेंट एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एबीवीपी के 78वें स्थापना दिवस पर सेवा और संस्कार का संगम, बच्चों को बांटीं पुस्तकें-कॉपियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के कासमा रोड स्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यालय में गुरुवार को संगठन के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर उत्साह और गरिमामय वातावरण में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राहुल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी से हुई। इसके बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पर ध्वजारोहण किया तथा विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर बच्चों के बीच पुस्तक और कॉपियों का वितरण कर शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने गुरुवार दोपहर दो बजे कहा कि 9 जुलाई 1949 को स्थापित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज विश्व का सबसे बड़ा गैर-राजनीतिक छात्र संगठन बन चुका है। उन्होंने कहा कि परिषद ने "ज्ञान, शील और एकता" के मूल मंत्र को अपनाकर छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति में बदलने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश के सामने केवल राजनीतिक स्वतंत्रता की रक्षा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक चेतना के पुनर्निर्माण की भी चुनौती थी। ऐसे समय में एबीवीपी ने यह विचार दिया कि विद्यार्थी केवल भविष्य का नागरिक नहीं, बल्कि वर्तमान का सक्रिय नागरिक भी है। हार्दिक सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षा सुधार, छात्र हितों की लड़ाई, राष्ट्रीय एकता, प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्य और रक्तदान जैसे सामाजिक सरोकारों में एबीवीपी के कार्यकर्ता हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक संदेश "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए" को याद करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला संयोजक अभय कुशवाहा, नगर सह मंत्री रोहन गुप्ता, रोहित कुमार, रंजन कुमार, राजू कुमार, सौरभ पाठक, गौरव मिश्रा, प्रांशु सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जोगडी गांव के तालाब का नही हो सका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के जोगडी गांव स्थित सैंकड़ों वर्ष पुराना तालाब सरकारी उपेक्ष के कारण अपना पहचान खो रहा है। बता दें कि यह तालाब लगभग एक किमी के दायरा में है। बता दें कि पूर्व में इसमें बांध बांधकर छोटी वितरणी बनाने का प्रारुप तैयार किए थे जिससे सैंकड़ों बीघे की जमीन की सिंचाई होता है परंतु उसके बाद से कुछ नहीं हुआ तालाब की उड़ाही नहीं होने के कारण इसको नुकसान हो रहा है। तालाब के कुछ भाग में स्थानीय श्रमिक किसान मखाना की खेती किए हैं इसका रखरखाव बाहर के श्रमिकों द्वारा कराया जाता है। सरकार मखाना की खेती को उद्यमी योजना से जोड़कर बढ़ावा देने में जुटी है परंतु हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित तालाब की ओर सरकार कोई ध्यान नहीं है। गांव के विजय सिंह सहित बताते हैं कि तालाब की उड़ाही व उसके तटबंध को मरम्मत कराए जाने के लिए पंचायत स्तरीय योजना को लेकर ग्रामसभा हो या आमसभा तालाब का जीणोद्धार के लिए प्रस्ताव लिया जाता है परंतु प्रस्ताव का अबतक अमलीजामा नहीं पहनाया गया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच** **दिनांक :08.07.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल की विभिन्न परिसंपत्तियों के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसके लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-ऑक्शन कैटलॉग सं. **(क) एडीवीटी-एसडीएएच-07-07, (ख) एडीवीटी-एसडीएएच-07-08, (ग) एडीवीटी-एसडीएएच - 07-09, (घ) एडीवीटी-एसडीएएच-07-10** और **(ङ) एडीवीटी-एसडीएएच -07-11** प्रकाशित किए गए हैं। नीलामी कैटलॉग का विवरण निम्नानुसार हैः

**(क) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-07-07, नीलामी शुरू : दिनांक 14.07.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी**: एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएसडी-86-26-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)], **विवरण**: सियालदह स्टेशन (कॉनकोर्स एरिया) में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों (डिजिटल) और रेलवे संदेशों के दायरे के साथ मोबाइल चार्जिंग कियोस्क की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव, **अनुबंध की अवधि**: 05 वर्ष।

**(ख ) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-07-08, नीलामी शुरू : दिनांक 15.07.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी**: एडीवीटी-एसडीएएच-बीएलएन-ओएसडी-73-26-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)], **विवरण**: क्लस्टर XV स्टेशनों पर 43-इंच डिजिटल टीवी स्क्रीन की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के ज़रिए 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे से जुड़ी जानकारी के साथ वाणिज्यिक विज्ञापनों का डिजिटल डिस्प्ले (अधिकार क्षेत्र: पार्क सर्कस से कैनिंग, लेक गार्डन्स से कोमागाता मारू बजबज, सुभाषग्राम से डायमंड हार्बर (बारुईपुर जंक्शन को छोड़कर), शासन रोड से नामखाना), **अनुबंध की अवधि**: 05 वर्ष।

**(ग ) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-07-09, नीलामी शुरू : दिनांक 16.07.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं., अनुक्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी और विवरण,** निम्नानुसार हैं: **(1) एए/1,** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी072204-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर) और सियालदह मंडल के तहत चलने वाले प्रत्येक 12 कोचों के 05 थ्री फेज ईएमयू रेकों के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर एवं बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना, **(2) एबी/1** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी072206-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर) और सियालदह मंडल के तहत चलने वाले प्रत्येक 12 कोचों के 01 थ्री फेज ईएमयू रेकों के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर एवं बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना (फेज-3), **(3) एबी/2,** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी072205-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर) और सियालदह मंडल के तहत चलने वाले प्रत्येक 12 कोचों के 02 थ्री फेज ईएमयू रेकों के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर एवं बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना (फेज-2)। **अनुबंध की अवधि** : 03 वर्ष (प्रत्येक हेतु)।

**(घ ) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-07-10, नीलामी शुरू : दिनांक 20.07.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी**: एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-243463-1-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर) और **विवरण**: 13173-74/13175-76 (सियालदह-सबरूम/सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस) की 01 रेक (04 रेकों में से) के कोचों के बाहरी हिस्से (पूरी बॉडी) और अंदर निर्दिष्ट जगहों पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के ज़रिए विज्ञापन का प्रदर्शन, **अनुबंध की अवधि**: 03 वर्ष।

**(ङ ) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-07-11, नीलामी शुरू : दिनांक 21.07.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी**: एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच -ओएसएन-78-26-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन डिजिटल)], **विवरण**: प्रफुल्या द्वार, सियालदह रेलवे स्टेशन के पिलरों और कैंटिलिवर बीमों पर निर्दिष्ट स्थानों पर स्टैटिक (स्थिर) बैकलिट विज्ञापन बोर्ड के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापनों का प्रदर्शन, **अनुबंध की अवधि**: 03 वर्ष।

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे विस्तृत नियम और शर्तों के लिए **www.ireps.gov.in** का ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें।

SDAH-125/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# अलग-अलग घरों में लुटेरों ने मचाया आतंक

## महिला के चेहरे पर पाउडर छिड़ककर लाखों के गहने लूटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** जंदाहा थाना के मोहिउद्दीनपुर गराही गांव में घर में अकेली महिला के चेहरे पर पाउडर छिड़ककर बेहोश करने के बाद दो बाइक सवार बदमाश करीब 3.20 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवर लेकर फरार हो गए।

इस मामले में वरुण कुमार ने दो अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उन्होंने आरोप लगाया है कि बीते मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे उनकी पत्नी घर पर अकेली थीं। इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति उनके दरवाजे पर पहुंचे और दरवाजा खुलवाकर दो महिलाओं के वहां आने के संबंध में पूछताछ करने लगे। उनकी पत्नी ने बताया कि उनके घर कोई महिला नहीं आई है और उन्हें वापस जाने के लिए कहा। आरोप है कि जैसे ही उनकी पत्नी दरवाजा बंद करने लगीं, तभी एक बदमाश ने उनके चेहरे पर पाउडर छिड़क दिया, जिससे वह बेहोश हो गईं।

इसके बाद दोनों बदमाश उनके गले से सोने की चेन, कान से सोने की बाली और हाथ से सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गए। वरुण कुमार ने जेवरों की कीमत करीब तीन लाख 20 हजार रुपये बताई है।

पत्नी से घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। घर से कुछ दूरी पर स्थित एक चिमनी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति पश्चिम दिशा की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मां-बेटी को घर में बंधक बनाकर जेवरों की लूट-पाट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने एक महिला और उसकी बेटी को बंधक बनाकर घर में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया।

घटना मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव की है। जानकारी के अनुसार, रविशंकर कुमार की पत्नी नीतू देवी घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान तीन से चार युवक किसी बहाने से उनके पास पहुंचे और उन्हें घर के अंदर ले गए। घर में घुसते ही बदमाशों ने नीतू देवी की आंखों पर पट्टी बांध दी और अलमारी की चाबी मांगने लगे।

इसी बीच स्कूल से नीतू देवी की बेटी घर पहुंची। बदमाशों ने उसे भी बंधक बनाकर एक तरफ बैठा दिया और चुप रहने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने अलमारी खोलकर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर और नकदी लूट ली। जाते समय बदमाश घर का मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए, जिसे कुछ दूरी पर फेंककर फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद नीतू देवी ने किसी तरह बाहर निकलकर शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सिटी एसपी ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सिटी एसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ट्रक-कार की ठोकर में दो लोग जिंदा जले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** डोभी-पटना फोरलेन पर बुधवार रात करीब 1:40 बजे सीजुआ गांव के समीप एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि ट्रक से टक्कर के बाद स्विफ्ट कार ट्रक के नीचे घुस गई और देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डोभी की ओर से आ रही झारखंड नंबर की स्विफ्ट कार ने सामने से आ रहे खाद लोडेड ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के तुरंत बाद कार में आग लग गई। कार में सवार चालक किसी तरह बाहर निकल आया और मदद के लिए चिल्लाने लगा, लेकिन पीछे बैठे दो अन्य लोग कार से बाहर नहीं निकल सके। आग की तेज लपटों से दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत बोधगया थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, कार झारखंड नंबर की थी। बोधगया थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल है। घायल चालक का नाम ऋषभ है जो हाजीपुर का रहने वाला है।

उसे इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया भेजा गया, लेकिन स्वजन बेहतर उपचार के लिए उसे पटना ले जाने की बात कही है।

उन्होंने बताया कि चालक हाजीपुर का रहने वाला है, जबकि अन्य मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है तथा दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## सर्पदंश से मौत

**मुजफ्फरपुर।** जिले के जजुआर थाना क्षेत्र के चंगील गांव में जहरीले सांप के डंसने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान 41 वर्षीय रेखा देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, रेखा देवी अपनी फल की दुकान पर बैठी थीं। इसी दौरान एक जहरीला सांप दुकान के अंदर घुस आया और उन्हें डंस लिया। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल गांव के एक ओझा के पास ले गए। वहां महिला की हालत गंभीर होने पर ओझा ने निजी अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन उन्हें अस्पताल लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

# कृषि फीडर से सोलह घंटे बिजली आपूर्ति की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** सामान्य से कम वर्षा होने के कारण धान की रोपनी प्रभावित होने पर प्रखंड अंतर्गत खनेटू ग्राम पंचायत के किसानों ने कृषि फीडर से प्रतिदिन सोलह घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। इस संबंध में पंचायत निवासी रामानुज कुमार ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा विभाग एवं जिला पदाधिकारी को आवेदन के माध्यम से सूचित किया है कि इस वर्ष पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण पंचायत के अधिकांश खेतों में अब तक धान की रोपनी शुरू नहीं हो सकी है। किसान भूमिगत जल के सहारे सिंचाई कर खेती करने को विवश हैं, लेकिन कृषि फीडर से प्रतिदिन मात्र चार घंटे बिजली मिलने के कारण सिंचाई कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। जिससे धान की खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और किसानों के सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है।

रामानुज कुमार ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि किसानों के हित में खनेटू ग्राम पंचायत के कृषि फीडर से प्रतिदिन सोलह घंटे नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि धान की रोपनी समय पर पूरा हो सके। खनेटू के रमेश शर्मा, उमेश कुमार, विजय शर्मा, मुकेश कुमार और अमरेश कुमार ने कहा है कि हम लोगों ने स्थानीय बिजली अधिकारियों से इसकी मांग की थी, लेकिन हमारी मांग को अनसुना कर दिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा है कि बारिश कम होने की स्थिति में सभी क्षेत्रों के कृषि फिटर में सोलह घंटे की बिजली आपूर्ति बहाल किया जाए एवं किसानों का बिजली बिल माफ किया जाए।

# रोहिणी आचार्या ने पार्टी के फैसले पर जतायी नाराजगी

## जिला संगठन और विधायकों पर भी साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल में सारण के प्रवक्ता हरेलाल यादव के छह वर्षों के लिए निष्कासन के बाद पार्टी के भीतर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की पुत्री एवं सारण संसदीय क्षेत्र की पूर्व महागठबंधन प्रत्याशी रोहिणी आचार्या ने सोशल मीडिया पर अपनी ही पार्टी के इस फैसले पर खुलकर नाराजगी जताते हुए संगठन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

रोहिणी आचार्या ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि क्या अब पार्टी की भलाई के लिए सच बोलने, ईमानदारी से काम करने और संगठन को मजबूत करने वाले कार्यकताओं के लिए राजद में कोई जगह नहीं बची है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनुशासनहीनता के झूठे आरोप लगाकर सारण के प्रवक्ता हरेलाल यादव का निष्कासन किया गया है। उनके अनुसार, यह कार्रवाई उन लोगों के प्रभाव में की गई है, जो पार्टी को लगातार कमजोर कर रहे हैं और संगठन के साथ विश्वासघात कर रहे हैं।

रोहिणी आचार्या ने आगे लिखा कि सारण का जिला संगठन ऐसे लोगों के कब्जे में है, जो नाम मात्र के लिए पार्टी में हैं, लेकिन चुनाव के दौरान विरोधियों के इशारे पर काम करते हैं। उनका आरोप है कि जिले के विधायक और अधिकांश पदाधिकारी निष्क्रिय हैं, जबकि जनता और कार्यकर्ताओं के बीच सक्रिय रहने वाले नेताओं को ही निशाना बनाया जा रहा है।



अपने पोस्ट में रोहिणी आचार्या ने पार्टी के कुछ नेताओं का नाम लेते हुए कहा कि यदि सवाल उठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी है तो पहले उन लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए, जिन पर गंभीर आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह आज भी पार्टी में हैं और संगठन को गलत तत्वों के प्रभाव से मुक्त कराने के लिए आगे भी अपनी आवाज उठाती रहेंगी। उन्होंने यह भी लिखा कि वह लालू प्रसाद यादव की बेटी हैं और गलत के सामने कभी नहीं झुकेंगी। साथ ही दावा किया कि उनके साथ खड़े कार्यकर्ता किसी भी निष्कासन की कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं।

उधर, राजद की बिहार प्रदेश इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के हस्ताक्षर से जारी कार्यालय आदेश में सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के बरईठा गांव निवासी हरेलाल यादव को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि हरेलाल यादव ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पार्टी और उसके नेतृत्व के संबंध में अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसे दल-विरोधी गतिविधि, अनुशासनहीनता और पार्टी की मयार्दा के विरुद्ध गंभीर कृत्य माना गया है।

# बमों के धमाके से दहला क्षेत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** सदर थाना क्षेत्र के मदारपुर में बीते देर रात बदमाशों ने किराना दुकानदार के घर पर बमबाजी कर दहशत फैला दी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

स्थानीय उदय मिश्रा ने बताया कि देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच उनके दरवाजे पर 4 बम फेंके गए। उन्होंने कहा कि पहले लगा कि ट्रक का चक्का फटा है। सुबह देखा तो सुतली, शीशे, फूल के पौधे, कंकड़ और टीना इधर-उधर बिखरे पड़े थे। पुलिस ने मौके से 2 विस्फोटित बम के अवशेष और 2 जिंदा बम बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों जिंदा बमों को निष्क्रिय कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। एफएसएल टीम और बम स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया है। उदय मिश्रा ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र की हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी सदर थाने में तनहा दर्ज कराया जा चुका है। उन्होंने एसपी और डीएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा कि इलाके में अवैध सामान और नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री होती है। इसी वजह से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

सदर थाने की पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किए हैं और घरवालों से विस्तार से पूछताछ की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

सदर एसडीपीओ 1 सुबोध कुमार ने बताया कि मदारपुर निवासी उदय मिश्रा सूचना दिया गया कि कुछ सुतली बम उनके कैंपस में है, रात में कुछ आवाज सुनाई दिया था। घटनास्थल से दो सुतली बम बरामद किया गया। उनके द्वारा बताया गया की रात को कुछ आवाज हुआ था लगा कि पटाखे का है या हाईवे पर है तो कोई गाड़ी का चक्का आवाज किया है। अ

भी तक जो मामला आया है, इसमें पूर्व से भी विवाद है। घर में सीसीटीवी लगा है, सीसीटीवी हम लोग देखे हैं तो उसमें लग रहा है कि छेड़छाड़ किया गया है। इस पहलू पर भी हम लोग जांच कर रहे हैं।

# ग्रामीणों और प्रशासनिक टीम के बीच झड़प

- कई ग्रामीणों सहित सुरक्षाकर्मी भी घायल
- जमीन मुआवजे को लेकर घटी घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर चियांकी स्थित निमार्णाधीन फ्लाईओवर के पास जमीन मुआवजे का विवाद बुधवार को हिंसक हो गया। प्रशासनिक टीम और स्थानीय ग्रामीणों के बीच शुरू हुई तीखी नोकझोंक देखते ही देखते पथराव में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच हुई झड़प में कई ग्रामीणों के साथ ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और निर्माण कार्य प्रभावित हो गया।

हिंसक झड़प में झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि एक सहायक महिला पुलिसकर्मी के पैर में चोट लगी है। सभी घायलों को तत्काल मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों की टीम घायलों की निगरानी कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी अफजाल अंसारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

हालात को काबू में करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया। प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए पहले ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी थी। इसके बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन के दौरान स्थिति बेकाबू हो गई।

जानकारी के अनुसार, पूरे विवाद की जड़ फ्लाईओवर परियोजना के लिए अधिग्रहित जमीन का मुआवजा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रभावित परिवारों को उचित और पूरा मुआवजा नहीं दिया जाएगा, तब तक निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप भी लगाया।

प्रशासन का कहना है कि मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया कुछ तकनीकी और दस्तावेजी कारणों से लंबित है। अधिकारियों के अनुसार आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होते ही प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और कानून हाथ में नहीं लेने की अपील की है।

फिलहाल पूरे क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है।

## गोली मारकर युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मुरलीगंज थाना क्षेत्र के दीनापट्टी सखुआ गांव में बुधवार शाम बदमाशों ने युवक को दो गोलियां मार दीं। गंभीर रूप से घायल युवक की जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

मृतक की पहचान दीनापट्टी सखुआ वार्ड-10 निवासी फूलचंद पासवान के 30 वर्षीय पुत्र दिलखुश कुमार के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी लवली देवी ने बताया कि बुधवार शाम पांच-छह बदमाश उनके घर पहुंचे और दिलखुश के बारे में पूछताछ करने लगे। परिजनों ने बताया कि वे नहर की ओर गए हैं। इसके बाद सभी बदमाश उसी दिशा में चले गए।

## दुकान में लगी आग, लाखों की क्षति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के कादिरगंज थाना क्षेत्र के कादिरगंज बाजार स्थित देवी मंदिर के समीप अंजलि गारमेंटस नामक कपड़े की दुकान में शाट सर्किट सें आग लग गई। आग तेजी से पूरे दुकान में फैल गई, और पूरे दुकान को अपने कब्जे में ले लिया। रात के समय दुकान के अंदर से धुंआ निकलने लगा, तब आसपास के लोगों की नजर पड़ी। इसके बाद लोग जुट गए, और दुकान के संचालक सुरेश कुमार वर्मा को सूचना दी। साथ ही अग्निशमन विभाग को फोन से सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग नवादा की टीम दो बड़े वाहन व दो छोटे वाहन के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। करीब एक घंटे तक अग्निशमन विभाग की टीम के प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। तब तक दुकान का सारा समान जलकर राख हो गया। दुकान के संचालक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस घटना क्रम में 30 लाख रुपये का कपड़ा और 50 हजार रुपये नगद राशि जलकर राख हो गई है।

# भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में छह लोगों को मिला समन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना के बिलौटी गांव में 17 जून को घटित भरत तिवारी कथित एनकाउंटर प्रकरण मामले की न्यायिक जांच में कार्रवाई तेज हो गई है।न्यायिक जांच आयोग के अध्यक्ष विनोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर जगदीशपुर एसडीपीओ पंकज कुमार मिश्रा ने छह गवाहों को समन सौंपा है।

मृतक के परिवार से जुड़े चार गवाहों मां आशा देवी, पिता काशीनाथ तिवारी, भाभी सुमन देवी एवं भाई चंदन तिवारी को 11 जुलाई को, जबकि जवइनिया गांव के दो गवाहों को 13 जुलाई को न्यायिक जांच आयोग के अध्यक्ष सह सेवानिवृत्त न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा के कार्यालय, जिला शिक्षा कार्यालय परिसर स्थित डीपीआरसी भवन, आरा में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। डीपीआरसी भवन में न्यायिक जांच आयोग के अध्यक्ष का कार्यालय शुरू हो चुका है। एसडीपीओ पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि जिन छह लोगों को समन दिया गया है, उनमें चार बिलौटी गांव तथा दो जवइनिया गांव के निवासी हैं।

जवइनिया के दोनों गवाह वर्तमान में पुनर्वास टाउनशिप में रह रहे हैं। सभी गवाहों को आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है।गौरतलब है कि बुधवार को आयोग के अध्यक्ष एवं पटना हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति विनोद कुमार सिन्हा आरा पहुंचे थे। उन्होंने डीपीआरसी भवन स्थित कार्यालय का निरीक्षण किया था और जांच के दो प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी दी थी। उल्लेखनीय है कि 17 जून को बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

इस मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने पटना हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है। आयोग ने मामले से जुड़े सभी पक्षों की सुनवाई के लिए आरा स्थित डीपीआरसी भवन में अपना कार्यालय स्थापित किया है।

## अज्ञात शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के कच्ची-पक्की ओपी थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव पुरुषोत्तमपुर हाईस्कूल से करीब 500 मीटर पूर्व सड़क किनारे पड़ा मिला। मृतक की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष बताई जा रही है।

शव के चेहरे और गर्दन पर चोट के निशान मिले हैं। मृतक ने महिला के कपड़े पहन रखे थे, जिसके कारण स्थानीय लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं होने लगीं। कुछ लोगों ने मृतक के थर्ड जेंडर (किन्नर) होने की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

# गयाजी जंक्शन को रेलवे डिविजन बनाने की मांग




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** अति प्राचीन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला गयाजी शहर के गयाजी रेल्वे जंक्शन को रेल्वे डिविजन बनाने की मांग कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से किया है।

मांग करने वालों में बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, टिंकू गिरी, सुनील कुमार पासवान, शिव कुमार चौरसिया, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, विशाल कुमार, मुन्ना मांझी आदि ने कहा पूर्व- मध्य रेल्वे के महत्तवपूर्ण , बड़ा एवं रेल्वे डिवीजन बनने के सभी अहताओं को रखने वाला निमार्णाधीन वर्ल्ड क्लास रेल्वे स्टेशन गयाजी जंक्शन को डिविजन बनने से गयाजी आने-जाने वाले सम्पूर्ण विश्व के हिन्दू धर्मावलंबियों तथा बौद्ध धर्मावलंबियों जो लाखों, लाख की संख्या में प्रतिवर्ष गयाजी आते- जाते हैं उन्हें सुविधा के साथ-साथ आमजनों को भी काफी फायदा होगा।

नेताओं ने कहा कि गयाजी रेल्वे जंक्शन को डिविजन बनने से यहां डी आर एम कार्यालय खुलने से यात्रियों को सुविधा मिलेगी तथा यहाँ से लंबी दूरी की ट्रेन जैसे गयाजी से मुंबई, गयाजी से बंगलुरु, गयाजी से हैदराबाद आदि जगहों की ट्रेन यहां से खोलेगी।

नेताओं ने कहा कि गयाजी रेल्वे जंक्शन के इफरात भूमि पर मुख्य सड़कों पर स्थित जमीन पर मॉल, दुकान आदि खोलने तथा वर्षों से निमार्णाधीन रेल्वे सिनेमा के जमीन में बन रहे मल्टीप्लेक्स का निर्माण पूरा कराने, गयाजी शहर के मानपूर, इश्वर चौधरी हालट, बंधुआ, काष्ठा, चाकन्द रेल्वे स्टेशन का चहुंमुखी विकास की भी नितांत आवश्यकता है। नेताओं ने कहा कि गयाजी रेल्वे जंक्शन को रेल्वे डिवीजन सहित अन्य मांगों को पूरा कराने हेतु कॉंग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी।

## ट्रेनों में बढ़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** सावन शुरू होने में अभी करीब तीन सप्ताह का समय है, लेकिन रेल टिकटों की बुकिंग ने अभी से रफ्तार पकड़ ली है। इस वर्ष 30 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है। बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) में जलाभिषेक के लिए विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसका असर समस्तीपुर होकर चलने वाली ट्रेनों की आरक्षण स्थिति पर भी दिखने लगा है। खासकर कोलकाता और हावड़ा की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने से कन्फर्म सीटें तेजी से खत्म हो रही हैं। 30 जुलाई के लिए उपलब्ध आरक्षण स्थिति के अनुसार समस्तीपुर से जसीडीह जाने वाली प्रमुख ट्रेनों में गंगासागर एक्सप्रेस और मिथिला एक्सप्रेस के स्लीपर व एसी श्रेणियों में वेटिंग शुरू हो चुकी है। वहीं बाघ एक्सप्रेस में भी अधिकांश श्रेणियों में लंबी प्रतीक्षा सूची दर्ज है। दूसरी ओर टाटा एक्सप्रेस, जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस तथा कुछ अन्य ट्रेनों में अभी सीमित सीटें उपलब्ध हैं, हालांकि बुकिंग लगातार बढ़ रही है और आने वाले दिनों में इनके भी भरने की संभावना है।

# काछियावां प्रीमियर लीग में भोभी क्रिकेट युवा क्लब का खिताब पर कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड के कछियावां पंचायत स्थित कछियावां गांव में आयोजित कछियावां प्रीमियर लीग 2026 का फाइनल मुकाबला गुरुवार को रोमांचक अंदाज में संपन्न हुआ। फाइनल में भोभी क्रिकेट युवा क्लब ने कन्हाई बिगहा वॉरियर्स को दो विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले में कन्हाई बिगहा वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 48 रन बनाए। जवाब में भोभी क्रिकेट युवा क्लब ने 9.4 ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में पूरे समय रोमांच बना रहा।विजेता टीम को 5100 नगद, ट्रॉफी एवं मेडल, जबकि उपविजेता टीम को 2000 नगद, ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।व्यक्तिगत पुरस्कारों में कछियावां 'ए' के सुदामा कुमार को 11 विकेट लेने पर सर्वाधिक विकेट का पुरस्कार तथा राजेश कुमार को 71 रन बनाने पर सर्वाधिक रन का पुरस्कार दिया गया। दोनों खिलाड़ियों को 300 नगद, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किया गया।



समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिलसा नगर परिषद के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, कछियावां पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रजनीकांत कुमार उर्फ पप्पू तथा पंचायत की सरपंच खुशबू कुमारी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और खेल भावना को भी मजबूत करती हैं।आयोजन का संचालन युवा समाजसेवी अमन पटेल एवं कछियावां पंचायत के युवा साथियों ने किया। आयोजन की सफलता पर खिलाड़ियों, आयोजकों और ग्रामीणों ने खुशी जताई।

### उद्यमी योजनाओं की बाधाओं पर विधानसभा अध्यक्ष ने की समीक्षा

# उद्योग मंत्री से गया की औद्योगिक समस्याओं के समाधान का किया आग्रह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, उद्योग विभाग के वरीय अधिकारियों तथा मगध इंडस्ट्री एसोसिएशन, गया जिला उद्योग संघ, वस्त्र उद्योग बुनकर सेवा समिति और मगध बुनकर संघ के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति एवं समस्याओं की समीक्षा की। बैठक में औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समान समस्याओं को बिंदुवार रखा। इनमें बैंक ऋण स्वीकृति में देरी, बाजार एवं विपणन की कठिनाइयां, तकनीकी और प्रबंधन कौशल का अभाव, वित्तीय साक्षरता की कमी तथा उद्यमों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने की चुनौती प्रमुख रहीं। उद्योग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बैंक ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रत्येक जिले में ऋण शिविर लगाए जाएंगे। विपणन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बिहार राज्य मार्केटिंग अथॉरिटी का गठन किया जा रहा है, जबकि वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए भारत सरकार की रैम्प योजना के तहत एमएसएमई केंद्र स्थापित किए जाएंगे। बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने उद्योग मंत्री से गया जिले के जीआई टैग प्राप्त पथरकट्टी कारीगरों की समस्याओं के समाधान, शादीपुर स्थित बियाडा की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, धनामा गांव के लगभग 50 उद्योगों के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, बियाडा बोधगया की भूमि का विस्तार करने, मानपुर औद्योगिक क्षेत्र का विकास करने तथा गया के प्रसिद्ध तिलकुट को जीआई टैग दिलाने की दिशा में पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने गया-डोभी औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इस कॉरिडोर में स्थानीय उद्यमियों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने बैठक में हुए विचार-विमर्श और डॉ. प्रेम कुमार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया। बैठक में अमन समीर, निदेशक एमएसएमई, मुकुल कुमार गुप्ता, निदेशक उद्योग, विद्यानन्द सिंह, निदेशक हथकरघा एवं रेशम उत्पादन, विजय कुमार उपाध्याय, निदेशक (प्रशासन), मगध इंडस्ट्री एसोसिएशन के अनुप केडिया, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह और प्रदीप कुमार, गया जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष रौनक सिंह सेठ, शुभम श्रीवास्तव, वस्त्र उद्योग बुनकर सेवा समिति के अध्यक्ष प्रेमनारायण पटवा, मगध बुनकर संघ के अध्यक्ष दुखन पटवा तथा बिहार विधानसभा की प्रभारी सचिव एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उपराष्ट्रपति करेंगे प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन : डॉ प्रेम कुमार

### विधानसभा अध्यक्ष ने की सभी विधायकों से प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 11 और 12 जुलाई 2026 को गया स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में आयोजित होने वाले दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के सभी सदस्यों से भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बिहार विधानसभा सचिवालय, प्रबोधन एवं अनुसंधान पहल फॉर डेमोक्रेटिक एक्सीलेंस (प्राइड-लोकसभा) तथा बिपार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त), मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार के उपमुख्यमंत्री, मंत्रिगण तथा अन्य विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। दो दिवसीय आयोजन के विभिन्न सत्रों में सदस्यों को विधायी कार्य के विविध पहलुओं, संसदीय परंपराओं, विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय शिष्टाचार तथा जनहित से जुड़े विषयों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य विशेष रूप से नवनिर्वाचित सदस्यों को संसदीय कार्यप्रणाली से परिचित कराना तथा उनकी विधायी क्षमता को और सशक्त बनाना है। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास जताया कि यह प्रबोधन कार्यक्रम सदन की कार्यवाही को अधिक प्रभावी, सार्थक और गरिमामय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और इस कार्यक्रम से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव सदन में उनकी प्रभावी भागीदारी के साथ-साथ जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर जनसेवा करने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने सभी विधायकों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसका अधिकतम लाभ उठाने और बिहार विधानसभा की गौरवशाली संसदीय परंपरा को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

# सरकारी कर्मचारियों को मुफ्त आवास-भोजन मिलने पर नहीं मिलेगा दैनिक भत्ता

### बिहार में सरकारी कर्मचारियों के यात्रा भत्ते पर नया स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के वित्त विभाग ने सरकारी कर्मचारियों के यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता संबंधी प्रावधानों को लेकर महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। वित्त विभाग की सचिव (व्यय) रचना पाटिल ने इस संबंध में महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), पटना को पत्र भेजकर संशोधित नियमों की व्याख्या की है। पत्र में कहा गया है कि राज्य वेतन आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर वित्त विभाग के संकल्प संख्या-8044, 11 अक्टूबर 2017 के तहत सरकारी कार्य से यात्रा करने वाले कर्मचारियों के लिए यात्रा व्यय, होटल दर और दैनिक भत्ता निर्धारित किया गया था। बाद में सप्तम केंद्रीय वेतन आयोग की अनुशंसाओं तथा भारत सरकार के 13 जुलाई 2017 और 1 फरवरी 2018 के आदेशों के अनुरूप यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता की दरों में संशोधन किया गया। इसी क्रम में वित्त विभाग के संकल्प संख्या-9747, 9 सितंबर 2025 के माध्यम से वर्ष 2017 के संकल्प में संशोधन करते हुए दैनिक भत्ता, होटल दर, भोजन शुल्क, वायुयान से अंतरराष्ट्रीय यात्रा तथा निजी सामान के परिवहन की नई दरें निर्धारित की गईं। इसके बाद वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या-6098, 2 जुलाई 2026 द्वारा निःशुल्क आवास और भोजन उपलब्ध होने की स्थिति में 25 प्रतिशत दैनिक भत्ता देने की पूर्व व्यवस्था भी समाप्त कर दी गई। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कार्य से मुख्यालय से बाहर रहने की स्थिति में कर्मचारियों को पात्रता के अनुसार आवास, भोजन और यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति मिलेगी। आवास व्यय की प्रतिपूर्ति केवल वास्तविक व्यय का दावा प्रस्तुत करने पर होगी और यह निर्धारित होटल दर अथवा वास्तविक खर्च, जो भी कम होगा, उसी के अनुसार देय होगी। संशोधित व्यवस्था के तहत छह से 12 घंटे तक मुख्यालय से बाहर रहने पर आधी दर से तथा 12 घंटे से अधिक बाहर रहने पर पूरी दर से भोजन शुल्क मिलेगा। भोजन शुल्क के भुगतान के लिए किसी प्रकार के बिल या दावा-पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। वित्त विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी को सरकारी यात्रा के दौरान निःशुल्क आवास और भोजन दोनों की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है तो उसे किसी प्रकार का दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। विभाग ने इस स्पष्टीकरण के साथ संशोधित नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया है।

# मोटोरोला ने लान्च किया मोटो जी 77 पावर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मोटोरोला ने नए मोटो जी 77 पावर के लॉन्च की घोषणा की। मोटो जी 77 पावर का अग्रणी प्रो-ग्रेड 50 एमपी सोनी लिटिया 600 कैमरा सिस्टम है और मुख्य कैमरे के साथ ही इसमें एक 8 एमपी का अल्ट्रा-वाइड लेंस दिया गया है। मोटो जी 77 में 6.72 इंच का इमर्सिव फुल एचडी प्लस डिस्प्ले दिया गया है, जो 120 हर्ट्ज के स्मूथ रिफ्रेश रेट के साथ आता है। इसमें 7000 एमएएच की विशाल बैटरी दी गई है। इसमें वॉल्यूम बूस्ट और डॉल्बी एटमॉस के साथ शक्तिशाली डुअल स्टीरियो स्पीकर्स दिए गए हैं। मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी एम नरसिम्हन ने कहा कि उपभोक्ता स्मार्टफोन कैमरों को अधिक महत्व दे रहे हैं क्योंकि वे अपने रोजमर्रा के पलों को कैप्चर करने, क्रिएट करने और शेयर करने के लिए तेजी से इन पर निर्भर हो रहे हैं।

# बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा की जीत तय : अनूप सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद/पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अभिषेक सिन्हा उर्फ बंटी की जीत सुनिश्चित है। यह दावा छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप सिन्हा ने करते हुए कहा कि बांकीपुर भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की परंपरागत सीट पर जनता एक बार फिर भाजपा के पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त करेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि नितिन नवीन ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास, जनता के बीच निरंतर सक्रियता और संगठन को मजबूत करने का जो कार्य किया, उसके कारण भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। उसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा ने अभिषेक सिन्हा उर्फ बंटी को उम्मीदवार बनाया है जिन्हें जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। अनूप सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में नितिन नवीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता का लाभ पार्टी को लंबे समय तक मिला। बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करने के लिए छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पटना आएंगे और चुनाव अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बांकीपुर की जनता विकास, सुशासन और भाजपा की नीतियों पर भरोसा जताते हुए अभिषेक सिन्हा उर्फ बंटी को भारी मतों से विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि केवल कायस्थ समाज ही नहीं, बल्कि सभी वर्गों और सभी जातियों के मतदाताओं का शत-प्रतिशत समर्थन भाजपा को मिलेगा। क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में सकारात्मक माहौल है। अनूप सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा बिहार में एनडीए सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का लाभ भी पार्टी को मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी और यह जीत जनता के विश्वास तथा विकास की राजनीति पर मुहर होगी।

# 16 जिलों के 34 पर्यटन स्थलों पर 'मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना-2026' लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए बेहतर आवास सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना-2026 लागू कर दी है। मंत्रिपरिषद ने 17 जून 2026 की बैठक में इस योजना को मंजूरी दी थी। इसके साथ ही 6 अगस्त 2024 की मुख्यमंत्री होमस्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रोत्साहन योजना को समाप्त कर दिया गया है। हालांकि, पहले से निबंधित होमस्टे इकाइयों को पुरानी योजना के प्रावधानों के तहत लाभ मिलता रहेगा। पर्यटन विभाग के अनुसार राज्य में देशी और विदेशी पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह योजना तैयार की गई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण और पर्यटन स्थलों के आसपास गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराना, स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक बिहारी व्यंजन, हस्तशिल्प, जनजातीय जीवनशैली, पर्यावरण पर्यटन और समुदाय आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना है। योजना के माध्यम से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आजीविका के नए अवसर भी सृजित किए जाएंगे। योजना के तहत अगले पांच वित्तीय वर्षों में एक हजार कमरों को होमस्टे के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। राशि का वहन पर्यटन विभाग अपने बजटीय प्रावधान के तहत करेगा। नई व्यवस्था के अनुसार योजना केवल राज्य के चिन्हित 16 जिलों के 34 पर्यटन स्थलों पर लागू होगी। पर्यटन विभाग को समय-समय पर इस सूची में संशोधन या विस्तार करने का अधिकार होगा। यह योजना होटल, रिसॉर्ट, मोटल, गेस्ट हाउस तथा बोर्डिंग-लॉजिंग गृहों पर लागू नहीं होगी। योजना की पात्रता के अनुसार किसी भी होमस्टे इकाई में अधिकतम आठ कमरे ही हो सकते हैं। आठ से अधिक कमरे होने पर उसे होमस्टे की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। मकान मालिक का होमस्टे परिसर में निवास करना अनिवार्य नहीं होगा। एक ही व्यक्ति अलग-अलग पते पर स्थित सभी पात्र होमस्टे इकाइयों के लिए योजना का लाभ प्राप्त कर सकेगा। साथ ही होमस्टे के लिए प्रस्तावित भूमि किसी भी कानूनी विवाद में शामिल नहीं होनी चाहिए। यह योजना वर्तमान में संचालित तथा नव-निर्मित दोनों प्रकार की होमस्टे इकाइयों पर लागू होगी। पर्यटन विभाग को योजना की नियमावली और शर्तों में समय-समय पर संशोधन, समीक्षा तथा नए दिशा-निर्देश जारी करने का अधिकार भी दिया गया है।

# ट्रांसफर के बाद ज्वॉइनिंग में देरी अब पड़ेगी भारी, मंत्री का सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि राज्य में राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए स्थानांतरित एवं पदस्थापित अधिकारियों का समय पर योगदान सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभागीय आदेशों का पालन हर अधिकारी की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मंत्री ने कहा कि जिन अधिकारियों का स्थानांतरण एवं पदस्थापन किया जा चुका है, उन्हें बिना किसी विलंब के अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देना चाहिए, ताकि आम जनता को राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके और प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हों। उन्होंने बताया कि विभाग के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ अधिकारियों ने अब तक नए पद पर योगदान नहीं दिया है। ऐसे मामलों में विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि संबंधित अधिकारियों को तत्काल विरमित किया जाए। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो 9 जुलाई 2026 (पूर्वाहन) से वे खुद-ब-खुद विरमित माने जाएंगे तथा जुलाई 2026 का वेतन भी नए पदस्थापन स्थल से ही देय होगा। मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि राजस्व प्रशासन पूरी क्षमता और जवाबदेही के साथ कार्य करे। इसलिए विभागीय आदेशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे तत्काल अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देकर जनता के हित में कार्य करें।

# 14 जुलाई से खुलेगा एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट का आइपीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड का पहला इनिशियल पब्लिक ऑफर मंगलवार, 14 जुलाई 2026 को खुलेगा और गुरुवार, 16 जुलाई 2026 को बंद होगा। कंपनी ने प्रति शेयर 545 रुपये से 574 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। निवेशक न्यूनतम 26 शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे जबकि एंकर इन्वेस्टर्स के लिए बोली लगाने की शुरुआत और समाप्ति सोमवार, 13 जुलाई 2026 को होगी। यह आईपीओ पूरी तरह ऑफर फॉर सेल है जिसके तहत 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 20,37,09,239 इक्विटी शेयर बेचे जाएंगे। साल 1992 में स्थापित एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट मार्च तिमाही के औसत म्यूचुअल फंड एसेट्स अंडर मैनेजमेंट के आधार पर देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) है। 31 मार्च, 2026 तक कंपनी का म्यूचुअल फंड क्यूएएयुएम 12,509.98 बिलियन रुपये तथा बाजार हिस्सेदारी 15.3 प्रतिशत थी। कंपनी मार्च 2021 से लगातार इस श्रेणी में पहले स्थान पर बनी हुई है। कंपनी के प्रमोटर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अमुंडी इंडिया होल्डिंग और अमुंडी एसेट मैनेजमेंट हैं। यह ऑफर बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के तहत लाया जा रहा है जिसमें विभिन्न निवेशक श्रेणियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स मेसर्स अल-खैर को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के अंतर्गत बीमित व्यक्ति स्व. लाल मोहन कुमार जो फुलवारीशरीफ, पटना में रिकार्ड कीपर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी सुमित्रा देवी, सुपुत्री - स्नेहा कुमारी, सुपुत्री- पिंकी कुमारी, सुपुत्र-सोनू कुमार एवं सुपुत्र-समीर कुमार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. लाल मोहन कुमार की मृत्यु 01-03-2025 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 578 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.17340/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 2,60,100-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# पुल, आरओबी और बाईपास परियोजनाओं की हुई समीक्षा, गुणवत्ता पर सख्त हुए मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सड़क निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड की ओर से चलाई जा रही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मौजूद अधिकारियों को मंत्री श्री कुमार ने स्पष्ट कहा कि सभी परियोजनाओं का काम निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जाय। निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर किया जाने वाला समझौता बरदाश्त से बाहर होगा। बीआरपीएनएल मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, निगम के अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक आदि अधिकारियों की प्रमुख उपस्थिति रही। अधिकारियों ने राज्य में उच्च स्तरीय पुलों, रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी), बाईपास आदि के निर्माण की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। इसमें मुख्य रूप से ग्रीनफील्ड हाईवे, मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा और दूसरे जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति, निर्माण और उसकी गुणवत्ता, जमीन अधिग्रहण, वन विभाग की एनओसी, यूटिलिटी शिफ्टिंग, रेलवे से तालमेल, डिजाइन की मंजूरी आदि विषयों से मंत्री को अवगत कराया।

# सिद्धांतहीन अवसरवाद लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**वैशाली/पटना।** समाजसेवी, शिक्षाविद् एवं कैरियर मिशन कंप्यूटर अकादमी के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा है कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास किसी भी जनप्रतिनिधि और सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी होती है जो लोग समय, परिस्थिति और स्वार्थ के अनुसार अपने विचार, सिद्धांत और निष्ठा बदलते रहते हैं वे अंततः जनता का विश्वास खो देते हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति में डॉ. झा ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो हर परिस्थिति में अपने सिद्धांतों और मूल्यों पर अडिग रहे। उन्होंने कहा कि अवसरवाद, दोहरी नीति और बार-बार बदलते राजनीतिक चरित्र से लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरा आघात पहुंचता है। आज की जागरूक जनता केवल भाषणों से प्रभावित नहीं होती, बल्कि व्यक्ति के चरित्र, कार्यशैली और जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के आधार पर अपना निर्णय करती है। उन्होंने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि व्यक्ति का चरित्र परिस्थितियों के अनुसार नहीं बदलना चाहिए। इसी संदेश को उन्होंने अपनी कविता 'मौसम नहीं, मौकापरस्त हो तुम' के माध्यम से अभिव्यक्त किया। कविता में उन्होंने स्वार्थ, अवसरवाद, सिद्धांतहीन राजनीति और बदलते राजनीतिक चरित्र पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि समय और इतिहास दोनों ही व्यक्ति के वास्तविक चरित्र का मूल्यांकन करते हैं तथा अंततः सम्मान उसी को मिलता है जो अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करता। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सिद्धांतनिष्ठ और जनसेवा के प्रति समर्पित नेतृत्व आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनता ही लोकतंत्र की सर्वोच्च निर्णायक है और समय हर व्यक्ति की निष्ठा, ईमानदारी तथा चरित्र की परीक्षा अवश्य लेता है। इतिहास भी उन्हीं लोगों को सम्मान देता है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर अडिग रहते हैं। उन्होंने नागरिकों से भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने तथा चरित्रवान और सिद्धांतनिष्ठ नेतृत्व का समर्थन करने का आहवान किया।

# वीबी-जी राम जी योजना से पूरा हो सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण : प्रधान सचिव

### स्वच्छता कार्यों की समीक्षा में प्रधान सचिव ने जारी किए कई दिशा-निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण विकास के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने गुरुवार को स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण)/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (एलएसबीए) के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की प्रथम तिमाही समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों के जिन इलाकों में सामुदायिक शौचालय निर्माण का काम अधूरा है वहां विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) योजना से कार्य पूरा कराया जाय ताकि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके और ग्रामीणों को आवश्यक स्वच्छता सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सके। विभागीय सभागार में आयोजित इस बैठक में एलएसबीए के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक स्वच्छता परिसर (सीएससी), ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ओडीएफ प्लस, गोबर-धन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, मल कीचड़ उपचार संयंत्र फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी), व्यय प्रगति और निगरानी तंत्र सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में महादलित टोलों एवं साप्ताहिक हाटों में भी सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। प्रधान सचिव श्री कुमार ने प्रदूषण की रोकथाम के लिये ग्रे वाटर (अपशिष्ट जल) का शोधन और उसके उत्पन्न होने के श्रोत को जड़ से समाप्त करने के निर्देश दिए।

# पीएमसीएच में इस महीने शुरू होगी दो सीटी स्कैन व एक एमआरआई मशीन

### बिहार के सरकारी अस्पतालों में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार : निशांत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मरीजों को अत्याधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी महीने पीएमसीएच के नए रेडियोलॉजी भवन में दो अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन और एक रिसर्च आधारित एमआरआई मशीन स्थापित की जाएगी। इन मशीनों के शुरू होने से मरीजों को कम समय में उच्च गुणवत्ता की जांच सुविधा मिलेगी, वहीं चिकित्सकों को शोध एवं जटिल बीमारियों के बेहतर अध्ययन में भी सहायता मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों में आधुनिक और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। पीएमसीएच में अत्याधुनिक सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनों की स्थापना बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगी। इससे मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा और कम लागत पर बेहतर जांच सुविधा अपने ही राज्य में उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि मरीजों को इलाज और जांच के लिए दूसरे राज्यों का रुख न करना पड़े तथा सभी आधुनिक सुविधाएं बिहार में ही उपलब्ध हों। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस महीने के अंत तक नए रेडियोलॉजी भवन में दो सीटी स्कैन और एक एमआरआई मशीन का इंस्टॉलेशन पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद इन मशीनों से मरीजों की जांच शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बिहार में पहली बार ऐसी आधुनिक मशीनें लगाई जा रही हैं, जिनका उपयोग केवल मरीजों की जांच के लिए ही नहीं, बल्कि विभिन्न बीमारियों पर शोध (रिसर्च) के लिए भी किया जाएगा।

# दिव्यांगों, बुजुर्गों की सुविधा के लिए बिहार में अब लो फ्लोर बसें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में दिव्यांगजनों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को बस यात्रा के दौरान बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने बिहार राज्य पथ परिवहन निगम को निर्देश दिया है। मंत्री ने निगम को पत्र लिखकर कहा है कि राज्य में खरीदी जाने वाली सभी बसों को लो फ्लोर मॉडल में ही क्रय किया जाए, ताकि आम यात्रियों खासकर कमजोर वर्गों को चढ़ने-उतरने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि बिहार में सार्वजनिक परिवहन को अधिक समावेशी बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, ताकि सड़कों पर चलने वाली बसें हर वर्ग के यात्रियों के अनुकूल हों। यह बसें दिव्यांग भाई-बहनों, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित होंगी। इन बसों में सीढ़ियां नहीं होतीं जिससे यात्रा न सिर्फ आसान बल्कि सुरक्षित भी हो जाती है। विभाग की कोशिश है कि आगामी 400 पीएम ई-बसें भी पूरी तरह लो फ्लोर हो। उन्होंने आगे कहा कि लो फ्लोर बसों में सीढ़ियों की जगह हाइड्रॉलिक रैंप लगा होता है जो आसानी से खुलता और बंद होता है। दिव्यांग यात्री व्हीलचेयर के साथ भी इन बसों में सीधे प्रवेश कर सकते हैं। साथ ही इनकी ऊंचाई भी सड़कों से कम होती है। इस तरह की बसें सड़क से मात्र 320 से 400 मिलीमीटर ऊंची होती है जिससे चढ़ना-उतरना बहुत आसान हो जाता है।

# संपादकीय

## फीफा का यू-टर्न और ट्रंप कनेक्शन ! खेल से ज्यादा सियासत की चर्चा

फुटबॉल विश्व कप में अमेरिका के स्ट्राइकर फोलारिन बालोगन के निलंबन पर फीफा के फैसले ने विवाद खड़ा कर दिया है। रेड कार्ड के बाद सजा में बदलाव और ट्रंप कनेक्शन के आरोपों ने संस्था की निष्पक्षता व पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। आलोचकों का कहना है कि खेल को राजनीतिक प्रभाव से दूर रखना स्न्नद्ध की बड़ी जिम्मेदारी है। इस फुटबॉल विश्व कप में बहुत कुछ ऐसा है, जो पहली बार देखने को मिल रहा है। इसके बाद भी इवेंट की शुरुआत में चर्चा खेलों से ज्यादा अमेरिका-ईरान टकराव की रही। अब अमेरिका के स्ट्राइकर फोलारिन बालोगन से जुड़े विवाद ने खेलों में राजनीतिक दखल को लेकर चिंता और बढ़ा दी है। बालोगन को नॉकआउट मुकाबले में रेड कार्ड मिलने के बाद एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया था। शुरुआत में खुद फीफा और अमेरिकी फुटबॉल संघ ने कहा था कि सीधे रेड कार्ड मिलने के कारण इस मामले में अपील नहीं की जा सकती। लेकिन, अचानक आर्टिकल 27 का इस्तेमाल करते हुए फीफा ने बालोगन के निलंबन पर रोक लगा दी। यह आर्टिकल संस्था की न्यायिक समिति को विशेष अधिकार देता है। लेकिन, विवाद शुरू इस दावे से हुआ कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की वजह से फीफा को फैसला बदलना पड़ा है। ट्रंप ने बाद में फीफा को शुक्रिया भी कहा। यह पूरा घटनाक्रम जिस तरह सामने आया, उसने सहज ही फुटबॉल प्रेमियों के मन में संदेह पैदा कर दिया। अनुशासनात्मक मामलों में फीफा का रुख हमेशा कठोर माना जाता है, पर इस बार किन वजहों से उसने यूटर्न लिया, यह सवाल पूछा जा रहा है। विशेष अधिकार का इस्तेमाल असाधारण परिस्थितियों में किया जाता है। अगर इस मामले में वाकई ऐसा था, तो फीफा को स्पष्ट करना चाहिए। वरना आगे भी इस आर्टिकल के मनमाने इस्तेमाल की आशंका बनी रहेगी। यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था श्वद्ग और दूसरों से आ रही प्रतिक्रिया से साफ है कि इस मामले ने सभी को हैरान कर दिया है। फीफा के अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो पर वैसे भी ट्रंप से करीबी के आरोप हैं। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति को फीफा का पहला पीस प्राइज दे दिया था। फीफा पर दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल को संभालने की जिम्मेदारी है। उनसे उम्मीद की जाती है कि वे सारे प्रभावों से हटकर खेल के हित में फैसले लेंगे। इस विश्व कप का विवादों से दूर रहना इसलिए भी जरूरी था, क्योंकि कतर में हुआ पिछला इवेंट भी गलत वजहों से सुर्खियों में आया था। लेकिन, अभी तक तो फीफा जियो-पॉलिटिक्स को फुटबॉल ग्राउंड से दूर रखने में नाकाम रहा है।

**आर्थिक रूप से सक्षम और मानसिक रूप से खुद को मजबूत दिखाती, घर के अंधेरे में उत्पीड़ित और अपमानित होती स्त्रियां सभी जगह हैं। परिवार बनाने और बचाने से लेकर उसकी शांति और सुव्यवस्था के नाम पर अपनी योग्यता तथा डिग्रियों को दफ्न करती, अपनी पसंद-नापसंद को दरकिनार करती स्त्रियां किसी न किसी रूप में प्रत्येक घर में हैं। पिता की खराब आर्थिक स्थिति और भाई की शिक्षा के लिए पढ़ाई से वंचित की जाती बेटियां भी आम हैं। उच्च शिक्षित लड़कियों की शादी होते ही परंपरागत बहू, पत्नी, सेविका बन जाने की कामना अधिसंख्य भारतीय घरों में इतनी बड़ी है कि ऐसा न कर पाने वाली महिलाओं को लांछित और प्रताड़ित तो किया ही जाता है, कई बार हत्या तक कर दी जाती है। हाल में घटी कई निर्मम घटनाएं भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा की भयावह तस्वीर पेश करती हैं।**

# नौकरी भी, घर भी और समझौता भी, परतों में पलती स्त्री के विरुद्ध हिंसा

**( संगीता सहाय )**

स्त्री के विरुद्ध हिंसा के तमाम मामले किसी खास वर्ग में सीमित न होकर शिक्षित-अशिक्षित, संपन्न-गरीब हर तबके में समान रूप से होते हैं। दफ्तर से लौटने के बाद घर के काम करती एक कामकाजी महिला, जो महिलाओं पर दोहरी जिम्मेदारियों और लैंगिक असमानता को दर्शाती फीचर इमेज। कामकाजी महिलाओं से आज भी घर और दफ्तर दोनों की जिम्मेदारियां समान रूप से निभाने की अपेक्षा की जाती है।



अक्सर बड़े पदों पर आसीन, निजी व्यवसाय या अन्य कामों में व्यस्त महिलाओं से भी यह आशा की जाती है कि वे अपनी नौकरी के काम के साथ-साथ घर के कामों को भी शिद्दत के साथ निपटाएं। चाहे इसके लिए उन्हें अपने विकास से समझौता ही क्यों न करना पड़े। हमारे आसपास घर के कामों में पिसती, चूल्हा-चौकी के लिए 'दिन-रात एक करती' और ऐसा नहीं कर पाने पर तानों की बौछार झेलती, अपमानित होती और पिटती महिलाएं देखी जा सकती हैं। आश्चर्य यह है कि ज्यादातर महिलाएं इन चीजों को सहज भाव से लेती हैं। उनके अनुसार दोहरी, तिहरी जिम्मेदारियों को एक साथ निभाने में ही स्त्री होने की सफलता है। सामाजिक मानक ऐसी स्त्रियों को ही अपने खांचे के अनुकूल मानता है।

आर्थिक रूप से सक्षम और मानसिक रूप से खुद को मजबूत दिखाती, घर के अंधेरे में उत्पीड़ित और अपमानित होती स्त्रियां सभी जगह हैं। परिवार बनाने और बचाने से लेकर उसकी शांति और सुव्यवस्था के नाम पर अपनी योग्यता तथा डिग्रियों को दफ्न करती, अपनी पसंद-नापसंद को दरकिनार करती स्त्रियां किसी न किसी रूप में प्रत्येक घर में हैं। पिता की खराब आर्थिक स्थिति और भाई की शिक्षा के लिए पढ़ाई से वंचित की जाती बेटियां भी आम हैं। उच्च शिक्षित लड़कियों की शादी होते ही परंपरागत बहू, पत्नी, सेविका बन जाने की कामना अधिसंख्य भारतीय घरों में इतनी बड़ी है कि ऐसा न कर पाने वाली महिलाओं को लांछित और प्रताड़ित तो किया ही जाता है, कई बार हत्या तक कर दी जाती है। हाल में घटी कई निर्मम घटनाएं भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा की भयावह तस्वीर पेश करती हैं।

दरअसल, स्त्री कोई भी हो, पढ़ी-लिखी, सुयोग्य, ओहदेदार, डॉक्टर, इंजीनियर, मॉडल, कलाकार, सामान्य घरेलू या कोई अन्य, सभी से कमोबेश यही आशा की जाती है और उसका मूल्यांकन इसी रूप में किया जाता है कि वह वंशवृद्धि कर पाई या नहीं, पति और ससुराल वालों को कितना खुश कर पाई, घर की सजावट, दूसरों की खुशी के लिए किस हद तक समझौता करती है, साफ-सफाई, खाना बनाने आदि में कितनी माहिर है और सबसे बढ़कर यह कि कैसे वह एक आदर्श परंपरागत बहू बनकर खुद को, अपने काम और पसंद को दोयम बना देती है। समाज कहता है कि स्त्री होने के नाते उसकी पहली और अंतिम प्राथमिकता यही है। वास्तव में समाज तथा परिवार के वर्तमान स्वरूप में बने रहने का बीज स्त्री के इसी दोहन में छिपा है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, 18-49 आयु वर्ग की लगभग 32 फीसद विवाहित महिलाओं ने अपने जीवनकाल में कभी न कभी पति या ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा शारीरिक, यौन तथा भावनात्मक हिंसा को झेला है। 15-49 साल की महिलाओं में 31.9 फीसद ने मात्र 15 वर्ष की उम्र में शारीरिक हिंसा झेली है। ग्रामीण क्षेत्र में हर चौथी तथा शहरी क्षेत्रों में हर छठी महिला घरेलू हिंसा का शिकार होती है। स्वयं को अतिशय संस्कृतिनिष्ठ कहने वाले हमारे देश को दुनिया भर में अंतरंग साथी द्वारा की जाने वाली शारीरिक और यौन हिंसा के उच्च प्रसार वाले देशों में गिना जाता है।

गौरतलब है कि एनसीआरबी के आंकड़े सिर्फ दर्ज हुए मामले बताते हैं। एनएफएचएस बताता है कि घरेलू हिंसा के मामले में 86 फीसद महिलाओं ने कभी मदद मांगी ही नहीं। यानी असली हिंसा के मामले इन आंकड़ों से कई गुना ज्यादा हैं। ज्यादातर महिलाएं सामाजिक बदनामी, लोकलाज, भय, असुरक्षा के भाव, आर्थिक परनिर्भरता आदि के कारण पुलिस तक पहुंच ही नहीं पाती हैं।

स्त्री के विरुद्ध हिंसा के तमाम मामले किसी खास वर्ग में सीमित न होकर शिक्षित-अशिक्षित, संपन्न-गरीब हर तबके में समान रूप से होते हैं। आश्चर्यजनक यह भी है कि स्त्री आर्थिक रूप से सक्षम हो या घरेलू, पढ़ी-लिखी हो या अनपढ़, कमोबेश सभी स्तर पर घरेलू हिंसा का शिकार बनती है और कई कारणों से इसे जीवन का हिस्सा मानकर चुप्पी ओढ़े रहती है। चूंकि अधिकांश स्त्रियां अपनी मां, दादी, चाची, बुआ आदि को इसी रूप में देखती बड़ी होती हैं, इसीलिए उनके लिए यह सब साधारण बात होती है।

आर्थिक रूप से पराश्रित स्त्रियों को अक्सर यह भी सुनने को मिल जाता है कि खाना, कपड़ा, गहना, दुलार, सुरक्षा सब तो मिल ही रहा है, पति है, गुस्से में कभी-कभार पीट ही दिया तो क्या हो गया ! घरेलू हिंसा के प्रति यह सामाजिक स्वीकार्यता ही इस अपराध को और बढ़ा रही है।

सवाल यह है कि क्या स्त्रियों के साथ होने वाली हिंसा बदस्तूर यों ही जारी रहेगी। तमाम कानूनों, नियमों और पहल के बावजूद इसमें कमी क्यों नहीं हो रही है? स्त्री की शिक्षा, उसका सशक्तीकरण आदि क्या इसे रोक पा रहे हैं? इस समस्या का निदान क्या है?

सच यह है कि कई सकारात्मक सामाजिक और व्यवस्थागत कोशिशों के बावजूद भारत के लगभग हर हिस्से में स्त्रियों के विरुद्ध होने वाली घरेलू हिंसा के मामले और बढ़े हैं। कानून और व्यवस्थाएं एक हद तक अपना काम कर रही हैं, लेकिन जरूरत उस सोच को जानने और समझने की है, जो घरेलू हिंसा का कारण है। हमारी व्यवस्था में स्त्री को बेचारगी से उबारने के लिए पता नहीं कितने नियम और कानून बने हैं। सामाजिक संस्थाएं लगातार स्त्रियों के उत्थान के लिए काम करने का दावा करती रही हैं। पर दुखद है कि अभी तक हम उस नासूर से ही अनजान हैं, जहां से यह दर्द निकलकर आता रहा है। वह नासूर है, पुरुष मानसिकता की श्रेष्ठतावादी सोच।

सदियों से पितृसत्तावादी समाज की जड़ों में यह बैठा है कि स्त्री, पुरुष से कमतर है, दोयम है, संपत्ति है आदि। हर स्तर पर हो रही स्त्री के खिलाफ हिंसा की असली वजह भी इसी सोच में समाई है। इसे रोकने के लिए इसी सोच के खिलाफ लड़ना और इसे मिटाना होगा। महिलाओं के कथित उत्थान में लगी व्यवस्थाओं को अपनी ऊर्जा इसी सोच को स्थायी तौर से मिटाने में लगानी होगी।

महत्त्वपूर्ण यह भी है कि जिसके साथ गलत हो रहा है, वह मजबूती से आवाज उठाए। सामाजिक बनावट, परंपरा, सोच, शर्म, भय आदि को परे झटककर स्त्री सबसे पहले अपने लिए, अपने साथ खड़ी हो जाए। उसे सबसे पहले अपने आप को मनुष्य समझना होगा, अपनी खुशियों की पहचान करनी होगी। स्वयं को वास्तविक संदर्भों में तरजीह देनी होगी। 'जिसकी छत टपकती है, निर्माण की पहल भी उसे ही करनी होती है।' यहां तो एक पक्ष चाहता ही है कि पितृसत्ता की भ्रामक श्रेष्ठता वाली व्यवस्था सदैव बनी रहे, क्योंकि उसका सुख उसी में है। स्त्री को हर स्तर पर इस जाल को न सिर्फ समझना होगा, बल्कि उसे काटने के लिए खड़ा भी होना पड़ेगा। पहचान, शिक्षा, सम्मान, कमाई, समय, पसंद, नापसंद जो भी उसका है, उसे हक के साथ लेना होगा। पहली बार में ही हिंसा की कुचेष्टा पर अंतिम रूप से लगाम लगाना अनिवार्य है। घर का होना और उसका हंसता-मुस्कुराता स्वरूप जरूरी है, पर यह सब उस घर की बेटी, बहू या अन्य स्त्री चरित्र की खुशियों की कीमत पर अस्वीकार्य है। कानून भी यही कहता है।

# सब चलता है

**मालवीय नगर अग्निकांड के बाद दिल्ली, यूपी की सरकारों ने ऐसे तमाम होटलों और कमर्शल एक्टिविटी पर रोक लगाने के आदेश दिए, जो नियमों का उल्लंघन कर चलती मिलें। चंद रोज़ का दिखावा हुआ, फिर सब शांत और अब लखनऊ की घटना के बाद सीएम एक बार फिर सारे अवैध कारोबारों को सील करने का वही आदेश दोहरा रहे हैं, जो बीस दिन पहले दिया था।**

**( अक्षय शुक्ला )**

1997- दिल्ली उपहार सिनेमा, 59 मौतें। 2011- कोलकाता अस्पताल, 90 मरे। 2019- सूरत कोचिंग सेंटर, 22 स्टूडेंट्स की मौत। 2024- राजकोट गेमिंग ज़ोन, 27 मारे गए। 2025- गोवा नाइट क्लब फायर, 25 की मौत। इनमें से एक हादसे के बाद भी अगर गंभीरता से एक्शन होता तो कितने लोगों को असमय काल के गाल में जाने से बचाया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और बीती 3 जून को दिल्ली के मालवीय नगर में अवैध रूप से बने होटल की आग में 21 जानें चली गईं, जिनमें एक पूरा परिवार ही खत्म हो गया। इतने बड़े हादसे से भी सबक सीख लिया होता तो लखनऊ के अलीगंज में 15 युवाओं का यूं भयावह अंत न होता। इन सब हादसों में वही सब कारण सामने आए जैसे बिना फायर एनओसी चलना, लेआउट प्लान का उल्लंघन कर अतिक्रमण और इमरजेंसी एग्ज़िट तक ब्लॉक कर देना। नियमों की ऐसी धज्जियां तब उड़ रहीं, जब देश की सुप्रीम कोर्ट कई बार सख्त आदेश दे चुकी है। मालवीय नगर अग्निकांड के बाद दिल्ली, यूपी की सरकारों ने ऐसे तमाम होटलों और कमर्शल एक्टिविटी पर रोक लगाने के आदेश दिए, जो नियमों का उल्लंघन कर चलती मिलें। चंद रोज़ का दिखावा हुआ, फिर सब शांत और अब लखनऊ की घटना के बाद सीएम एक बार फिर सारे अवैध कारोबारों को सील करने का वही आदेश दोहरा रहे हैं, जो बीस दिन पहले दिया था। कायदे से तो जब आपने चंद रोज़ पहले ही फरमान जारी किया है तो उसे दोबारा देने की नौबत ही नहीं आनी चाहिए थी, बल्कि आपको यह पूछना चाहिए था कि उस दिन के आदेश पर अब तक क्या एक्शन हुआ? अलीगंज में आवासीय परिसर की मंजूरी थी, वहां तीन मंज़िला कमर्शल एक्टिविटी चलती रही, ज़िम्मेदार आंखों पर पट्टी बांधे बैठे रहे।





अब जब इतनी जानें चली गईं तब इमारत के मालिक को गिरफ्तार और चार अफसरों को सस्पेंड कर खानापूर्ति कर ली। ऐसे ही, मालवीय नगर में होटल मालिक को गिरफ्तार कर काम खत्म समझ लिया, पर उन अधिकारियों का क्या, जिन पर फायर एनओसी चेक करने की ज़िम्मेदारी थी। 6 कमरों के लिए पास हुआ यह ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट होटल 25 कमरों तक कैसे पहुंच गया? किसकी अनुमति से यह हुआ, उनकी सज़ा निलंबन या तबादला ही क्यों, लाक्षागृहों के ज़िम्मेदारों पर मर्डर का मुकदमा क्यों न चले?

होटल मालिक का यह बयान सिस्टम के गाल पर ज़ोरदार तमाचा है कि नियमों की परवाह इसलिए नहीं की क्योंकि एक करीबी ने उसे बताया था, दिल्ली में सब चलता है। देश की राजधानी में यह बेखौफी आ जाए तो समझ लीजिए सिस्टम में कितनी ज़ंग लग चुकी है।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# सिर्फ ब्रांड नहीं, अब संयोजकता और अनुकूलन ग्रामीण भारत की सफलता की कुंजी



**डॉ मो वसीम अख्तर**

ग्रामीण भारत अब सिर्फ एक विशाल बाजार नहीं, बल्कि तेज गति से बदलती अर्थव्यवस्था और उपभोक्ता आदतों का केंद्र बन गया है। 2026 के दृष्टिकोण से, यह स्पष्ट है कि पुराने ज़माने की रणनीतियाँ अब पर्याप्त नहीं हैं। यह बदलाव केवल जनसंख्या के आकार के कारण नहीं है, बल्कि डिजिटल क्रांति, बढ़ती आय और सरकारी सहायता के संयुक्त प्रभाव के कारण है। सफलता की नई रणनीति डिजिटल समावेशन, हाइपरलोकल अप्रोच और उत्पाद नवाचार के संगम पर टिकी है।

**ग्रामीण बाजार- नए आंकड़े, नई असलियत :** सबसे पहले, आंकड़ों की वास्तविकता समझना ज़रूरी है। कोरोना के बाद के दौर में ग्रामीण उपभोक्ता कहीं अधिक सक्रिय और जागरूक हुआ है।

जनसंख्या और शक्ति- 2025 तक, भारत की अनुमानित 146 करोड़ (1.46 billion) की आबादी में से लगभग 92 करोड़ से अधिक लोग (63%) ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं। यह विशाल उपभोक्ता आधार अकेले ही किसी भी ब्रांड के लिए अपार संभावनाएं पैदा करता है।

डिजिटल क्रांति- ग्रामीण भारत अब पूरी तरह डिजिटल हो रहा है। दिसंबर 2024 तक, ग्रामीण इंटरनेट पहुंच दर बढ़कर 78त्न हो गई है, जो शहरी क्षेत्रों की विकास दर से भी अधिक है। कुल मिलाकर, सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 2025 तक 90 करोड़ तक पहुंची है। डिजिटल भुगतान का चलन भी तेजी से बढ़ा है। क्क्ढ्ढ ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में लगभग 38त्न लेनदेन के लिए पसंदीदा तरीका बन गया है।

बदलती खरीदारी की आदतें- ग्रामीण उपभोक्ता अब सिर्फ स्थानीय ब्रांडों तक सीमित नहीं हैं। वे प्रीमियम उत्पादों को भी अपना रहे हैं। ग्रामीण परिवारों का सुपर-प्रीमियम वॉल्यूम में हिस्सा 2021 में 30त्न से बढ़कर 2025 में 42त्न हो गया है। यह दर्शाता है कि ग्रामीण बाजार में गुणवत्ता और ब्रांड के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ी है।

बढ़ती साक्षरता- साक्षरता दर में भी सुधार हुआ है। PLFS 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय साक्षरता दर 80.9त्न है, जबकि ग्रामीण साक्षरता दर 77.5त्न है। हालाँकि शहरी-ग्रामीण के बीच का अंतर बना हुआ है (87.7% बनाम 76.5%), लेकिन सरकारी योजनाओं जैसे PMGDISHA के तहत अब तक 6.39 करोड़ से अधिक लोगों को डिजिटल रूप से साक्षर किया जा चुका है।

**काम करने वाली रणनीतियाँ- हाइपरलोकल से डिजिटल तक :** इन बदलती प्राथमिकताओं को देखते हुए, मार्केटर्स को अपनी रणनीतियों को अपडेट करना होगा। केवल दीवारों पर पेंटिंग या मेलों में स्टॉल लगाना अब पर्याप्त नहीं है।

1. हाइपरलोकल और वर्नाक्यूलर कंटेंट का उपयोग- ग्रामीण उपभोक्ता स्थानीय भाषा और परंपराओं से जुड़ता है। ब्रांडों को अपने संदेश को स्थानीय बोलियों, दृष्टांतों और संदर्भों में ढालना होगा। YouTube, ShareChat और स्रूश्वद्ध जैसे प्लेटफॉर्म इसके लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं।

2. सशक्तिकरण और आपूर्ति श्रृंखला का नवाचार- ONDC (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) जैसी पहल ने ग्रामीण विक्रेताओं के लिए नए दरवाजे खोले हैं। ONDC के DigiDukaan पहल ने हजारों किराना स्टोर ऑनबोर्ड किए हैं, और FY26 में किसानों व ग्रामीण विक्रेताओं के ऑर्डर वॉल्यूम में 11 गुना की वृद्धि हुई है। ष्टस्ष्ट (कॉमन सर्विस सेंटर) के साथ साझेदारी से द्ग-कॉमर्स की पहुंच और भी व्यापक हो रही है।

3. प्रीमियम उत्पादों का सही आकार- ग्रामीण बाजार में छोटे पैक की रणनीति अब तक की सबसे सफल रणनीतियों में से एक है। इसने सीमित बजट वाले उपभोक्ताओं को भी प्रीमियम ब्रांड्स का अनुभव लेने का मौका दिया है-। स्नरूष्टत्र कंपनियां इसे और आगे बढ़ाते हुए सैंपल और ट्रायल पैक बांटने के लिए घर-घर जाने वाले अभियान चला रही हैं।

4. डिजिटल भुगतान और एआई का एकीकरण- UPI का बढ़ता उपयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता ला रहा है। मार्केटर्स को अपनी विज्ञापन और वितरण रणनीतियों को इन डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म से जोड़ना होगा। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग अब ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता की पसंद को समझने और उसी के अनुसार स्थानीय अभियान चलाने के लिए किया जा रहा है।

**निष्कर्ष- दो-तरफा संवाद का दौर :** ग्रामीण विपणन अब एकतरफा संदेश फैलाने का काम नहीं रह गया है। यह दो-तरफा संवाद बन गया है, जहां ब्रांड को ग्राहक के रूप में ग्रामीण उपभोक्ता की नई पहचान और उसके सशक्तिकरण को पहचानना होगा। 2026 और उसके बाद की सफलता, एक साथ दोनों दुनियाओं (ट्रेडिशनल और डिजिटल) में सामंजस्य बिठाने वाली ब्रांड्स की होगी। वह ब्रांड सफल होगा, जो 90 करोड़ उपभोक्ताओं के इस बाजार में न सिर्फ उत्पाद बेचेगा, बल्कि विश्वास, अवसर और विकास का वादा भी करेगा।

**(लेखक डॉ सी वी रमन यूनिवर्सिटी , वैशाली में कार्यरत हैं )**

## आस्था के मुखौटे में अवसरवादी राजनीति

**( डॉ. आशीष वशिष्ठ )**

राम मंदिर चढ़ावा अपहार प्रकरण ने हिंदू आस्था को आहत किया है, जिसका लाभ उठाकर विपक्षी दल अवसरवादी राजनीति कर रहे हैं; यह विश्लेषण उन दलों के पाखंड को उजागर करता है जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से मंदिर निर्माण का विरोध किया था।

राम मंदिर चढ़ावा अपहार प्रकरण ने हिंदू समाज के विश्वास को ठेस पहुंचाई है। धर्म शास्त्रों में मंदिर से जुड़ी संपत्ति के लिए 'देवद्रव्य' शब्द का प्रयोग मिलता है। इसमें केवल देवताओं के आभूषण ही नहीं, बल्कि भूमि, दान, अनाज, पशुधन और पूजा सामग्री जैसी सभी वस्तुएं शामिल थीं। एक बार समर्पित हो जाने के बाद यह संपत्ति व्यक्तिगत नहीं रह जाती थी, और इसके अपहार को प्राय- केवल आर्थिक अपराध के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि इन्हें आस्था और सामाजिक विश्वास पर चोट के रूप में भी समझा जाता है।

विपक्षी दल इस प्रकरण की आड़ में भारतीय जनता पार्टी पर आक्षेपों की बौछार कर रहे हैं। ये वहीं दल और नेता हैं जिन्होंने अयोध्या केस, राम मंदिर निर्माण और मंदिर से जुड़े विशेष अवसरों पर बड़ी निर्लज्जता से निम्नस्तरीय राजनीति की। रामकाज में पग–पग पर बाधा डाली। ऐसे में इन दलों और नेताओं का एकाएक भगवान राम और राम मंदिर के प्रति उमड़ा प्रेम, आदरभाव, चिंता और सक्रियता उन्हें प्रश्नों और संदेह के घेरे में खड़ा करती है।

देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस को सनातन धर्म, हिंदुओं और राम मंदिर से कितनी चिढ़ है, इसके तमाम प्रमाण हैं। गांधी परिवार ने राम मंदिर निर्माण का कभी समर्थन नहीं किया। कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा था कि राम, सीता, हनुमान और वाल्मीकि काल्पनिक किरदार हैं। तीन तलाक पर सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने इस्लामी कुरीति की तुलना भगवान श्रीराम से की थी। राम मंदिर वाद का निर्णय टालने का हरसंभव प्रयास कांग्रेस ने किया। राम मंदिर के भूमि पूजन पर रोक लगाने के लिए राहुल गांधी के करीबी साकेत गोखले ने याचिका दायर की थी।

कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने अपने 7 नेताओं को इसलिए निष्कासित कर दिया, क्योंकि उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप में 'जय श्रीराम' लिखा था। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने जय श्रीराम कहने वालों की तुलना राक्षस से की थी। अमेरिका के रटगर्स विश्वविद्यालय में इतिहास की सहायक प्रोफेसर ऑड्रे ट्रुश्के ने एक ट्वीट में, भगवान राम को महिला से द्वेष करने वाला और असभ्य बताया था। विवादित ट्वीट करने वाली महिला के समर्थन में कांग्रेस पार्टी न सिर्फ ट्वीट किया बल्कि अपने अखबार नेशनल हेराल्ड में एक लेख भी छापा। 1990 में अयोध्या में कारसेवकों पर मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निर्देश पर पुलिस ने गोलियां चलाई थी।

# डीएम-एसपी ने गोरखनाथ धाम मंदिर में की समीक्षात्मक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**सालमारी (कटिहार)।** बाबा गोरखनाथ धाम में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, एसपी परिचय कुमार ने पदाधिकारी एवं कमेटी सदस्यों के साथ आगामी श्रावणी मेले के शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा एवं विधि-व्यवस्था बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार भी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और विभिन्न विभागों के समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की। श्रावण मास में लाखों श्रद्धालु मनिहारी गंगा घाट से पवित्र गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा करते हुए गोरखनाथ धाम पहुंचते हैं और बाबा गोरखनाथ का जलाभिषेक करते हैं। बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बारसोई राजू कुमार, डीसीएलआर बारसोई, बीडीओ आजमनगर सरोज कुमार, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे।मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वास्थ्य शिविर, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय, पार्किंग, ट्रैफिक नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की मांग रखी। इस पर जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।कमेटी के सचिव पिंटू यादव ने कहा की आगामी श्रावण पूर्णिमा सहित सावन के प्रथम सोमवारी से लेकर अंतिम सोमवारी तक की तैयारी अंतिम चरण में है। इस अवसर पर सालमारी थाना अध्यक्ष कुमारी जुली सहित अन्य मोके पर उपस्थित रहे।

## प्रसव पूर्व 59 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत प्रसव पूर्व 59 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रेमराज ने बताया कि पोषक क्षेत्र से आशा के द्वारा लाए गए गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जिसमें सर्वप्रथम सभी महिलाओं की एएनसी जांच एवं ब्लड जांच लैब के राजीव रमण के द्वारा किया गया। उनके उपरांत सभी गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन के बाद लंबाई, वजन,बीपी ली गई। इनके बाद सभी गर्भवती महिलाओं को उचित दिशा निर्देश देने के बाद सबों को सभी तरह की दवाइयां उपलब्ध कराने के बाद जीविका के माध्यम से अल्पहार दिया गया। इस अवसर पर आशा सुधा कुमारी,कांति देवी, गुलशन खातून, जोशनारा खातून, शबनम खातून, आशा देवी, शीला देवी, ममता देवी, सुनीता देवी थी।

## समस्याओं का समयबद्ध समाधान नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता : नगर आयुक्त

### सहयोग शिविर के आवेदनों के त्वरित निष्पादन एवं सामान्य बोर्ड के निर्णयों के अनुपालन को लेकर समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम के सभा प्रशाल भवन में नगर आयुक्त संतोष कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा करना तथा पिछली सामान्य बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णयों एवं निदेशों के अनुपालन की स्थिति का आकलन करना था। बैठक में नगर आयुक्त श्री कुमार ने संबंधित शाखा प्रभारियों एवं अधिकारियों से सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की अद्यतन जानकारी ली तथा लंबित मामलों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



इसके साथ ही पिछली सामान्य बोर्ड बैठक में लिए गए विभिन्न जनहितकारी निर्णयों के अनुपालन की भी विस्तृत समीक्षा की गई। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर लंबित कार्यों को पूर्ण करने तथा विकास एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में नगर निगम के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की रेलवे सामग्री के साथ दो शातिर अपराधी को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रेलवे सुरक्षा बल ईस्ट पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ ने रेलवे संपत्ति की चोरी के एक महत्वपूर्ण मामले का सफल उद्भेदन करते हुए दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से चोरी की गई रेलवे लोकोमोटिव की तांबे की पाइप बरामद की गई है। पूछताछ में यह भी बताया कि दोनों आरोपी रेलवे सामग्री की चोरी के अलावा चलती ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करने की घटनाओं में भी संलिप्त रहे हैं।जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल 2026 की रात कटिहार स्टेशन यार्ड के लाइन संख्या-09 पर खड़े रेलवे इंजन से लगभग 18 फीट लंबी तीन कॉपर पाइप काटकर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट कटिहार-पूर्व में कांड संख्या 11/2026, दिनांक 18 अप्रैल 2026, धारा 3(ए) रेलवे संपत्ति अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।आरपीएफ द्वारा तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 8 जुलाई 2026 को आरपीएफ टीम ने बंटी कुमार पासी तथा महबूब को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी की गई रेलवे इंजन की कॉपर पाइप बरामद कर ली गई। दोनों आरोपी रेलवे संपत्ति की चोरी के साथ-साथ चलती ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य बताए जाते है। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी कटिहार की अदालत में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कटिहार रेल मंडल में चार नए आरओबी निर्माण प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे एनएफआर के महाप्रबंधक निर्माण कार्यालय मालीगांव गुवाहाटी की ओर से जारी पत्र के अनुसार कटिहार रेल मंडल के अंतर्गत चार महत्वपूर्ण रेल ओवरब्रिज निर्माण प्रस्तावों को वर्ष 2026-27 के अम्ब्रेला वर्क के तहत शॉर्टलिस्ट किया गया है। इस संबंध में 2 जुलाई 2026 को जारी पत्र ने कटिहार रेल मंडल के लोगों में नई उम्मीद जगा दी है। कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने बताया कि सांसद श्री तारिक अनवर के सफल प्रयास से पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, मालीगांव ने कटिहार रेल मंडल मे 4 आर ओ बी निर्माण को लेकर प्रस्तावित सूची को शार्टलिस्ट की है। पत्र के अनुसार इन परियोजनाओं का उद्देश्य व्यस्त रेलवे लेवल क्रॉसिंगों पर यातायात को सुगम बनाना, सड़क और रेल सुरक्षा को मजबूत करना तथा जाम की समस्या से स्थायी राहत दिलाना है। जिसमें एक झौआ मीनापुर के एम 22/4-5 एलसी नंबर . केएम - 13 के बदले 2- लेन आरओबी 79,68,92,000/- , दो नंबर झौआ सालमारी के केएम 28/4-5 कटिहार - मुकुरिया के बीच एलसी नंबर . केएम - 15 पर 2 लेन आरओ बी 60,51,40,000/- , 3 नंबर सालमारी मुकुरिया केएम 32/3-4 कटिहार मुकुरिया सेक्शन एलसी नंबर .केएम - 18 पर 2 लेन आर ओबी 64, 68,10,000/- एवं 4 नंबर . कटिहार डण्डखोरा के एम 4/9-0 कटिहार मुकुरिया सेक्शन एलसी नंबर - 4 पर 2 लेन आरओबी 57,73,33,000/- अंतर्गत कुल मिलाकर लगभग 262.61 करोड के काम को शार्टलिस्ट कर भेजा गया है। इन परियोजनाओं के निर्माण कार्य शुरू होने से, रोजाना हजारों यात्रियों, स्कूली बच्चों, किसानों और व्यावसायिक वाहनों को लेवल क्रॉसिंग पर लंबे इंतजार से राहत मिलेगी। साथ ही रेल और सड़क यातायात दोनों अधिक सुरक्षित एवं निर्बाध होंगे। सांसद श्री अनवर ने आशा जताई कि कटिहार रेल मंडल में इन चार आरओबी परियोजनाओं के अमल में आने से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार एवं लोगों के लिए लाभप्रद होगा।

### 203 ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार, पति फरार

**अमदाबाद/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने नशे के कारोबार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 203 ग्राम स्मैक के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि भोलामारी गांव के एक घर में स्मैक की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो पुलिस की भनक लगते ही एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया। उसकी पहचान मुबारक के रूप में हुई है। छापेमारी के दौरान फरार आरोपी की पत्नी मास्कूरा बीबी के पास से स्मैक बरामद किया गया।दंडाधिकारी सह बीडीओ रणवीर कुमार की मौजूदगी में बरामद स्मैक का वजन 203 ग्राम पाया गया।साथ ही एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 11 लाइटर और एक कीपैड मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मेडिकल जांच के बाद महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। कार्रवाई में एसआई भोला कुमार,एसआई मसूदन कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे ।

### मोबाइल चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल अस्पताल बारसोई में इलाजरत मरीज का मोबाइल चोरी कर भाग रहे एक युवक को लोगों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में बारसोई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।बारसोई थाना कांड संख्या 112/26, दिनांक 07 जुलाई 2026, धारा 331(4)/305 बीएनएस के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. चाँद (27 ) पिता हसीबुल रहमान, निवासी मस्जिद चौक, थाना बारसोई जिला कटिहार के रूप में हुई है। बारसोई थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह अनुमंडल अस्पताल में एक मरीज का मोबाइल चोरी कर आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था। तभी अस्पताल में मौजूद लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए उसे रंगे हाथ पकड़ लिया और तत्काल बारसोई पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने कब्जे में लेकर थाना लाई। पूछताछ एवं आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय, कटिहार में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### चनदहर में बिजली की समस्या से लोग परेशान

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** - बलिया बेलोन क्षेत्र के ग्राम पंचायत चनदहर में वर्षों पूराना जर्जर बिजली तार, बिजली ट्रांसफार्मर की कमी के कारण यहां के उपभोक्ताओं को सही तरह से बिजली नहीं मिल रही है।उक्त बातें बताते हुए मुखिया प्रतिनिधि सह अधिवक्ता रागीब शजर ने कहा की दिन भर में 10 घंटा भी बिजली नहीं रहती है। जब बिजली आती है तो हमेशा लो भोल्टेज रहता है।

## एसपी ने किया कदवा थाना का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** जिले में नव पदस्थापित आरक्षी अधीक्षक परिचय कुमार ने बुद्धवार की देर शाम कदवा थाना का औचक निरीक्षण किया।अचानक पुलिस कप्तान की गाड़ी थाना पहुंची देखकर पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर का मुआयना किया।तो वहीं ओडी रजिस्टर सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों का गहन अवलोकन तथा उनके संधारण की भी समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों, अभिलेखों के रखरखाव और थाना के कार्यप्रणाली को लेकर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार से पूछताछ किया। उन्होने थाना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था एवं क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को लेकर हो रहे कार्यों की जानकारी ली।इस क्रम में एसपी श्री कुमार ने थानाध्यक्ष को थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर गश्ती बढाने,मद्य निषेध अधिनियम का शत-प्रतिशत सफल बनाने, वारंटियों की गिरफ्तारी एवं कांडों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया।एसपी ने बताया कि प्रभावी पुलिसिंग के साथ लोगों के साथ अच्छा व्यवहार एवं शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन किये जाने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान धनोज गुप्ता, छोटू कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।




## एक दिवसीय प्रक्षेत्र दिवस एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**प्राणपुर (कटिहार)** । पाट अनुसंधान केन्द्र कटिहार की ओर से एक दिवसीय प्रक्षेत्र दिवस एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति उपयोजन के तहत नाथनगर गाँव प्राणपुर में किया गया । इसमें प्राणपुर प्रखंड के लगभग 50 किसानों ने भाग लेकर जूट की अति आधुनिक तकनीक की जानकारी ली। प्रभारी पदाधिकारी दिवाकर पासवान ने किसानों को जूट के आधुनिक सड़न विधि के उपर प्रकाश डाला और क्रीजाफ सोना पाउडर का इस्तेमाल कर किस तरह स्वस्थ और कम अवधि में पाट को सड़ाकर उन्नत पाट प्राप्त किया जा सकता है। जिससे किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो सके ।कार्यक्रम में केंद्र के अन्य वैज्ञानिक डा. परितोष कुमार, पौधा रोग विशेषज्ञ एवं डा. लाल बाबु कुमार, कीट वैज्ञानिक ने पौधों में लगने वाले अन्य रोगों एवं व्याधियों के बचाव से किसानों को रूबरू किया। डा. महेंद्र पाल, डा. प्रवीण कुमार, विनय कुमार एवं डा. प्रभात कुमार ने भी वैज्ञानिक विधि के उपर प्रकाश डाला ।

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में रतन टाटा भखरीपुर ने 43 रन से दुर्गास्थान कटिहार को हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)** । रामलीला मैदान मेरा में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें संस्करण का खिताब भखरीपुर अपने नाम कर लिया। फाइनल में रतन टाटा भखरीपुर एवं दुर्गा स्थान कटिहार की टीम पहुंची। दोनों टीमों के बीच टॉस कराया गया जिसमें रतन टाटा भखरीपुर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित आठ ओवर में चार विकेट खोकर 83 रन बनाए जवाब में उतरी दुर्गा स्थान कटिहार की टीम 6.3 ओवर में 10 विकेट खोकर मात्र 40 रन बनाएं। इस प्रकार से रतन टाटा भखरीपुर की टीम 43 रन से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सब फुलहरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल हैं अंतिम बॉल में जीत हार का फैसला होता हैं,दोनों टीमों ने कड़ी मशक्कत करते हुए फाइनल में पहुंची एवं फाइनल में एक टीम को हारना ही पड़ता हैं। इस प्रकार से रतन टाटा भखरीपुर की टीम ने 43 रन से दुर्गा स्थान कटिहार की टीम को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर कमेटी के विक्रम रविदास,मो. घोष, मो. आमिर, मो. अजीज आदि उपस्थित थे।



## मरगहा से सोना खाल तक युद्धस्तर पर कटाव रोधी कार्य कराने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** गंगा के बढ़ते कटाव को लेकर जदयू जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुमति देवी ने प्रशासन से मरगहा से सोना खाल तक युद्धस्तर पर कटाव रोधी कार्य कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं कटाव स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अधिकारियों को मौके की गंभीर स्थिति से अवगत कराया। सुमति देवी ने कहा कि वर्तमान में केवल दो दर्जन के करीब मजदूरों से कटाव रोकना संभव नहीं है। कटाव स्थल पर बड़ी संख्या में मजदूरों को लगाकर बालू से भरे बोरे डालने का कार्य तत्काल शुरू कराया जाए, ताकि गंगा के बढ़ते दबाव को रोका जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।उन्होंने कहा कि कटाव रोधी कार्य सिर्फ मरगहा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि वहां से लगभग तीन किलोमीटर पश्चिम स्थित सोना खाल तक भी कराया जाना जरूरी है। गंगा का बदलता बहाव लगातार नए क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले रहा है। यदि समय रहते ठोस पहल नहीं हुई तो धुरियाही पंचायत सहित आसपास के कई गांव, हजारों एकड़ कृषि भूमि, विद्यालय, पंचायत सरकार भवन और करोड़ों रुपये की सरकारी संपत्तियां कटाव की जद में आ सकती हैं। इससे ग्रामीणों की आजीविका और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होगी।



## सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराना पड़ा भारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** सोशल मीडिया के दौर में दिखावे की होड़ अब युवाओं को भारी मुसीबत में डाल रही है। थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहाँ अवैध हथियार के साथ फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल करना एक युवक को जेल की सलाखों के पीछे ले गया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस को क्षेत्र के एक युवक का अवैध हथियारों का प्रदर्शन करता फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष विजय कुमार महतो ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की।पुलिसया जांच में वायरल फोटो वाले युवक की पहचान शकरपुरा निवासी प्रदीप दास (30 वर्ष), पिता स्व. जीरू दास के रूप में हुई। पहचान सुनिश्चित करने के बाद पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी प्रदीप दास को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा भी बरामद किया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।मौके पर अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह मौजूद रहे।



## अवर न्यायाधीश मनीष कुमार के आकस्मिक निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट।** जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणवीर सिंह के नेतृत्व में न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता संघ व न्यायालय कर्मियों की ओर से कटिहार में पदस्थापित अवर न्यायाधीश मनीष कुमार के आकस्मिक निधन पर गुरुवार को शोक मनाते हुए श्रद्धांजलि दी गई। जिला जज श्री सिंह ने कहा कि स्वर्गीय कुमार एक अच्छे न्यायिक प्राधिकारी के साथ-साथ बहुत ही अच्छे व्यक्तित्व के मृदुभाषी व्यक्ति थे। उनके निधन हो जाने से न्यायिक क्षेत्र में अपूरणीय छति हुई है। उनके तेल चित्र पर न्यायिक प्राधिकारी, अधिवक्ता व कर्मियों के द्वारा फूल माला अर्पित करते हुए मौन रहकर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके आत्मा शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर प्रधान जिला जज श्री रणवीर सिंह के साथ एडीजे संदीप मिश्रा ,आशुतोष राय , सुनील कुमार सिंह, द्विजेंद्र कुमार, एक्साइज जज संजय कुमार, लोक अदालत के सचिव कमलेश सिंह देबू, एसीजेएम कुलदीप श्रीवास्तव, मुंशीफ राहुल कुमार दत्ता ,रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव, न्यायिक पदाधिकारी पूजा सिंह,आशीष कुमार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष महानंद यादव ,सचिव विजय कुमार झा सहित अन्य सभी न्यायिक पदाधिकारी अधिवक्ता व न्यायालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।सभी ने स्वर्गीय मनीष कुमार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।गौरतलब है कि एक दिन पूर्व उनका आकस्मिक निधन हो गया था। जिस दौरान सभी अधिवक्ताओं ने बुधवार को अपने को नए कार्य से अलग रखा था।





## रॉकेट बना कल्याण ज्वेलरी का स्टॉक, 1 दिन में 17 प्रतिशत से ज्यादा उछला शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं, तो कल्याण ज्वेलर्स का नाम तो सुना ही होगा, जो आज काफी ज्यादा चर्चा में है। कंपनी के शेयर गुरुवार को करीब 17 प्रतिशत से ज्यादा उछलकर इंट्राडे हाई पर पहुंच गए। इसकी सबसे बड़ी वजह कंपनी का शानदार बिजनेस अपडेट रहा। कल्याण ज्वेलर्स ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कंसोलिडेटेड रेवेन्यू में 38 प्रतिशत सालाना बढ़ोतरी का अनुमान जताया है। मजबूत बिक्री और ग्राहकों की बढ़ती मांग ने कंपनी के प्रदर्शन को नई ऊंचाई दी है। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं। कंपनी ने बताया कि अधिक मास के पूरे 28 दिन पहली तिमाही में आने के बावजूद कारोबार पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। आमतौर पर अधिक मास के दौरान शादी-ब्याह से जुड़ी खरीदारी धीमी पड़ जाती है, लेकिन इसके बावजूद कंपनी के पुराने स्टोर्स की बिक्री में करीब 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इससे साफ है कि ग्राहकों की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। कल्याण ज्वेलर्स ने इस दौरान गोल्ड रीसाइक्लिंग कैंपेन भी शुरू किया। इस पहल का मकसद आयातित सोने पर निर्भरता कम करना और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देना है। कंपनी के अनुसार, पहली तिमाही में कुल रेवेन्यू का 46 प्रतिशत हिस्सा रीसाइक्लिंग वाले सोने से आया, जबकि जून महीने में यह आंकड़ा 55 प्रतिशत तक पहुंच गया। इससे कंपनी की लागत कम करने और सस्टेनेबल बिजनेस मॉडल बनाने में मदद मिलेगी। भारत के अलावा कंपनी का अंतरराष्ट्रीय कारोबार भी शानदार रहा। विदेशी बिजनेस में 35 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की गई, जबकि मिडिल ईस्ट में रेवेन्यू करीब 30 प्रतिशत बढ़ा।

## विजय केडिया ने खरीदे आईवेयर के 4.99 लाख शेयर, 88 का स्टॉक 400 के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईवेयर सप्लाई चेन सर्विसेज का शेयर गुरुवार को लगातार दूसरे सत्र में 5 प्रतिशत के अपर सर्किट पर पहुंच गया। एनएसई पर यह स्मॉल-कैप स्टॉक 402.65 रुपये प्रति शेयर के 52-सप्ताह के हाई पर पहुंच गया, जहां केवल खरीदार थे और कोई बेचने वाला नहीं था। दो सत्रों में, आईवेयर सप्लाई चेन सर्विसेज के शेयर में भारी वॉल्यूम के साथ 10.24 प्रतिशत की तेजी आई। सुबह सवा 11 बजे, एनएसई पर आईवेयर सप्लाई चेन सर्विसेज का शेयर 402.65 रुपये प्रति शेयर पर 5 प्रतिशत अपर सर्किट पर लॉक था। एक साल पहले यह स्टॉक 88 रुपये का था। विजय केडिया ने बढ़ाई हिस्सेदारी : आईवेयर सप्लाई चेन सर्विसेज के शेयर में यह तेजी तब आई जब दिग्गज निवेशक विजय केडिया ने खुले बाजार से खरीदारी करके इस लॉजिस्टिक्स सेवा कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई। एनएसई के बल्क डील आंकड़ों के अनुसार, विजय केडिया की फर्म केडिया सिक्योरिटीज ने आईवेयर सप्लाई चेन सर्विसेज के 2.32 लाख शेयर 348.25 रुपये प्रति शेयर और 2.67 लाख शेयर 348.85 रुपये प्रति शेयर के भाव पर खरीदे। कुल मिलाकर, केडिया सिक्योरिटीज ने कंपनी के 4.99 लाख इक्विटी शेयर हासिल किए, जो 4.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है और इसकी कीमत 17.44 करोड़ रुपये है। इस नई खरीदारी के बाद, विजय केडिया की आईवेयर सप्लाई चेन सर्विसेज में कुल हिस्सेदारी, उनकी व्यक्तिगत हिस्सेदारी और केडिया सिक्योरिटीज के जरिए मिलाकर, जून तिमाही के अंत में 6 प्रतिशत से बढ़कर 10.35 प्रतिशत हो गई है। गेटफाइव अपॉर्चुनिटी फंड ने भी खरीदे शेयर : इसके अलावा, एनएसई बल्क डील आंकड़ों से पता चला कि गेटफाइव अपॉर्चुनिटी फंड- ने भी आईवेयर सप्लाई चेन सर्विसेज के 99,000 शेयर 365.25 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 3.61 करोड़ रुपये में खरीदे। वहीं, प्रमोटर इकाई इंटर इंडिया रोडवेज ने आईवेयर सप्लाई चेन सर्विसेज के 7.04 लाख शेयर, जो 6.12 प्रतिशत हिस्सेदारी है, 354.03 रुपये प्रति शेयर के औसत मूल्य पर बेचे। इस सौदे का मूल्य 24.93 करोड़ रुपये रहा। आईवेयर सप्लाई चेन सर्विसेज के शेयर ने एक महीने में 22 प्रतिशत और तीन महीनों में 74 प्रतिशत की तेजी दर्ज की है। इस स्मॉल-कैप स्टॉक ने साल-दर-साल आधार पर 104 प्रतिशत की छलांग लगाई है और पिछले एक साल में 358 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है।

# अमेरिका और ईरान संधि टूटते ही 7 प्रतिशत से ज्यादा भागा क्रूड ऑयल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंम्प ने कल ही ईरान के साथ अंतरिम युद्ध विराम खत्म होने की घोषणा की है। इसी के साथ ईराक पर अमेरिकी हमले और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईराकी हमले तेज हो गए हैं। इस वजह से इंटरनेशनल क्रूड मार्केट में कल 7 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी दिखी। इसी के साथ कच्चे तेल का दाम बुधवार को ही दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, भारत में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी कंपनियों ने गुरुवार, 9 जुलाई 2026, को भी दाम में कोई बदलाव नहीं किया। अपने यहां 25 मई 2026 के बाद इनके दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।




पश्चिम बंगाल समेत 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियां इस साल मई में चार बार दाम बढ़ा चुकी है। ऐसा महज 11 दिनों में हुआ था। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। उसके बाद दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है।

वहीं, एचपीसीएल उपभोक्ता के बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9222201122 नंबर पर भेजकर भाव पता कर सकते हैं।

### डीजल की कीमत क्या है

सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह करीब 50 फीसदी महंगा हो गया है। क्रूड ऑयल में फिर लगी आग अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कल ही ईरान के साथ हुए अंतरिम युद्ध विराम को खत्म करने की घोषणा की। फिर क्या था, अमेरिका और ईरान की तरफ से एक बार फिर ताबड़-तोड़ हमले होने लगे। जाहिर है कि इसका असर कच्चे तेल के बाजार पर तो पड़ना ही था। कल ही क्रूड ऑयल के रेट में में सात फीसदी से भी ज्यादा की तेजी दिखी। स्टेंडर्ड माने जाने वाला 7.6 प्रतिशत बढ़ कर 79.76 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी भी 7.2 प्रतिशत तेज हो कर 75.40 डॉलर प्रति बैरल पर चला गया। भारत में पेट्रोल-डीजल के भाव जब भी बदलते हैं, तब सुबह 6 बजे अपडेट हो जाते हैं। पेट्रोल-डीजल का रोज का रेट आप के जरिए भी जान सकते हैं। इंडियन ऑयल के कस्टमर के बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर और बीपीसीएल उपभोक्ता ऋस्कके बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9223112222 नंबर पर भेज जानकारी हासिल कर सकते हैं।

## ...तो बेसिक सैलरी 18,000 से बढ़कर 72,000 हो जाएगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन, भत्तों और पेंशनर्स के पेंशन को लेकर आज कोलकाता में 8वें वेतन आयोग की दो दिवसीय स्टेक होल्डर्स की बैठक शुरू हो रही है। यह बैठक 10 जुलाई तक चलेगी और इसमें विभिन्न कर्मचारी संघों, पेंशनर्स संगठनों और अन्य हितधारकों से फीडबैक, विचार और सुझाव लिए जाएंगे। इस बैठक में भाग लेने वाले कर्मचारी संघ और हितधारक कई लंबित मांगों को उठा सकते हैं। सरकार अंतिम निर्णय लेने से पहले इन बैठकों को बेहद अहम मान रही है। हाल ही में भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ ने 4 गुना फिटमेंट फैक्टर का प्रस्ताव दिया है। अगर यह प्रस्ताव आयोग मान लेता है तो मिनिमम बेसिक सैलरी 72,000 रुपये हो जाएगी। कोलकाता से पहले 8वें वेतन आयोग ने 6-7 जुलाई को भुवनेश्वर में परामर्श बैठकें आयोजित की थीं, जहां संघों, कर्मचारी यूनियनों, पेंशनभोगियों और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा हुई। इसके अलावा, दिल्ली, लखनऊ, हैदराबाद, श्रीनगर और लद्दाख में भी इसी तरह की बैठकें पहले ही आयोजित की जा चुकी हैं। इन बैठकों में कर्मचारियों की आम शिकायतों और उम्मीदों पर चर्चा होने की संभावना है। इन बैठकों से मिले सुझाव 8वें वेतन आयोग की अंतिम रिपोर्ट का मार्ग प्रशस्त करेंगे। यह रिपोर्ट केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनर्स के जीवन को सीधे प्रभावित करेगी और यह तय करेगी कि उनके वेतन में किस तरह संशोधन किया जाएगा।

## बहुत सारे खराब आइडियाज के बिना कुछ अच्छे आइडिया पैदा करना असंभव है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिजनेस और समाज-सेवा की दुनिया में अजीम प्रेमजी एक प्रेरणादायक हस्ती हैं। उनकी कहानी लीडरशिप, लगन और किसी बड़े मकसद के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की बदलाव लाने वाली ताकत का सबूत है। विप्रो के संस्थापक होने के साथ वह भारत के सबसे बड़े परोपकारियों में से एक हैं। अजीम प्रेमजी के विचार व्यवसाय, नेतृत्व और जीवन की सादगी को लेकर बेहद व्यावहारिक और प्रेरणादायक हैं। आइए, यहां उनके ऐसे ही 10 विचारों के बारे में जानते हैं।



बहुत सारे खराब आइडियाज के बिना कुछ अच्छे आइडियाज पैदा करना असंभव है। इसलिए बिजनेस में असफलताओं को जल्दी माफ कर देना चाहिए और भूल जाना चाहिए।

बेहतरीन काम (एक्सीलेंस) क्या है यह खुद से की जाने वाली उम्मीदों से कहीं आगे बढ़कर काम करने के बारे में है। बेहतरीन काम करने की जरूरत का एक हिस्सा हमारे कस्टमर्स की वजह से हम पर आता है। हमारा कॉम्पिटिशन हमें हमेशा सतर्क रखता है, खासकर तब जब वह ग्लोबल लेवल का हो।

अगर किसी के पास सामान्य से कहीं ज्यादा दौलत है तो यह स्वाभाविक है कि समाज के लिए उस दौलत का इस्तेमाल और उससे लाभ उठाने के तरीके को लेकर एक जिम्मेदारी की उम्मीद की जाए।

कंज्यूमर बिजनेस में होने से हमें मार्केटिंग, फाइनेंस और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में टैलेंट को तैयार करने में मदद मिलती है। हम अपने आउटसोर्सिंग बिजनेस की तुलना अपने कंज्यूमर बिजनेस और उसके बेहतरीन तौर-तरीकों से कर सकते हैं।

मुझे लगता है कि हमारी सफलता का सबसे अहम कारण यह है कि ग्लोबलाइजेशन की दिशा में अपनी यात्रा की शुरुआत में ही हमने लोगों में निवेश किया - और हमने लगातार ऐसा किया है, खासकर सर्विस बिजनेस में।

आपको लंबे समय तक चलने वाली प्रतिबद्धता और लीडरशिप के प्रति प्रतिबद्धता की जरूरत होती है, क्योंकि यही एकमात्र तरीका है जिससे आप बेहतरीन काम (एक्सीलेंस) हासिल कर सकते हैं। पीएम मोदी पर टिप्पणी के बाद ख्वाजा आसिफ को भारत का कैसा मुंहतोड़ जवाब


अगर लोग आपके लक्ष्यों पर हंस नहीं रहे हैं तो इसका मतलब है कि आपके लक्ष्य बहुत छोटे हैं।

नेतृत्व केवल जिम्मेदारी लेने के बारे में नहीं है, बल्कि यह दूसरों को अपनी जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाने के लिए सक्षम बनाने के बारे में है। यदि आप गलतियां नहीं कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि आप कुछ भी नया करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। महत्वपूर्ण यह है कि आप अपनी गलतियों को दोहराएं नहीं।

# तीन सरकारी कंपनियां, तीन महीने और 47,700 करोड़ की चपत!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में संकट एक बार फिर गहरा गया है। इससे कच्चे तेल की कीमत में बुधवार को करीब 6 फीसदी तेजी आई और आज भी यह तेजी के साथ ट्रेड कर रहा है। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले शुरू किए थे। यह संघर्ष करीब 100 दिन से अधिक समय तक चला और इस दौरान कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई। इसका सबसे बुरा असर भारत की सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियों पर पड़ा है। एनालिस्ट्स का कहना है कि जून तिमाही में एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल को कुल मिलाकर 47,700 करोड़ तक का नुकसान हो सकता है।

जापानी ब्रोकरेज नोमुरा का अनुमान है कि एचपीसीएल को 13,900 करोड़ रुपये, बीपीसीएल को 15,800 करोड़ रुपये और आईओसीएल 17,300 करोड़ का एबिटा लॉस होगा। इसकी वजह यह है कि इन कंपनियों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की रिटेल बिक्री पर भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि कंपनियों ने कीमतों में कुछ बढ़ोतरी की थी लेकिन वे कच्चे तेल की बढ़ी कीमतों का पूरा बोझ ग्राहकों पर नहीं डाल पाईं।



नोमुरा का अनुमान है कि पहली तिमाही में एलपीजी से अंडर-रिकवरी 560 रुपये प्रति सिलेंडर होगी, जो पिछले साल की चौथी तिमाही में 77 रुपये प्रति सिलेंडर थी। जेएम फाइनेंशियल के मुताबिक पहली तिमाही में एलपीजी अंडर-रिकवरी लगभग 25,000 करोड़ रुपये पहुंच जाएगी जो पिछली तिमाही में 5,000 करोड़ रुपये थी। पेट्रोल और डीजल की कीमत में बढ़ोतरी के बावजूद कंपनियों को अंडर-रिकवरी का सामना करना पड़ रहा है।

**रोजाना कितना नुकसान:** एनालिस्ट्स का अनुमान है कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को रोजाना 1,380 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। उन्हें मार्केटिंग मार्जिन को बराबर करने के लिए ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 25 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की जरूरत होगी। नोमुरा का मानना है कि तीन ऑयल मार्केटिंग कंपनियों में से एचपीसीएल पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा क्योंकि उसका मार्केटिंग एक्सपोजर ज्यादा है।

### एलपीजी सिलेंडर पर घाटा

घरेलू ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल का अनुमान है कि पहली तिमाही में तीन सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को कुल मिलाकर लगभग 47,700 करोड़ का नुकसान हो सकता है। उसके मुताबिक एचपीसीएल को 17,300 करोड़, आईओसीएल को 17,200 करोड़ और बीपीसीएल को 13,200 करोड़ का नुकसान होने की आशंका है। मोतीलाल ओसवाल ने तीनों कंपनियों को कुल मिलाकर 36,400 करोड़ रुपये का का नुकसान होने का अनुमान जताया है।

## एयर इंडिया के सीईओ की नियुक्ति को लेकर फंसा पेच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयर इंडिया के नए सीईओ की नियुक्ति पर पेच फंस गया है। इसे देखते हुए टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन कंपनी को चलाने के लिए एक अंतरिम मैनेजमेंट कमिटी बना रहे हैं। कंपनी के विदेशी सीईओ कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है और वह कुछ ही दिनों में एयरलाइन छोड़ रहे हैं। लेकिन अगले सीईओ के तौर पर निपुण अग्रवाल की प्रस्तावित नियुक्ति का विरोध हो रहा है। विरोध करने वालों में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा भी शामिल हैं।

ईटी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि एयर इंडिया की अंतरिम मैनेजमेंट कमिटी में चंद्रशेखरन, कंपनी के पूर्व सीएमडी प्रदीप सिंह खरोला और अन्य सीनियर एग्जीक्यूटिव शामिल होंगे। विल्सन सितंबर में एयरलाइन छोड़ेंगे। इस बीच एयरलाइन के अगले चीफ एग्जीक्यूटिव की अनौपचारिक तलाश जारी रहेगी। टाटा संस ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की।

अग्रवाल एयर इंडिया में सीईओ पद के लिए




मजबूत दावेदार बने हुए हैं। वह 2022 से एयर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर हैं और कमर्शियल ऑपरेशन्स को देख रहे हैं। वह पहले टाटा संस, बैंक ऑफ अमेरिका मेरिल लिंच, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक और बीपी में सीनियर पदों पर काम किया है। सूत्रों ने बताया कि खरोला को ऑपरेशन्स को सुव्यवस्थित करने और कामकाज को बेहतर बनाने में मदद के लिए लाया गया है।

खरोला को जून में चंद्रशेखरन का एग्जीक्यूटिव एडवाइजर नियुक्त किया गया था। एयरलाइन मैनेजमेंट में बदलाव से पहले अपनी लीडरशिप को मजबूत कर रही है। चंद्रशेखरन एयर इंडिया के ऑपरेशन्स को दुरुस्त करने, क्वालिटी कंट्रोल को मजबूत करने और एयरलाइन को जल्द से जल्द मुनाफे में लाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने एयर इंडिया के कामकाज की साप्ताहिक समीक्षा शुरू कर दी है।

हाल ही में टाटा संस की बोर्ड मीटिंग्स में भी एयर इंडिया पर काफी चर्चा हुई है। इसमें नोएल टाटा ने कंपनी के लगातार बढ़ रहे घाटे का मुद्दा उठाया था। एयर इंडिया की को-ओनर सिंगापुर एयरलाइंस की फाइनेंशियल ईयर 2026 की सालाना रिपोर्ट के अनुसार एयर इंडिया का घाटा 27,800 करोड़ हो गया जो पिछले साल 2,130 करोड़ था। एयर इंडिया में टाटा की हिस्सेदारी 74.9 प्रतिशत है।

# 6 लाख की सेविंग से खड़ी कर दी 2.2 करोड़ की कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रांची की एक महिला ने कमाल कर दिया है। उनका नाम रितु पाठक है। उन्होंने सह-संस्थापक बिनोद सिंह के साथ मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में उतरने का फैसला किया। साल 2013 में सिर्फ 6 लाख रुपये की सेविंग के साथ इस बिजनेस की शुरुआत है। उनके स्टार्टअप का नाम 'एचएम हर्बल्स' है। आज यह 2.2 करोड़ रुपये के सालाना टर्नओवर वाला सफल कारोबार बन चुका है। यह सटीक और एनवॉयरमेंट-फ्रेंडली डिस्टिलेशन मशीनों की बिक्री करता है। इसके जरिए इस स्टार्टअप ने देश के 650 से अधिक किसानों और छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाया है। अब कंपनी का टारगेट अगले कुछ सालों में 10 करोड़ रुपये के रेवेन्यू के आंकड़े को पार करना है। आइए, यहां रितु पाठक की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**बड़ा है प्रोडक्ट पोर्टफोलियो-** शुरुआती दौर में ग्राहकों का भरोसा जीतना और कैश-फ्लो बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती थी। इसे रितु ने भारी डिस्काउंट और बेहतरीन फील्ड सपोर्ट देकर पार किया। आज कंपनी मिनी डिस्टिलेशन, फील्ड डिस्टिलेशन, हाइड्रो डिस्टिलेशन, अर्क डिस्टिलेशन और इलेक्ट्रिक डिस्टिलेशन सिस्टम की एक बड़ी रेंज बनाती है। इनकी कीमतें छोटे उद्यमियों के लिए 15,000 रुपये से शुरू होकर बड़े उद्योगों के लिए 80 लाख रुपये तक जाती हैं। इन मशीनों का इस्तेमाल आयुर्वेद, कॉस्मेटिक्स, फार्मास्युटिकल और वेलनेस उद्योगों में



एसेंशियल ऑयल, हर्बल अर्क और गुलाब जल निकालने के लिए किया जाता है।

रितु ने बाजार की इस कमजोरी को पकड़ा कि ज्यादातर बड़ी कंपनियां केवल भारी औद्योगिक मशीनों पर फोकस कर रही थीं। इसलिए उन्होंने छोटे पैमाने की यूनिट्स पर ध्यान दिया जो तेजी से डिलीवर हो सकें। कंपनी ने तकनीक में सुधार करते हुए ऐसी इलेक्ट्रिक डिस्टिलेशन मशीनें तैयार की हैं जो ईंधन की खपत को करीब 30 प्रतिशत तक कम करती हैं। पारंपरिक कूलिंग विधियों के मुकाबले सिर्फ 5 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल करती हैं। इसके अलावा, कंपनी अब डेटा-संचालित नियंत्रण के लिए टच-पैनल आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम भी विकसित कर रही है। इससे लेबर पर निर्भरता कम होगी।

आज कंपनी के पास 24 कर्मचारियों की टीम है। 6,700 वर्ग फीट का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट है। यह अब तक 4,000 से अधिक ग्राहकों को 1,122 से ज्यादा मशीनें बेच चुका है। साल 2016 में फेसबुक के जरिए दक्षिण अफ्रीका से मिले पहले एक्सपोर्ट ऑर्डर के बाद आज कंपनी नेपाल, केन्या, श्रीलंका और खाड़ी देशों में भी निर्यात करती है। इसके कुल रेवेन्यू का यह 10 प्रतिशत है।

### अपने अनुभव से मिला बिजनेस आइडिया

*बात है साल 2013 की। तब एग्रीप्रेन्योर रितु पाठक को एरोमैटिक फार्मिंग के लिए सही डिस्टिलेशन यूनिट की तलाश थी। खोजने पर उन्हें बाजार में सिर्फ निराशा हाथ लगी। उस समय उपलब्ध पारंपरिक मशीनें जल्दी खराब हो जाती थीं। ईंधन ज्यादा खाती थीं। तेल का उत्पादन भी कम और घटिया देती थीं। इस समस्या को भांपते हुए रितु पाठक और बिनोद सिंह ने खुद मशीनें बनाने का फैसला किया। कारण था कि वे जड़ी-बूटियों, पत्तों, जड़ों और फूलों के व्यवहार को अच्छी तरह समझते थे। उन्होंने 6 लाख रुपये के निवेश से 'एचएम हर्बल्स' की नींव रखी। अपनी पहली 2,000 लीटर की हाइड्रो डिस्टिलेशन यूनिट एक किसान को 1.5 लाख रुपये में बेची।*

## पीएफ क्लेम खारिज होने का चांस होगा कम, पेंशनर देश में कहीं भी अपने बैंक खाते में ले सकेंगे पेंशन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एंप्लॉयीज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन ने एक सेंट्रलाइज्ड सिस्टम बना लिया है। इसके तहत सभी रीजनल और फील्ड ऑफिसेज से सदस्यों के रेकॉर्ड एक सेंट्रलाइज्ड नैशनल डेटाबेस में ला दिए गए हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब मेंबर देश में किसी भी ऑफिस में आवेदन कर सकते हैं और वहीं से सेवा मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि पहली बार नए सिस्टम से के सालाना ब्याज की ऑटो-प्रोसेसिंग हो रही है। वित्त वर्ष 2025-26 का 8.25 प्रतिशत की दर से इंटरेस्ट लगभग 34 करोड़ खातों में 15 जुलाई तक भेज दिया जाएगा। सदस्य इसे ऑनलाइन चेक कर सकेंगे।

मांडविया ने कहा, 'पहले इंटरेस्ट की घोषणा के बाद खाते में ब्याज पहुंचने में अक्टूबर-नवंबर तक का समय लग जाता था। अब यह प्रक्रिया ऑटोमेटेड और समयबद्ध हो गई है। 15 जुलाई तक सभी खातों में कुल 1.44 लाख करोड़ रुपये से अधिक ब्याज भेज दिया जाएगा।'

मांडविया ने बताया कि 5 लाख रुपये तक के क्लेम के ऑटो सेटलमेंट के तहत सेटलमेंट के दिन ही पैसा सदस्य के बैंक खाते में चला जाएगा। फाइनल सेटलमेंट में अब ब्याज की गणना पेमेंट ऑथराइजेशन की तारीख तक की जाएगी। पहले पिछले महीने के अंतिम दिन तक ही ब्याज की गणना होती थी। पेंशनर किसी भी ऑफिस से सेवा ले सकेंगे और लाइफ सर्टिफिकेट जमा कर सकेंगे। पेंशनर देश में कहीं भी अपने बैंक खाते में पेंशन ले सकेंगे। पहले उन्हें उसी ब्रांच ऑफिस से पेंशन मिलती थी, जहां उनका पेंशन पेमेंट ऑर्डर लिंक हो। जॉब बदलने पर आधार लिंक्ड वाले खातों का ऑटोमैटिक ट्रांसफर होगा और सर्विस हिस्ट्री भी इसी तरह ट्रांसफर हो जाएगी, जिससे पेंशन की पात्रता के लिए सेवा काल की निरंतरता बनी रहेगी। पहले जॉब बदलने पर पिछले और नए एंप्लॉयर के साथ ऑफिस की मंजूरी की जरूरत होती थी और सर्विस हिस्ट्री ट्रांसफर के लिए अलग से क्लेम करना होता था।

# एसडीएम ने किया दो साइबर कैफे का औचक निरीक्षण

## पैसा लेकर एसआइआर फॉर्म भर रहे 'गल्फ जॉब' साइबर कैफे को किया सील




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर 2026) में फॉर्म भरने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने वासेपुर क्षेत्र में संचालित दो साइबर कैफे का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के क्रम में वासेपुर स्थित 'गल्फ जॉब' साइबर कैफे में राशि लेकर एसआइआर फॉर्म भरे जाने का मामला प्रकाश में आया। एसडीएम के निदेर्शानुसार उक्त साइबर कैफे को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।

इसके बाद एसडीएम ने एक अन्य साइबर कैफे 'रूशान कम्युनिकेशन' में औचक निरीक्षण किया। जांच पड़ताल करने के बाद उन्होंने संचालक को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि एसआइआर फॉर्म भरने में मतदाता केवल बीएलओ, बीएलए 2, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की सहायता ले सकते हैं। किसी साइबर कैफे संचालक या अन्य व्यक्तियों द्वारा इसमें हस्तक्षेप करना अनाधिकृत है। कार्रवाई के बाद एसडीएम ने आम जनता और विशेषकर मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े फॉर्म को भरने के लिए किसी भी निजी या अनाधिकृत साइबर कैफे की सेवाएं न लें। उन्होंने कहा कि मतदाता फॉर्म को जमा करने या सुधार के लिए केवल बूथ लेवल ऑफिसर, बूथ लेवल एजेंट-2, सुपरवाइजर, वॉलेंटियर्स की ही सहायता लें, ताकि उनकी गोपनीय जानकारी सुरक्षित रहे और प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे।

एसडीएम ने बताया कि 'गल्फ जॉब' साइबर कैफे मैं राशि लेकर एसआइआर फॉर्म भरने की सूचना मिली थी, जो निरीक्षण के दौरान सही मिली। उन्होंने कहा कि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि साइबर कैफे संचालक फॉर्म में सही जानकारी भर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि यह काम बूथ लेवल ऑफिसर, बूथ लेवल एजेंट-2, सुपरवाइजर, वॉलेंटियर्स का है। एसडीएम ने कहा कि कोई भी साइबर कैफे संचालक या व्यक्ति चुनाव कार्य का व्यवसायीकरण और उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। यह एक अपराध है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह के अनाधिकृत कार्यों में लिप्त पाए जाने वाले साइबर कैफे और व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ में कहा कि आगे भी इसी तरह से औचक निरीक्षण जारी रहेगा।

निरीक्षण के दौरान एनडीसी दीपक कुमार दुबे, नगर निगम के इंस्पेक्टर अनिल कुमार, एसडीएम कार्यालय के विनोद सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## दो गिरफ्तार

कटिहार। रेलवे सुरक्षा बल ईस्ट पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ ने रेलवे संपत्ति की चोरी के एक महत्वपूर्ण मामले का सफल उद्भेदन करते हुए दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से चोरी की गई रेलवे लोकोमोटिव की तांबे की पाइप बरामद की गई है। पूछताछ में यह भी बताया कि दोनों आरोपी रेलवे सामग्री की चोरी के अलावा चलती ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करने की घटनाओं में भी संलिप्त रहे हैं।जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल 2026 की रात कटिहार स्टेशन यार्ड के लाइन संख्या-09 पर खड़े रेलवे इंजन से लगभग 18 फीट लंबी तीन कॉपर पाइप काटकर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट कटिहार-पूर्व में कांड संख्या 11/2026 रेलवे संपत्ति अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।आरपीएफ द्वारा तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 8 जुलाई 2026 को आरपीएफ टीम ने बंटी कुमार पासी तथा महबूब को गिरफ्तार कर लिया।

# एनएसयूआई ने चलाया छात्रों की गूंज अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाताा**

**धनबाद।** पीके रॉय कॉलेज में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय अध्यक्ष राज रंजन सिंह की अध्यक्षता में छात्रों की गूंज अभियान चलाया गया। इस दौरान कुमार गौरव भी मौजूद थे।

राज रंजन सिंह ने इस अभियान को ले के छात्रों को बताया कि इस अभियान का मकसद क्या है। छात्रों की समस्याएं सुनना - जैसे हर शाल पेपर लीक,फीस, स्कॉलरशिप, परीक्षा, रोजगार, छात्रों की आवाज को सरकार तक पहुंचाना केंद्रीय सरकार की लापरवाही से हर शाल पेपर लीक का मामला सामने आता है और बहुत से छात्र आत्महत्या कर लेते है लेकिन इसको ले के सरकार ने कोई भी सख्त कार्रवाई नहीं करती है ।झारखंड के सभी कॉलेज-यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए चलाया गया है ये अभियान इसका मकसद है छात्रों को एक प्लेटफॉर्म देना ताकि वो अपनी बात खुलकर रख सकें और संगठन से जुड़ सकें।मौके कुमार गौरव, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय अध्यक्ष राज रंजन सिंह, पीके रॉय कॉलेज उपाध्यक्ष नवनीत कुमार, गौरव कुमार, ध्रुव, संभव ठाकुर अंकुश,आयुष, अनुराग, राज, ओम,साहिल तथा आदि लोग मौजूद थे।

# गैंगरेप के दोनों आरोपित गिरफ्तार

- सड़क किनारे बदहवास मिली पीड़िता
- पीड़िता को आरोपितों ने जबरन पिलाई शराब



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो के एमजीएम थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हालांकि, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज छह घंटे के भीतर दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान ओम प्रकाश और जितेंद्र शर्मा के रूप में हुई है।

मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की और वारदात के महज 6 घंटे के भीतर दोनों को दबोच लिया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ ही आगे की कानूनी प्रक्रिया तेज कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को दिए अपने बयान में पूरी आपबीती बयां की है। महिला के अनुसार दोनों आरोपी उसे घुमाने के बहाने डिमना लेक के मिर्जडीह की ओर ले गए, जहां उन्होंने उसे जबरन शराब पिलाई। इसके बाद आरोपी उसे एमजीएम थाना क्षेत्र के रूपाईडांगा ले गए, जहां दोबारा उसे जबरन शराब का सेवन कराया गया।

जब महिला ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद दोनों दरिंदों ने उसके साथ बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया और उसे सड़क किनारे बदहवास हालत में छोड़कर फरार हो गए।

सड़क किनारे महिला को लाचार और घायल स्थिति में पड़ा देख स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना एमजीएम थाना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता को तुरंत इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की स्थिति स्थिर होने के बाद उससे पूछताछ की गई, जिसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

# हाईकोर्ट ने नगर आयुक्त को लगायी फटकार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में लगातार बढ़ रही ट्रैफिक अव्यवस्था, अतिक्रमण और खराब सीसीटीवी कैमरों के मामले में झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने हजारीबाग नगर आयुक्त को अवमानना नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि उनके खिलाफ न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई क्यों नहीं शुरू की जाए। अदालत ने नगर आयुक्त को 17 जुलाई तक व्यक्तिगत रूप से शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने कहा कि जब नौ जनवरी और 16 फरवरी को स्पष्ट रूप से नगर आयुक्त को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया गया था, तो उनकी जगह नगर निगम के कार्यपालक अभियंता ने शपथ पत्र कैसे दाखिल कर दिया।

अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि न्यायालय के स्पष्ट आदेशों की इस तरह अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती। कोर्ट ने हजारीबाग जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी कड़ी नाराजगी जताई।

अदालत ने कहा कि उसके कई आदेशों के बावजूद शहर में आज तक ट्रैफिक लाइट की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। अधिकांश सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं, प्रमुख सड़कों पर रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है और शहर में व्यापक अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।

अदालत ने जिला प्रशासन को 17 जुलाई तक ट्रैफिक व्यवस्था की वास्तविक स्थिति और उठाए गए कदमों पर विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी अच्युत स्वरूप मिश्र ने अदालत के समक्ष संक्षिप्त नोट प्रस्तुत करते हुए कहा कि 28 अगस्त 2025 को पारित हाई कोर्ट के आदेश का अब तक पालन नहीं किया गया है।

शहर में सड़कों और पार्किंग स्थलों पर अतिक्रमण जारी है, ट्रैफिक लाइट नहीं लगाई गई हैं और अधिकांश सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं। उन्होंने कहा कि निगरानी व्यवस्था ठप रहने के कारण चोरी और छिनतई जैसी आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है।

खंडपीठ ने पूर्व में पारित अपने आदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि हजारीबाग शहर में पार्किंग स्थलों से अतिक्रमण हटाना, यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना तथा बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को तत्काल चालू करना आवश्यक है। अदालत ने यह भी कहा कि वर्ष 2017 में लगाए गए करीब 160 सीसीटीवी कैमरे वार्षिक मेंटनेंस कांट्रेक्ट (एएमसी) नहीं होने के कारण वर्षों से बंद पड़े हैं, जो प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण है।

# झाड़-फूंक के नाम पर बुजुर्ग महिला से लाखों के सोने के गहनों की ठगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सदर थाना क्षेत्र के बिसनपुर में 70 वर्षीय राजकुमारी देवी को दो ठगों ने बातों में फंसाकर लाखों रुपये के सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, बिसनपुर निवासी त्रिलोकी यादव की पत्नी राजकुमारी देवी के पास दो अज्ञात ठग पहुंचे। काले कपड़े और हरे गमछे में आए ठगों ने तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक के जरिए घर की परेशानियां दूर करने का दावा किया। उनकी बातों में आकर बुजुर्ग महिला ने कान के झुमके, गले का सोने का लॉकेट और हाथ के कंगन उतारकर ठगों के कहने पर गमछे में रख दिए।

इसके बाद ठगों ने महिला से 51 कदम पीछे मुड़कर चलने को कहा। जैसे ही महिला आगे बढ़ी, दोनों ठग सोने के गहने लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही धनबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। घटना के बाद बुजुर्ग महिला का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि झाड़-फूंक या तंत्र-मंत्र के नाम पर किसी अजनबी की बातों में न आएं।

## कटाव रोधी कार्य की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनिहारी।** गंगा के बढ़ते कटाव को लेकर जदयू जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुमति देवी ने प्रशासन से मरगहा से सोना खाल तक युद्धस्तर पर कटाव रोधी कार्य कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं कटाव स्थल का निरीक्षण किया।इस दौरान विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अधिकारियों को मौके की गंभीर स्थिति से अवगत कराया। सुमति देवी ने कहा कि वर्तमान में केवल दो दर्जन के करीब मजदूरों से कटाव रोकना संभव नहीं है। कटाव स्थल पर बड़ी संख्या में मजदूरों को लगाकर बालू से भरे बोरे डालने का कार्य तत्काल शुरू कराया जाए, ताकि गंगा के बढ़ते दबाव को रोका जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।उन्होंने कहा कि कटाव रोधी कार्य सिर्फ मरगहा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि वहां से लगभग तीन किलोमीटर पश्चिम स्थित सोना खाल तक भी कराया जाना जरूरी है। गंगा का बदलता बहाव लगातार नए क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले रहा है।

# बैठक में बचत खाता और डाक जीवन बीमा से अधिक लोगों को जोड़ने पर जोर

## ग्रामीण डाक सेवकों एवं शाखा डाकघर कर्मियों की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा/सोनपुर (सारण)।** ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का दायरा बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को सोनपुर उपमंडल में ग्रामीण डाक सेवकों, शाखा डाकपालों एवं शाखा डाकघर कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सारण के वरीय डाक अधीक्षक रासबिहारी राम ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए वरीय डाक अधीक्षक ने कहा कि डाक विभाग अब केवल डाक वितरण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बचत, बीमा एवं वित्तीय सेवाओं का भी प्रमुख माध्यम बन चुका है। उन्होंने सभी ग्रामीण डाक सेवकों से अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को डाक विभाग की योजनाओं की जानकारी देने तथा अधिक से अधिक लोगों के बचत बैंक खाते खुलवाने और डाक जीवन बीमा से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य गांव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए शाखा डाकपालों को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। बैठक में शाखा डाकघरों के कार्यों की समीक्षा भी की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डाक निरीक्षक रमेश चंद्र सहित सोनपुर उपमंडल के सभी शाखा डाकपाल एवं ग्रामीण डाक सेवक उपस्थित थे।

# बारिश के बाद बढ़ी सर्पदंश की घटनाएं

**नवबिहार आइम्स संवाददाता**

**चतरा।** जिले में बरसात के मौसम के साथ सर्पदंश के मामलों में बढ़ोतरी होने लगी है। हालात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सदर अस्पताल में प्रतिदिन औसतन तीन से चार सर्पदंश के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर दी है, ताकि किसी भी मरीज को दवा के अभाव में परेशानी न हो। जिला भंडार से हाल ही में सदर अस्पताल को 500 वायल एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध कराया गया है। जिला भंडार में फिलहाल करीब 200 वायल का स्टॉक अस्पताल में सुरक्षित है। आवश्यकता पड़ने पर जिला भंडार से अतिरिक्त आपूर्ति भी तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी। जिला भंडार प्रभारी शैलेंद्र ठाकुर ने बताया कि सदर अस्पताल के अलावा जिले के सभी छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है।

बरसात के मौसम में संभावित मांग को देखते हुए अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध कराने के लिए विभाग को पत्राचार भी किया गया है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कमी न हो। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वर्षा के दिनों में खेतों, झाड़ियों, जलजमाव वाले क्षेत्रों और कच्चे घरों के आसपास सांपों का निकलना बढ़ जाता है।

ऐसे में ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश की घटनाएं अधिक सामने आती हैं। इसी कारण सभी स्वास्थ्य संस्थानों को अलर्ट रहने और जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इधर, सिविल सर्जन डॉ. सत्येंद्र कुमार सिन्हा ने लोगों से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या घरेलू उपचार के चक्कर में समय बर्बाद न करें।

मरीज को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाएं, जहां एंटी स्नेक वेनम के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उपचार किया जाता है। समय पर इलाज मिलने से अधिकांश मामलों में मरीज की जान बचाई जा सकती है।

# आयकर बार एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** आयकर बार एसोसिएशन, धनबाद की वार्षिक आम सभा का आयोजन धनबाद क्लब के प्रांगण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभा में एसोसिएशन के 70 से अधिक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगान से की गई। कार्यक्रम का संचालन संगठन के सचिव एडवोकेट मनीष पसारी द्वारा की गई। इसके उपरांत संगठन के अध्यक्ष ललित झुनझुनवाला ने अपना अध्यक्षीय भाषण दिया।

उन्होंने वर्ष 2025-26 में हुए कार्यक्रम एवं संगोष्ठी के लिए पूरी कार्यकारिणी एवं सदस्यों को धन्यवाद दिया। सचिव मनीष पसारी ने पूरे वर्ष में हुए कार्यक्रमों का सभी सदस्यों को विस्तृत विवरण प्रदान किया। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सीए विनय कुमार अग्रवाल द्वारा वर्ष का अंकेक्षित वित्तीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे सदन द्वारा अनुमोदित किया। इसके उपरांत सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में भरतेश सपरिया को अध्यक्ष, सीए श्याम पसारी को उपाध्यक्ष, मनीष पसारी को सचिव, अधिवक्ता मनोज अग्रवाल एवं अधिवक्ता विकास गुप्ता को संयुक्त सचिव तथा सीए विनय कुमार अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के 11 पदों के लिए कुल 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। निर्वाचन अधिकारी राजेश सिंघल एवं आर बी गोयल के देखरेख मे निर्वाचन के उपरांत सीए विवेक अग्रवाल, सीए रोहित चौधरी, अधिवक्ता विवेक पसारी, सीए मनोज सपरिया, सीए अमित डालमिया, अधिवक्ता नितिन हडोदिया, अधिवक्ता गोपाल शर्मा, अधिवक्ता पंकज केजरीवाल, अधिवक्ता कुंदन प्रकाश सिन्हा, अधिवक्ता विक्टर चंद्र तथा सीए अनुभव कनोडिया कार्यकारिणी सदस्य घोषित किए गए। कार्यकारिणी द्वारा विगत कार्यकाल में संपादित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। एसोसिएशन द्वारा फरवरी माह में आयोजित राष्ट्रीय कर संगोष्ठी, नियमित स्टडी सर्किल होली एवं दीपावली मिलन जैसे अनेक सफल कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनकी सदस्यों ने सराहना की।

बैठक में भविष्य में सदस्यों के व्यावसायिक ज्ञानवर्धन, कराधान संबंधी सेमिनारों एवं अध्ययन कार्यक्रमों के नियमित आयोजन तथा आयकर अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं आयकर विभाग के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे एसोसिएशन की गरिमा एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए सदस्यों के हितों की रक्षा तथा संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इसके उपरांत धनबाद के प्रतिष्ठित म्युचुअल फंड विक्रेता जयप्रकाश अग्रवालजी नारायणी सिक्योरिटीज द्वारा बंधन म्युचुअल फंड के ऊपर में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रविंद्र पटानिया, गोपाल अग्रवाल, अनिल मुकीम, केशव हड़ोदिया, सुरेंद्र पसारी, राजेश मटालिया इत्यादि मौजूद थे।

# रिश्वत लेते दबोचे गये अंचल के प्रधान लिपिक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरैयाहाट ।** झारखंड की उप राजधानी दुमका के सरैयाहाट प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को एसीबी ने रेड कर 5000 रुपये रिश्वत लेते हुए प्रधान लिपिक आनंद भारद्वाज को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद प्रधान लिपिक को दुमका आफिस में लाकर एसीबी पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार आनंद भारद्वाज ने जमीन विवाद के मामले में रिपोर्ट देने के एवज में उसने 25 हजार रुपये मांगे थे। इस मामले की शिकायत एसीबी दुमका से की गई थी। शिकायत सही पाये जाने के बाद दुमका एसीबी ने कार्रवाई की। बतौर अग्रिम 5000 रुपये लेते हुए एसीबी ने प्रधान लिपिक आनंद भारद्वाज को धर दबोचा है। आनंद भारद्वार से एसीबी पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद उसे दुमका जेल न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**प्राणपुर।** पाट अनुसंधान केन्द्र कटिहार की ओर से एक दिवसीय प्रक्षेत्र दिवस एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति उपयोजन के तहत नाथनगर गाँव प्राणपुर में किया गया ।इसमें प्राणपुर प्रखंड के लगभग 50 किसानों ने भाग लेकर जूट की अति आधुनिक तकनीक की जानकारी ली। प्रभारी पदाधिकारी दिवाकर पासवान ने किसानों को जूट के आधुनिक सड़न विधि के उपर प्रकाश डाला और क्रीजाफ सोना पाउडर का इस्तेमाल कर किस तरह स्वस्थ और कम अवधि में पाट को सड़ाकर उन्नत पाट प्राप्त किया जा सकता है। जिससे किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो सके ।कार्यक्रम में केंद्र के अन्य वैज्ञानिक डा. परितोष कुमार, पौधा रोग विशेषज्ञ एवं डा. लाल बाबु कुमार, कीट वैज्ञानिक ने पौधों में लगने वाले अन्य रोगों एवं व्याधियों के बचाव से किसानों को रूबरू किया।




## अपनी बायोपिक का पहला पोस्टर लॉन्च होने पर बोले गांगुली

# 'यह अब तक का सबसे अच्छा बर्थडे गिफ्ट'

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने बुधवार को अपने 54वें जन्मदिन पर अपनी बायोपिक, 'दादाः द सौरव गांगुली स्टोरी' के फर्स्ट-लुक पोस्टर के लॉन्च को 'अब तक का सबसे अच्छा बर्थडे गिफ्ट' बताया। नेशनल अवॉर्ड विजेता एक्टर राजकुमार राव स्टारर यह फिल्म अगले साल 14 मई को थिएटर में रिलीज होगी। पोस्टर लॉन्च के बाद अपने पहले रिएक्शन में गांगुली ने कहा कि इस मौके ने उनके जन्मदिन को और भी खास बना दिया। उन्होंने कहा, 'जन्मदिन हमेशा खास होते हैं और आज मेरी बायोपिक 'दादा - द सौरव गांगुली स्टोरी' का फर्स्ट लुक रिलीज होने से यह और भी यादगार बन गया है। यह सच में अब तक का सबसे अच्छा बर्थडे गिफ्ट है।' पूर्व कप्तान ने कहा कि फिल्म का यह पोस्टर उन्हें उनके क्रिकेट करियर के सबसे यादगार और अहम पलों में से एक की याद दिलाता है। उन्होंने राजकुमार राव पर भरोसा जताते हुए कहा कि अभिनेता ने उनके जीवन और संघर्ष को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ पर्दे पर उतारा है। उन्होंने कहा, 'यह पोस्टर मुझे मेरे क्रिकेट सफर के एक बेहद खास पल में वापस ले जाता है। राजकुमार ने इस किरदार को पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। मुझे भरोसा है कि वह मेरी कहानी को दर्शकों तक बेहतरीन तरीके से पहुंचाएंगे।'

फिल्म के निर्माताओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए गांगुली ने उम्मीद जताई कि जब यह बायोपिक अगले साल सिनेमाघरों में आएगी, तो दर्शक बड़ी




संख्या में इसे देखने आएंगे। उन्होंने कहा, 'मैं उन्हें और पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि फैंस 14 मई 2027 को बड़े पर्दे पर फिल्म का आनंद लेंगे।'

गांगुली के जन्मदिन के मौके पर जारी किए गए फिल्म के फर्स्ट-लुक पोस्टर में अभिनेता राजकुमार राव भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे यादगार पलों में से एक को दोबारा जीवंत करते नजर आते हैं। पोस्टर में वह लॉर्ड्स की बालकनी में शर्ट उतारकर खड़े हैं, ठीक उसी अंदाज में जैसे सौरव गांगुली ने 2002 नेटवेस्ट ट्रॉफी फाइनल में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद जश्न मनाया था। पोस्टर की पृष्ठभूमि में लहराता विशाल तिरंगा इस ऐतिहासिक पल को और भी भव्य बना रहा है।




**चित्रा के. सोमन**

**कड़ी मेहनत से बनाई पहचान**

# कॉमनवेल्थ गेम्स में जीता सिल्वर मेडल

### ग्रांड प्रिक्स में भी लहराया परचम

नई दिल्ली। कुछ खिलाड़ियों में टैलेंट कूट-कूटकर भरा होता है, तो कुछ खिलाड़ी कड़ी मेहनत के दम पर अपनी पहचान बनाते हैं। ऐसी ही खिलाड़ी रहीं चित्रा.के.सोमन, जिन्होंने अपनी मेहनत के दम पर 400 मीटर की दौड़ में देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया। चित्रा का जन्म 10 जुलाई, 1983 को केरल के कोट्टायम में हुआ। चित्रा को शुरुआत से ही दौड़ने का काफी शौक था। वह स्कूल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थीं। जल्द ही उनकी काबिलियत को कोच ने पहचाना और चित्रा ने बतौर धावक करियर बनाने का फैसला कर लिया। साधारण परिवार में जन्मीं चित्रा ने अपनी लगन और कड़ी मेहनत के दम पर सफलता की सीढ़ियां चढ़ती चली गईं। साल 2004 में हुए एथेंस ओलंपिक में 4×400 मीटर रिले स्पर्धा में चित्रा ने हिस्सा लिया और वह सातवें स्थान पर रहीं। टीम स्पर्धा में उन्होंने मंजीत कौर, के.एम.बीनामोल और राजविंदर कौर के साथ मिलकर 4×400 मीटर रिले में नेशनल रिकॉर्ड बनाया। टीम की साथी खिलाड़ियों संग मिलकर उन्होंने यह रिले 3:26.89 मिनट में पूरी की। इस प्रदर्शन ने विश्व स्तर पर उनको पहचान दिलाने का काम किया। साल 2006 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में चित्रा का प्रदर्शन लाजवाब रहा और वह सिल्वर मेडल जीतने वाली रिले टीम का हिस्सा रहीं।

इसके बाद, साल 2007 में हुई एशियाई ग्रांड प्रिक्स में भी चित्रा का जलवा देखने को मिला। उन्होंने 400 मीटर की दौड़ में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 400 मीटर की दौड़ को चित्रा ने 51.30 सेकंड में पूरा किया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। साल 2007 में चित्रा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारतीय सरकार द्वारा 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। चित्रा ने उस दौर में इस खेल में अपनी पहचान बनाई, जब काफी सीमित साधन हुआ करते थे। वह उन तमाम महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं, जो छोटे शहर से आकर अपने खेल के दम पर विश्व में पहचान बनाने की इच्छा रखती हैं।

**आईसीसीटी-20 रैंकिंग**

# किशन शीर्ष पर बरकरार

### ● जैकब बेथेल ने लगाई लंबी छलांग






**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी टी20 के बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय टीम के बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाजों ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। ईशान किशन टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं, जबकि अभिषेक शर्मा दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान तीसरे और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका के पाथुम निसांका पांचवें स्थान पर हैं। भारत के तिलक वर्मा छठे, इंग्लैंड के जोस बटलर सातवें स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ जारी टी20 सीरीज के दूसरे मैच में नाबाद 76 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज जैकब बेथेल को रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। बेथेल 7 स्थान ऊपर चढ़ते हुए आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श नौवें, जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दसवें स्थान पर हैं। टी20 गेंदबाजों की बात करें तो अफगानिस्तान के राशिद खान पहले, पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे, इंग्लैंड के आदिल रशीद 1 स्थान ऊपर चढ़ते हुए तीसरे, और ऑस्ट्रेलिया के एडम जांपा 1 स्थान ऊपर चढ़ते हुए चौथे स्थान पर हैं। भारत के वरुण चक्रवर्ती को 2 स्थान का घाटा हुआ है, वह पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस और दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बोश क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर हैं। दोनों को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। जसप्रीत बुमराह को दो स्थान का घाटा हुआ है, वह आठवें स्थान पर हैं।

# बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम घोषित

### शुम्बा और न्यूमैन न्यामहुरी को मौका

**हरारे।** बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली 3 टी20 मैचों की घरेलू सीरीज के लिए जिम्बाब्वे क्रिकेट ने बुधवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम की कमान सिकंदर रजा के हाथ में है। इस टीम में ज्यादातर वही खिलाड़ी हैं जो टी20 विश्व कप 2026 में जिम्बाब्वे को सुपर-8 तक पहुंचाने वाले कैंपेन का हिस्सा रहे थे। हरारे में चल रही वनडे सीरीज समाप्त होने के बाद 15, 17 और 19 जुलाई को बुलावायो में 3 टी20 मैच खेले जाने हैं। टीम में दो




बदलाव हुए हैं। युवा तेज गेंदबाज न्यूमैन न्यामहुरी और बल्लेबाज मिल्टन शुम्बा को शामिल किया गया है। न्यामहुरी ने टी20 फॉर्मेट में अभी तक डेब्यू नहीं किया है। शुम्बा ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 विश्व कप के बाद पहली बार टी20 टीम में लौटे हैं। बल्लेबाज बेन कुरेन, जिन्हें इस साल की शुरुआत में ब्रेंडन टेलर की चोट के बाद टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया था, ने अपनी जगह बरकरार रखी है। ग्रेम क्रेमर बाएं हाथ में इंजरी की वजह से चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

चयनकर्ता संयोजक डेविड मुटेंडेरा ने कहा कि टीम का चयन करते समय निरंतरता पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया गया था। उन्होंने कहा, 'टी20 विश्व कप ने दिखाया कि यह ग्रुप क्या करने में काबिल है, इसलिए निरंतरता हमारे लिए एक जरूरी बात थी। हम सुपर आठ तक पहुंचने वाली टीम के कोर को एक साथ रखना चाहते थे, साथ ही उन खिलाड़ियों के लिए भी जगह बनाना चाहते थे जिन्होंने अपने प्रदर्शन से अपने लिए मौके बनाए हैं। यह सीरीज टीम को आगे बढ़ने का एक और मौका देती है क्योंकि हम आगे के बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की तैयारी कर रहे हैं।'

### जिम्बाब्वे टीम

सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, बेन कुरेन, ब्रैड इवांस, क्लाइव मडांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमानी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजराबानी, डियोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, न्यूमैन न्यामहुरी, मिल्टन शुम्बा।

# लॉर्ड्स में महिलाओं का टेस्ट मैच एक शानदार मौका

### इसका बेसब्री से इंतजार हैः भारतीय कोच मजूमदार

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच 10 जुलाई से लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर इकलौता टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस खास मौके पर खुशी जाहिर करते हुए भारतीय हेड कोच अमोल मजूमदार ने बुधवार को कहा कि 'होम ऑफ क्रिकेट' में टेस्ट मैच खेलना किसी भी भारतीय क्रिकेटर का सबसे बड़ा सपना होता है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में मजूमदार ने कहा, 'यह सोचकर ही हैरानी होती है कि लॉर्ड्स में यह पहला टेस्ट मैच (विमेंस) है। इसके बावजूद, मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं। मैं इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यह एक शानदार मौका है और हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। किसी भी भारतीय क्रिकेटर के लिए टेस्ट मैच खेलना ही एक सपना होता है, फिर लॉर्ड्स में खेलने की बात ही अलग है। मुझे यकीन है कि इस मुकाबले में जो भी खिलाड़ी सफेद जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेंगे, उन्हें लॉर्ड्स में टेस्ट मैच खेलने पर गर्व होगा।' उन्होंने कहा, 'हमने ड्रेसिंग रूम में हमेशा यही बात कही है। पारंपरिक रूप से हमने टेस्ट मुकाबलों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले ही हर कोई लॉर्ड्स में होने वाले टेस्ट मैच के बारे में बात कर रहा था। अब वह समय आ गया है, इसलिए खिलाड़ी निश्चित रूप से इसे लेकर उत्साहित होंगे।'

भारत ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन किया। लीग स्टेज से बाहर होने के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के विरुद्ध इस टेस्ट मैच में उतरेगी। मजूमदार ने स्वीकार किया है कि हालांकि प्रदर्शन 'मिला-जुला'




रहा, लेकिन टीम ने सफलतापूर्वक अपना ध्यान सबसे लंबे फॉर्मेट पर लगा लिया है।

उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, यह मिला-जुला रहा है। हमें हार से उबरना था। हम निश्चित रूप से निराश थे। हमारा वर्ल्ड कप बहुत अच्छा नहीं रहा, लेकिन इसके बावजूद, टीम का जज्बा सामने आना जरूरी था और हमें उस दौर से बाहर निकलकर जल्द ही टेस्ट मैच की तैयारी में जुटना था। मुझे लगता है कि हम ऐसा करने में कामयाब रहे हैं। हमने वर्म्सले क्रिकेट क्लब में तैयारी के पांच बहुत अच्छे दिन बिताए। यह एक खूबसूरत मैदान है और तैयारी के लिए एकदम सही जगह है और फिर यहां लॉर्ड्स में भी। हमारी तैयारी अच्छी रही है।'

## टैमी ब्यूमोंट भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लेंगी संन्यास

**लंदन।** इंग्लैंड की अनुभवी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। टैमी भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले जाने वाले मुकाबले के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहेंगी। टैमी अपने 17 साल के शानदार करियर का अंत इस मशहूर मैदान पर टेस्ट मैच के साथ करेंगी, जिसकी शुरुआत 10 जुलाई से होगी। नवंबर 2009 में अपने अंतरराष्ट्रीय सफर की शुरुआत करने वालीं टैमी ने इंग्लैंड के लिए सभी फॉर्मेट में कुल 260 मैच खेले, जिसमें 7,325 रन बनाए। टैमी वनडे फॉर्मेट में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक 12 शतक लगाने वाली महिला खिलाड़ी हैं, जो साल 2017 में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड की ऐतिहासिक महिला वनडे वर्ल्ड कप जीत की मुख्य सूत्रधार थीं। उस टूर्नामेंट में टैमी ने सर्वाधिक 410 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की तरफ से जारी एक बयान में टैमी ने कहा, 'करीब 17 साल तक इंग्लैंड के लिए खेलना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान रहा है। जब छोटी उम्र में क्रिकेट खेलने का शौक जगा, तब मुझे शायद ही पता था कि इंग्लैंड के



लिए क्रिकेट खेलना भी एक विकल्प हो सकता है। यह सोचकर मुझे बहुत खुशी होती है कि कितनी लड़कियां और लड़के इससे प्रेरित हुए हैं। हम हमेशा अगली पीढ़ी के लिए इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहते थे, और अब मेरे लिए यह मौका आ गया है कि मैं इंग्लैंड के खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को यह जिम्मेदारी सौंप दूं। लॉर्ड्स में होने वाला यह टेस्ट मैच, जो लॉर्ड्स में महिलाओं का पहला टेस्ट है, मेरे करियर को अलविदा कहने का सबसे सही मौका है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मेरा करियर इतना शानदार होगा।'

35 वर्षीय टैमी इंग्लैंड की उन दो महिला खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने खेल के तीनों फॉर्मेट में शतक लगाया है। टैमी टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाली पहली इंग्लिश महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने साल 2023 में विमेंस एशेज के दौरान ट्रेंट ब्रिज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 208 रन बनाए थे। टैमी ब्यूमोंट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि वह घरेलू क्रिकेट में 'द ब्लेज' और 'द हंड्रेड' में 'बर्मिंघम फीनिक्स' के लिए खेलना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखूंगी, लेकिन अपने शानदार सपोर्ट के लिए सभी फैंस का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

**फीफा विश्व कपः मोरक्को को झटका**

# फॉरवर्ड सैबारी फ्रांस के खिलाफ क्वार्टर-फाइनल से हुए बाहर

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर-फाइनल में फ्रांस जैसी मजबूत टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले मोरक्को को बड़ा झटका लगा है। उनके मुख्य फॉरवर्ड इस्माइल सैबारी चोट के कारण इस अहम मैच से बाहर हो गए हैं। मोरक्को के हेड कोच मोहम्मद ओआबी ने गुरुवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सैबारी के बाहर होने की पुष्टि की। ओआबी के अनुसार, कनाडा के खिलाफ राउंड ऑफ 16 की जीत के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट लगने के बाद यह फॉरवर्ड समय पर ठीक नहीं हो सका। हालांकि, कोच को उम्मीद है कि अगर उनकी टीम सेमीफाइनल में पहुंचती है, तो 25 वर्षीय खिलाड़ी फिट हो जाएगा। मैच से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ओआबी ने कहा, 'वह तैयार नहीं हैं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए टूर्नामेंट का अंत नहीं है।'

सैबारी मौजूदा टूर्नामेंट में अफ्रीकी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने ग्रुप स्टेज के तीनों मैचों में गोल किए और राउंड ऑफ 32 में नीदरलैंड के खिलाफ निर्णायक



शूटआउट में पेनल्टी को गोल में बदला। उनकी अनुपस्थिति के कारण मोरक्को को 2022 वर्ल्ड कप की उपविजेता टीम के खिलाफ अधिक रक्षात्मक रणनीति अपनानी पड़ सकती है।

फीफा ने फ्रांस और मोरक्को के बीच क्वार्टर-फाइनल मुकाबले के लिए पूरी तरह से अर्जेंटीना के अधिकारियों की टीम नियुक्त करके एक बड़ी बहस छेड़ दी है। 2026 टूर्नामेंट में यह पहली बार है जब किसी मैच का संचालन पूरी तरह से एक ही देश के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। हालांकि, मोरक्को के कोच ने अधिकारियों के प्रभाव को कम करके आंका है।

मैच से पहले अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेफरी के बारे में उन्होंने कहा, 'हम एक बहुत अनुभवी रेफरी की बात कर रहे हैं। हम यही चाहते हैं। हम इस तरह के मैचों के लिए अनुभवी रेफरी चाहते हैं। इसलिए हम बहुत शांत हैं। नीदरलैंड्स का सामना करने से पहले हमारे मैच में एक डच रेफरी था और उसने बहुत अच्छा काम किया था।

# नगर निगम की बैठक में राजस्व बढ़ाने व जलजमाव हटाने पर दिया गया जोर

## निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाने का दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** नगर निगम की साधारण बोर्ड बैठक बुधवार को महापौर अरविंद राणा की अध्यक्षता में निगम सभागार में हुई। करीब पांच घंटे तक चली बैठक में शहर की पेयजल व्यवस्था, सड़क-नाली निर्माण, जलजमाव, वित्त आयोग की योजनाएं, राजस्व वृद्धि, अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक सुबह 11:30 बजे राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई और शाम चार बजे समाप्त हुई। पहली बार पदेन सदस्य के रूप में सांसद मनीष जायसवाल बैठक में शामिल हुए। बैठक का सबसे अहम निर्णय नगर निगम के कार्यपालक अभियंता के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करना रहा। सदन ने पेयजल आपूर्ति में लगातार आ रही समस्याओं, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं तथा विकास योजनाओं के कार्यस्थलों पर अनिवार्य सूचना बोर्ड नहीं लगाए जाने को गंभीर लापरवाही माना। महापौर अरविंद राणा ने कहा कि सूचना बोर्ड नहीं होने से आम लोगों को योजना की लागत, अवधि, संवेदक और कार्य की प्रगति की जानकारी नहीं मिल पाती, जिससे पारदर्शिता प्रभावित होती है। इन मुद्दों को गंभीर मानते हुए महापौर ने कार्यपालक अभियंता के खिलाफ निंदा प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। साथ ही निर्देश दिया गया कि सभी निर्माण स्थलों पर सूचना बोर्ड लगाए जाएं, कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराए जाएं और पेयजल व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में अनियमितता या गुणवत्ता से समझौता करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। बैठक में 13वें एवं 16वें वित्त आयोग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपलब्ध राशि का शीघ्र उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। वार्डों से प्राप्त लगभग 37 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं को जल्द स्वीकृति देकर कार्य शुरू कराने का निर्णय लिया गया। महापौर ने सदन के समक्ष शहर के विकास से जुड़े 25 महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे, जिनमें लगभग 50 तालाबों एवं जलस्त्रोतों का संरक्षण, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण प्रमुख रहा। तालाबों पर अतिक्रमण हटाने तथा सुरक्षा दीवार निर्माण की दिशा में भी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि नगर निगम की पहली प्राथमिकता सड़क, नाली और जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करना होना चाहिए। उन्होंने केशव हॉल के समीप नगर निगम की भूमि पर पार्किंग विकसित करने, पुराना बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी का विस्तार करने तथा फुटपाथी दुकानदारों के व्यवस्थित पुनर्वास का सुझाव दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सफाई और ड्रेनेज कार्यों के लिए आधुनिक मशीनों या अन्य आवश्यक संसाधनों की जरूरत पड़ने पर सांसद निधि से सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में शिवपुरी नाला, कोनार नदी में छठ घाट सहित 42 महत्वाकांक्षी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। सांसद ने इन योजनाओं का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजने का सुझाव दिया तथा केंद्र से वित्तीय स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। मानसून की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत 150 अतिरिक्त श्रमिकों की तैनाती कर पिछले 15 से 20 दिनों में शहर के प्रमुख नालों की विशेष सफाई कराई गई है। शेष क्षेत्रों में भी अभियान जारी है। जलजमाव की सूचना मिलते ही राहत टीम भेजकर समस्या का समाधान करने का दावा किया गया।

## परीक्षा देने जा रहे दो युवक घायल

**जमुई/झाझा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झाझा थाना क्षेत्र के संसारपुर के समीप गुरुवार की सुबह कुत्ते को बचाने के प्रयास में स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। हादसे में स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान हथिया गांव निवासी अभिनव कुमार सिंह और सौरभ कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी झाझा पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों की स्थिति पर नजर रखी। समय पर इलाज मिलने से दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घायल युवक के स्वजन सुमन सिंह ने बताया कि अभिनव और शौरभ स्कूटी से कटौना परीक्षा देने जा रहे थे तभी संसारपुर के समीप अचानक एक कुत्ता सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने स्कूटी का संतुलन खो दिया, जिससे वाहन फिसल गया और दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।घटना की सूचना मिलने के बाद स्वजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## निःशुल्क हृदय जांच एवं ऑपरेशन पंजीकरण शिविर 18 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के 'गिफ्ट ऑफ लाइफ' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए 18 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक न्याय सदन सभागार, कैंप-2, बोकारो में निःशुल्क हृदय जांच एवं हार्ट ऑपरेशन पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। सिविल सर्जन, बोकारो डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं उच्चस्तरीय उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि उनका समुचित इलाज सुनिश्चित किया जा सके। डी.ई.आई.सी. मैनेजर मो. वसीम ने बताया कि इस शिविर में 0 से 18 वर्ष तक के ऐसे सभी बच्चे, जिन्हें जन्मजात हृदय रोग की समस्या है अथवा उसके लक्षण दिखाई देते हैं, निःशुल्क जांच करवा सकते हैं। जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार चयनित बच्चों का अमृता अस्पताल, कोच्चि (केरल) में हार्ट ऑपरेशन एवं उपचार पूरी तरह निःशुल्क कराया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार यदि किसी बच्चे को सांस लेने में कठिनाई, बार-बार निमोनिया या छाती में संक्रमण, वजन नहीं बढ़ना, शारीरिक कमजोरी, होंठ, नाखून या त्वचा का नीला पड़ना (सायनोसिस), दूध पीते समय जल्दी थक जाना अथवा दिल की धड़कन असामान्य रूप से तेज महसूस होना जैसी समस्याएं हों, तो यह जन्मजात हृदय रोग के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे बच्चों को इस शिविर में अवश्य लाकर जांच कराएं। शिविर में पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए मो. वसीम तथा डॉ. अरविंद कुमार, मेडिकल ऑफिसर, आर बी एस के, चास से संपर्क किया जा सकता है। सिविल सर्जन, बोकारो डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि यदि उनके परिवार या आसपास किसी बच्चे में जन्मजात हृदय रोग के लक्षण दिखाई दें, तो इस निःशुल्क शिविर का लाभ अवश्य उठाएं।

# सोलर अपनाकर बिजली बिल करें शून्य : सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के बंशीलाल चौक, मंगल बाजार के समीप गुरुवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यालय का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के लाभों की जानकारी दी गई। योजना के फ्रेंचाइजी हेमंत कुमार ने ली हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने योजना के पहले लाभार्थी सुनील केशरी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि घरों की छतों पर सोलर सिस्टम लगाने से बिजली बिल लगभग शून्य हो सकता है। साथ ही आवश्यकता से अधिक बिजली का उत्पादन होने पर उसे विद्युत विभाग को देकर आर्थिक लाभ भी प्राप्त किया जा सकता है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 78 हजार तक की सब्सिडी उपलब्ध करा रही है, जिससे सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाना पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है। उन्होंने लोगों से इस जनहितकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा इसकी जानकारी अन्य लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नीलेंदु जयपुरियार ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी को बहुत जल्द समाप्त किया जा सकता है। ऐसे में हजारीबाग के लोगों को समय रहते इस योजना का लाभ उठा लेना चाहिए। कार्यक्रम में योजना का लाभ उठाने वालों में राहुल राणा, राजीव सिन्हा, प्रभात कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे। वहीं समारोह में बबलू सिंह, विजय श्री, हरीश श्रीवास्तव, के.पी.ओझा, किशोरी राणा, रंजन चौधरी, सिब्रोटी चेटरजी, सुनील सिन्हा, अमरेंद्र कुमार, पंचम, विशाल, सनी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रेलवे पुलिया के नीचे सड़क की मरम्मत शुरू

**जमुई/झाझा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झाझा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत यक्षराज स्थान जाने वाले मार्ग पर खलासी मुहल्ला के समीप स्थित रेलवे पुलिया के नीचे लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़क की मरम्मत का कार्य रेलवे की ओर से शुरू करा दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिया के नीचे सड़क काफी दिनों से क्षतिग्रस्त थी। जगह-जगह गड्ढे बनने से राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार लोग असंतुलित होकर दुर्घटना का भी शिकार हुए। बारिश के दिनों में पुलिया के नीचे भारी जलजमाव होने से स्थिति और गंभीर हो जाती थी, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था। समाजसेवी गौरव सिंह राठौड़ ने भी समस्या को लेकर कई बार रेलवे प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की थी।

# देसी रिवॉल्वर, कारतूस व अपाची बाइक के साथ एक गिरफ्तार

## अवैध हथियार तस्करी का खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बरही थाना क्षेत्र के रसोईयाधमना गांव से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक देसी रिवॉल्वर, दो जिंदा कारतूस, एक मिसफायर कारतूस, एंड्रॉयड मोबाइल और एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ जिले से अवैध हथियार खरीदकर हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचे दाम पर बेचने वाला गिरोह सक्रिय है। सूचना के अनुसार गिरोह का एक सदस्य बरही थाना क्षेत्र के रसोईयाधमना गांव में हथियार और कारतूस बेचने के लिए पहुंचा हुआ था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधाप्रेम किशोर के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने रसोईयाधमना में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस वाहन को देखकर एक युवक भागने लगा, जिसे पीछा कर पकड़ लिया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपनी पहचान मो. आमिर सोहैल उर्फ राजा बाबू निवासी रसोईयाधमना, थाना बरही, जिला हजारीबाग के रूप में बताई। कड़ी पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों सकलैन रजा उर्फ सकलेन कुरैशी, इयरार, बाबर तथा मुनाजिर हुसैन उर्फ बबलू के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह चलाता है। गिरोह रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र से कम कीमत पर अवैध हथियार खरीदकर हजारीबाग के विभिन्न इलाकों में ग्राहकों को ऊंचे दाम पर बेचकर मुनाफा कमाता था। इस कार्रवाई में एसडीपीओ बरही राधाप्रेम किशोर, बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। हजारीबाग पुलिस ने कहा कि जिले में अवैध हथियार तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हजारीबाग पुलिस ने बड़कागांव थाना कांड संख्या 120/26 में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना का सफल उद्भेदन किया है। थाना प्रभारी बड़कागांव के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में विशाल भुईयां (पिता बूटन भुईयां), विशाल भुईयां (पिता स्वर्गीय झरी भुईयां) तथा विकास भुईयां (पिता बुधन भुईयां), सभी निवासी हरिजन मोहल्ला, बड़कागांव थाना क्षेत्र, जिला हजारीबाग शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए समरसेबल, बिजली का तार एवं रस्सी बरामद कर विधिवत जब्त कर लिया।

# आदर्श ग्राम योजना से संवरेगा जमुई के 68 गांवों का भविष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमुई।** जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों के व्यापक कायाकल्प तथा हाशिए पर खड़े वंचित वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में गुरुवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में 'प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना' (पी.एम.-अजय) के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय योजना मूल्यांकन-सह-अभिसरण समिति की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का मुख्य केंद्र बिंदु जिले के उन 68 चयनित गांवों का सर्वांगीण और बहुआयामी विकास रहा, जिन्हें 'आदर्श ग्राम योजना' के तहत अंगीकार कर एक नई प्रशासनिक व सामाजिक पहचान देने का संकल्प लिया गया है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि योजना का प्राथमिक उद्देश्य गांवों का एकीकृत और ढांचागत विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों के आपसी समन्वय और धरातल पर मौजूद कमियों को दूर कर इन गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी ने रेखांकित किया कि ग्रामीण जीवन के स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के लिए निर्धारित सभी दस प्रमुख डोमेन– यथा शुद्ध पेयजल व स्वच्छता, निर्बाध विद्युत व स्वच्छ ईंधन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कृषि पद्धतियां, सुलभ स्वास्थ्य व पोषण, सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, सुदृढ़ ग्रामीण सड़कें व पक्के आवास, वित्तीय समावेशन, हर घर तक डिजिटलाइजेशन तथा युवाओं के लिए आजीविका एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तमाम लोक-कल्याणकारी योजनाओं का चयन पूरी तरह स्थानीय आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप ही होना चाहिए ताकि लक्षित वर्ग को इसका सीधा लाभ मिल सके। योजनाओं के चयन और क्रियान्वयन की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए एक बहुस्तरीय ढांचा तैयार किया गया है। कार्यशाला में जानकारी दी गई कि सबसे पहले सर्वे टीमों द्वारा जमीनी स्तर पर जाकर 'अजय ऐप' के माध्यम से डिजिटल डेटा संकलित किया जाएगा।

## आवास हेतु उपलब्ध होगा भूखंड

**जमुई (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना की सितारा योजना 2023 (उभयलिंगी व्यक्तियों का एकीकरण पुनर्वास एवं न्याय तक पहुंच योजना) के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने न्याय सदन के प्रशाल में सचिव मंजूश्री कुमारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें मलयपुर निवासी किन्नर समुदाय की मुखिया रानी किन्नर के आवेदन पर उन्हें आवास हेतु भूखंड उपलब्ध कराने को लेकर गहन मंथन किया गया। एडीएम रेवेन्यू ने वर्चुअल माध्यम से आश्वासन दिया कि एक हफ्ते के अंदर भूमि चिन्हित कर किन्नर समुदाय को आवास बनाने हेतु आवंटित किया जाएगा।

# एसआईआर के सफल संचालन को लेकर जेएसएलपीएस की दीदियों को किया गया प्रशिक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के सफल संचालन एवं शत-प्रतिशत मतदाता सत्यापन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कसमार प्रखंड कार्यालय के सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की दीदियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता सुनील चंद्र ने उपस्थित दीदियों को एसआईआर 2026 की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं उनकी जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। अपर समाहर्ता सुनील चंद्र ने कहा कि जेएसएलपीएस की दीदियां गांव-गांव एवं घर-घर तक पहुंच रखती हैं। ऐसे में वे मतदाताओं को जागरूक करने, आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान -एसआईआर 2026 के तहत गणना प्रपत्र भरने, मतदाताओं का सत्यापन, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी, स्थानांतरित, मृत एवं नए पात्र मतदाताओं से संबंधित प्रक्रिया तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही दीदियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लोगों को अभियान के प्रति जागरूक करें और समय पर सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कराने में सहयोग करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उन्हें निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का उद्देश्य एसआईआर -2026 को जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाना तथा जिले में शत-प्रतिशत सही एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है।

# सिकंदरा एवं अलीगंज प्रखंड की छह जीविका पोषित सहकारी समितियों की वार्षिक आम सभा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमुई।** जिले के सिकंदरा एवं अलीगंज प्रखंड अंतर्गत कुल छह जीविका पोषित महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समितियों की वार्षिक आम सभा का आयोजन गुरुवार को उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। सिकंदरा प्रखंड अंतर्गत सहयोग, संघर्ष, सुनहरा एवं अलीगंज प्रखंड के पहल, सखी एवं दीप समितियों के कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों एवं ग्राम संगठनों से जुड़ी बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने भाग लेकर सहकारी समितियों की गतिविधियों की समीक्षा की तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया। सिकंदरा प्रखंड के लछुआर स्थित संघर्ष जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा का उद्घाटन समिति की अध्यक्ष सुनीता देवी एवं बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक सुजीत कुमार के द्वारा सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में जीविका जिला कार्यालय से प्रबंधक संचार सुनीता कुमारी एवं जीविका की प्रखंड इकाई से टिंकू कुमार, सीताराम कुमार, मीना पासवान सहित जीविका कैडर्स एवं दीदियाँ मौजूद थी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष दीदी सुनीता कुमारी के द्वारा की गई एवं पूरे कार्यक्रम का संचालन जीविका मित्र निशा कुमारी के द्वारा की गई। आम सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन, अंकेक्षण प्रतिवेदन, आय-व्यय, लाभ-हानि एवं सभी प्रकार का खाता बही सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वहीं आगामी वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक कार्य योजना और बजट प्रस्तुत किया गया। योजना में नए समूह का गठन, जीविकोपार्जन को बढ़ावा, बैंक लिंकेज, बीमा और दीदियों का क्षमता निर्माण शामिल है। संघर्ष समिति से जुड़ी सुनैना देवी, गौरी देवी, मीनता देवी देवी ने जीविका से जुड़कर अपनी सफलता की कहानी को साझा की। उन्होंने बताया कि जीविका के माध्यम से उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण के साथ आत्मविश्वास एवं सामाजिक पहचान भी मिली है। जीविका के डीपीए संजय कुमार एवं बीपीएम अलीगंज मृत्युंजय कुमार भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में दीदियों ने अपना समूह से संकुल संघ तक का सफर साझा किया। उन्होंने बताया कि जीविका से जुड़कर उन्हें पैसे के लेन-देन, बैंक लिंकेज, जीविकोपार्जन में कितनी मदद मिली। कई दीदियों ने मुर्गी पालन, सब्जी उत्पादन, सिलाई और छोटी दुकान से अपनी आमदनी बढ़ाई है।

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता से तैयार होगा बिहार में औद्योगिक निवेश का माहौल : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमुई।** गुरुवार को केंद्रीय मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीकरणीय ऊर्जा की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक अत्यंत महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस उच्च स्तरीय बैठक में जिलाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में नवीकरणीय ऊर्जा की अपरिहार्यता और इसके बढ़ते महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा सुरक्षा के दृष्टिकोण से हरित ऊर्जा को भविष्य की मुख्य आवश्यकता बताया और साथ ही केंद्र सरकार द्वारा इसे बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए दी जा रही विभिन्न आवश्यक छूटों तथा रियायतों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात, माननीय मंत्री द्वारा जिलेवार प्रगति रिपोर्ट की गहन समीक्षा की गई और प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित किए गए सभी लक्ष्यों को एक निश्चित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण करने का कड़ा निर्देश दिया गया। इस बैठक में केंद्र सरकार की नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित महत्वाकांक्षी और जन-कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना तथा पीएम कुटीर ज्योति योजना के प्रभावी उपयोग और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में यह बात रेखांकित की गई कि निर्धारित समय सीमा के भीतर इन लक्ष्यों को प्राप्त करने से न केवल पारंपरिक ऊर्जा पर हमारी निर्भरता में भारी कमी आएगी, बल्कि ग्रामीण जीवन के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ कृषि क्षेत्र और किसानों की आर्थिक समृद्धि में भी अभूतपूर्व वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त, हरित ऊर्जा के दायरे को बढ़ाने की दिशा में सभी संबंधित अधिकारियों को एक सुदृढ़ और दूरदर्शी कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि बिहार में औद्योगिक निवेश के लिए एक आदर्श और सुरक्षित वातावरण तैयार करने में ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना बेहद आवश्यक है। इसी दूरगामी सोच के साथ, माननीय मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास हेतु आवश्यक कार्य योजना का निर्माण किया जाए और उसका धरातल पर क्रियान्वयन हर हाल में तय समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए ताकि राज्य औद्योगिक और आर्थिक विकास की नई ऊंचाइयों को छू सके।

# जर्जर बिजली तार बदलने को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई/झाझा।** झाझा नगर क्षेत्र के चर्घरा मोहल्ले में जर्जर बिजली तारों को बदलने की मांग को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पुराने और जर्जर तारों के कारण अक्सर शार्ट सर्किट की घटनाएं होती रहती हैं, जिससे आग लगने का खतरा बना रहता है। प्रदर्शन में शामिल पिंटू कुमार, जितेंद्र कुमार, करण कुमार, राजन कुमार समेत अन्य लोगों ने बताया कि गुरुवार को भी बिजली तार में अचानक आग लग गई। समय रहते लोगों ने सतर्कता दिखाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जर्जर तारों को बदलने की मांग कई बार बिजली विभाग से की गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। उनका कहना है कि तारों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी तार टूटकर गिर सकता है, जिससे जान-माल का नुकसान हो सकता है। कनीय विद्युत अभियंता आदित्य कुमार ने बताया कि तार में आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद कर तकनीकी कर्मियों को भेजा गया।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जैनामोड़ में पौधारोपण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला के जरीडीह प्रखंड के जैनामोड़, बांका पुल स्थित मां चंडी मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जैनामोड़ के सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपनी-अपनी माताओं के नाम पर एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, डॉक्टर प्रहलाद सिंह, जय नारायण मरांडी,रंजीत महतो, दीपक कुमार सिंह, रवि शंकर सिंह,सुरेश बरनवाल, दिनेश बरनवाल, जगदीश केवट ,विजय बरनवाल, उपेंद्र हेंब्रम, रामचरित्र सिंह,सुनील सिंह, वकील कुमार, शिवनाथ रजवार, धर्मदास कुमार, हुबलाल दास, राजकुमार पासवान, मनोज सिंह,संतोष पासवान, शेखर,शिवनाथ रजवार , विनोद कुमार, रमेश बरनवाल, रंजीत बरनवाल, सुबोध सिंह, मुन्ना दत्ता,ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।



### इंदु देवी और पुष्पा देवी बनी आज की सर्वश्रेष्ठ बीएलओ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत गुरुवार को उत्कृष्ट कार्य करने वाले आज की सर्वश्रेष्ठदो बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को चयनित किया गया। बरमो विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या-280 की बीएलओ इंदु देवी ने एक दिन में 1191 एन्यूमरेशन फॉर्म (ईएफ) का वितरण कर सर्वाधिक ईएफ वितरण का रिकॉर्ड बनाया। इनके पर्यवेक्षक रोशन कुमार सिंह हैं। वहीं, गोमिया विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या-104 की बीएलओ पुष्पा देवी ने एक दिन में 225 ईएफ का डिजिटाइजेशन कर सर्वाधिक डिजिटाइजेशन करने वाली बीएलओ का स्थान प्राप्त किया। इनके पर्यवेक्षक हेमंत पाल हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने दोनों बीएलओ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि समर्पित एवं समयबद्ध कार्यशैली से ही विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी बीएलओ से शत-प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने की अपील की।




### चोरी की 9 बाइकें बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस को वाहन चोरी के एक बड़े मामले में सफलता मिली है। हरला थाना क्षेत्र से चोरी हुई अपाचे बाइक




की जांच के दौरान पुलिस ने पूरे बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। इस कार्रवाई में चोरी की 9 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं, जबकि एक आरोपी गिरफ्तार और एक विधि-विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया गया है। 1 जुलाई को सेक्टर-9डी निवासी सुदेश कुमार की अपाचे बाइक चोरी हो गई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पुलिस धनबाद के कतरास क्षेत्र पहुंची, जहां छापेमारी कर अरमान कुमार यादव उर्फ अमन कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की अपाचे बाइक समेत कुल 9 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी चोरी की बाइकों की खरीद-बिक्री का कारोबार करता था। उसके खिलाफ पहले से भी वाहन चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश और बरामद बाइकों के वास्तविक मालिकों की पहचान में जुटी है।

### थाना दिवस पर तीन थानों में सुलझाए गए जमीन विवाद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल एवं बालीडीह थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जमीन संबंधी विवादों की सुनवाई कर मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया अपनाई गई। कार्यक्रम में मजिस्ट्रेट जया कुमारी, चास एएसपी वेदांत शंकर, चास थाना प्रभारी दिनेश सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी प्रकाश मंडल समेत दोनों थानों के पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। थाना दिवस में जमीन विवाद से जुड़े कुल पांच मामले आए, जिन पर दोनों पक्षों की बात सुनकर कार्रवाई की गई। वहीं कुछ ऐसे मामले भी सामने आए जिनमें पुलिस अनुसंधान अभी पूरा नहीं हुआ है। चास एएसपी वेदांत शंकर ने बताया कि थाना दिवस का मुख्य उद्देश्य जमीन संबंधी विवादों का समय पर समाधान कर संभावित अपराध और तनाव की स्थिति को रोकना है। उन्होंने कहा कि सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। बालीडीह थाना में मुख्यालय डीएसपी बोकारो पवन कुमार तथा इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार द्वारा जमीन विवाद संबंधी 4 मामले की सुनवाई की गई. दोनों पक्षों को बैठाकर मामले को आपसी सहमति से सुलझाने का सलाह दिया. साथ ही यह भी कहा कि आपसी सहमति से विवाद का निपटारा नहीं होने की स्थिति में पुलिस कार्रवाई आगे बढ़ाएगी. सक्षम न्यायालय को मामला बढ़ाया जाएगा. उन्होंने कहा कि वरीय अधिकारी का स्पष्ट निर्देश है कि जमीन संबंधी जो भी मामले हैं, इसका निपटारा के लिए पुलिस अपने स्तर से हर संभव सहयोग करेगी. इस दौरान संबंध विभाग के अधिकारी भी शामिल होते हैं. वहीं, मोहम्मद हफीजुल्लाह ने कहा कि प्रशासन के द्वारा इस प्रकार का पहला बहुत ही सराहनीय. जमीन विवाद में कई बार लोग साहस-नस हो जाते हैं. ऐसे मामले अगर प्रशासन के पहल से आपसी सहमति बन पाती है, तो आम लोगों को काफी राहत मिलेगी. हम लोग भी विवाद सुलझाना चाहते हैं।

# एसआईआर अभियान को सफल बनाने में बीएसएल निभाए सक्रिय सहभागिता : उपायुक्त

**11 से 13 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान, कर्मचारियों से पूर्ण सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता की अपील**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो विधानसभा क्षेत्र के बोकारो स्टील सिटी (बीएस सिटी) शहरी क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बीएसएल प्रबंधन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान को सफल बनाने में बीएसएल निभाएं सक्रिय सहभागिता। बैठक में डीईओ सह डीसी ने एसआईआर-2026 अभियान की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं इसकी आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बीएसएल इस्पात उत्पादन में देश की अग्रणी इकाइयों में शामिल है, उसी प्रकार लोकतंत्र को सशक्त बनाने वाले इस अभियान में भी




अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि एसआईआर केवल निर्वाचन आयोग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण अभियान है। डीईओ सह डीसी ने कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में बीएसएल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बीएलओ को पूरा सहयोग दें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में उदासीनता की प्रवृत्ति को समाप्त करना आवश्यक है। बीएसएल प्रबंधन अपने कर्मचारियों को अभियान के प्रति जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित नहीं रहे। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन से 11 से 13 जुलाई तक विशेष जागरूकता अभियान संचालित करने को कहा। साथ ही पदाधिकारियों/कर्मचारियों के बीच एसआईआर अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, प्रपत्र समय पर भरने तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपनी एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा करें, जिससे अन्य लोग भी प्रेरित हों। बैठक में बीएसएल की ईडी, एच.आर. राजश्री बनर्जी ने जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कर्मचारियों के लिए विशेष सर्कुलर जारी करने तथा सेक्टर-2 के कला केंद्र में केंद्रीकृत सहायता केंद्र (सेंट्रलाइज्ड सेंटर) स्थापित करने में सहयोग देने की बात कही।

**वेबसाइट एवं हेल्पलाइन पर उपलब्ध है पूरी जानकारी**

बैठक में बोकारो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की ईआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी, चास प्रांजल ढांडा ने बताया कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ का विवरण तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं की सूची जिला की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के समाधान के लिए मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। यह सेवा प्रतिदिन सुबह 09:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक उपलब्ध है।

**बीएसएल की पीआर टीम को उपलब्ध कराई जाएगी प्रचार-प्रसार सामग्री**

डीईओ सह डीसी ने टीम जनसंपर्क एवं निर्वाचन शाखा को निर्देश दिया कि एसआईआर अभियान से संबंधित पंपलेट, पोस्टर, ऑडियो-वीडियो संदेश, जागरूकता क्लिप एवं अन्य प्रचार-प्रसार सामग्री तत्काल बीएसएल की जनसंपर्क टीम को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि इन सामग्रियों के माध्यम से बीएसएल अपने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के बीच अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करे, ताकि अधिक से अधिक पात्र मतदाता एसआईआर प्रक्रिया में समय पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें। बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, बीएसएल के नगर प्रशासन के सीजीएम कुंदन कुमार, कम्युनिकेशन हेड मणिकांत धान, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जनसंपर्क पदाधिकारी बीएसएल अभिनव शंकर सहित जिला प्रशासन एवं बीएसएल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसआईआर अभियान को गति देने में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स निभाएं सक्रिय भूमिका : डीडीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार एवं प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी अरविंद राधाकृष्णन ने जिले के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ बैठक की। बैठक में एसआईआर-2026 अभियान को गति देने के लिए रील्स एवं वीडियो के माध्यम से आमजन को जागरूक करने और अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स प्रशासन का एक्सटेंशन पार्ट हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता में जागरूकता तो है, लेकिन अभी पूर्ण रूप से जागरूकता नहीं आई है। विशेष रूप से शहरी उदासीनता (अर्बन एपैथी) को दूर करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील सिटी क्षेत्र में कई स्थानों पर यह देखा जा रहा है कि मतदाता बीएलओ को बाद में आने या अगले दिन आने के लिए कहते हैं, जबकि प्रत्येक बीएलओ को लगभग 1000 से 1200 घरों तक पहुंचना होता है। ऐसे में मतदाताओं को बीएलओ का सहयोग करना चाहिए, ताकि अभियान समयबद्ध ढंग से पूरा हो सके। डीडीसी ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से अपील की कि वे अपने रील्स और वीडियो के माध्यम से शहरी मतदाताओं को एसआईआर-2026 अभियान के महत्व से अवगत कराएं तथा उन्हें अपने और अपने परिवार के लिए गणना प्रपत्र समय पर भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षित एवं पढ़े-लिखे मतदाता स्वयं एन्यूमरेशन फॉर्म भरकर आवश्यक विवरण, मोबाइल नंबर एवं परिवार की जानकारी सहित बीएलओ को जमा करें। वहीं, जो मतदाता स्वयं फॉर्म भरने में सक्षम नहीं हैं, वे वर्ष 2003 की मतदाता सूची में उपलब्ध अपने माता-पिता, दादा-दादी अथवा नाना-नानी का विवरण, वर्तमान फोटो, मोबाइल नंबर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें, ताकि बीएलओ को कार्य करने में सुविधा हो। डीडीसी ने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स शहरी उदासीनता को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी से आज से ही अभियान के प्रचार-प्रसार में जुटने का आह्वान किया। साथ ही जिले में हो रहे अच्छे कार्यों, पर्यटन स्थलों एवं अन्य सकारात्मक गतिविधियों को भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रमुखता से साझा करने का अपील किया। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी अरविंद राधाकृष्णन ने बताया कि एसआईआर-2026 अभियान के दौरान बेहतर कार्य करने वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, जिनके रील्स एवं वीडियो को अधिकतम व्यूज एवं व्यापक जनसहभागिता प्राप्त होगी, उन्हें जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने पिछली बैठक के बाद सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स द्वारा तैयार किए गए रील्स एवं वीडियो के माध्यम से अभियान को मिले सकारात्मक सहयोग और जनजागरूकता की भी जानकारी दी। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम के सदस्य रवि कुमार सहित अन्य ने भी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।




# एसआइआर को जनआंदोलन बनाने में जन प्रतिनिधियों की भूमिका अहम : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में चास नगर निगम क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 के कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से चास नगर निगम के मेयर, उपमहापौर, सभी वार्ड पार्षदों एवं टैक्स कलेक्टरों के साथ बैठक आयोजित की गई।

**यह केवल चुनाव नहीं, लोकतंत्र को सशक्त बनाने का अभियान**

बैठक को संबोधित करते हुए डीईओ सह डीसी ने चास नगर निगम एवं बोकारो स्टील सिटी क्षेत्र में एसआईआर कार्यों की अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल चुनाव का कार्य नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान मतदाताओं का वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज अपने पारिवारिक संबंधों से गणना प्रपत्र भरना है। यदि आज यह कार्य सही ढंग से नहीं किया गया तो भविष्य में नए मतदाताओं को अपने पारिवारिक विवरण से जोड़ने में कठिनाई होगी। इसलिए प्रत्येक नागरिक को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।



**शुद्ध मतदाता सूची से लोकतंत्र होगा और मजबूत : मेयर**

चास नगर निगम के मेयर भोलू पासवान ने कहा कि शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने सभी वार्ड पार्षदों एवं टैक्स कलेक्टरों से बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक पात्र मतदाता का गणना प्रपत्र भरवाने तथा अपनों से अपनों की सत्यापित सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समय पर यह प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर भविष्य में नागरिकों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**गणना प्रपत्र भरने एवं डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया की दी विस्तृत जानकारी**

मौके पर 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांढा ने एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र भरने एवं डिजिटाइजेशन की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई। उन्होंने बताया कि मतदाता ईसीआईनेट ऐप के माध्यम से अथवा bokaro.nic.in पर उपलब्ध वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम, बूथ संख्या एवं संबंधित बीएलओ का विवरण देख सकते हैं। यदि नाम उपलब्ध नहीं मिलता है तो लिखित आवेदन देकर शिविर में सत्यापन कराया जा सकता है।

**प्रपत्र भरने में रखें इन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान**

मौके पर ईआरओ सह एसडीओ चास ने बताया कि जो मतदाता जिले या राज्य से बाहर हैं, वे भी ऑनलाइन माध्यम से एसआईआर की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। वर्तमान अभियान के दौरान किसी भी बीएलओ को बदला नहीं जा सकता, क्योंकि गणना प्रपत्र पर उनका नाम पहले से अंकित है। प्रपत्र हिंदी, अंग्रेजी अथवा दोनों भाषाओं के मिश्रण में भरा जा सकता है। जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2003 की सूची में दर्ज है, वे पहले बॉक्स में वही विवरण यथावत लिखें। यदि उस समय नाम में त्रुटि है तो वही त्रुटिपूर्ण विवरण पहले बॉक्स में अंकित करें तथा नीचे दिए गए बॉक्स में सही विवरण भरें। उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता की गणना प्रपत्र पहले ही किसी अन्य स्थान पर भरा जा चुका है तो सिस्टम स्वतः इसकी जानकारी देगा और दोबारा गणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन संभव नहीं होगा।

# बोकारो स्टील प्लांट तक अब खदानों से सीधे स्लरी पाइपलाइन से होगी लौह अयस्क की आपूर्ति

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) जल्द ही एक नई और आधुनिक व्यवस्था के माध्यम से सीधे अपनी खदानों से लौह अयस्क (आयरन ओर) प्राप्त करेगा। इसके लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा देश के इस्पात क्षेत्र की सबसे लंबी स्लरी पाइपलाइन विकसित की जा रही है। यह सेल के लिए अपनी तरह की पहली परियोजना होगी, जो बोकारो स्टील प्लांट के भविष्य के विस्तार और कच्चे माल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस व्यवस्था में लौह अयस्क को खदान में ही बारीक पीसकर पानी के साथ मिलाया जाएगा और फिर पाइपलाइन के माध्यम से सीधे बोकारो स्टील प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। इससे बड़ी संख्या में मालगाड़ियों (रेलवे रेक) पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी। वर्तमान व्यवस्था में रेक की उपलब्धता, लौह अयस्क की लोडिंग, रेलवे के माध्यम से परिवहन तथा संयंत्र में अनलोडिंग जैसी पूरी प्रक्रिया समय और संसाधन दोनों की मांग करती है तथा कई बार रेलवे की उपलब्धता एवं समय-सारिणी पर भी निर्भर रहती है। स्लरी पाइपलाइन के माध्यम से लौह अयस्क सीधे और निर्बाध रूप से बोकारो स्टील प्लांट पहुंचेगा, जिससे आपूर्ति अधिक तेज, नियमित, भरोसेमंद एवं सतत बनी रहेगी। यह पाइपलाइन सेल की गुआ और बोलानी खदानों से हर वर्ष लगभग 8.3 मिलियन टन लौह अयस्क बोकारो स्टील प्लांट तक पहुंचाएगी। दोनों खदानों से आने वाला लौह अयस्क पहले जामदा पहुंचेगा, जहां से लगभग 258 किलोमीटर लंबी मुख्य पाइपलाइन के जरिए इसे बोकारो लाया जाएगा। भविष्य में बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता बढ़ने पर यही पाइपलाइन लगभग 16 मिलियन टन लौह अयस्क प्रतिवर्ष ले जाने में सक्षम होगी। इस परियोजना की एक और विशेषता यह है कि लौह अयस्क को पहुंचाने में उपयोग किया गया पानी अलग पाइपलाइन से वापस खदानों तक भेजा जाएगा, जहां उसका दोबारा उपयोग किया जाएगा। इससे पानी की बचत होगी और प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। परियोजना के अंतर्गत गुआ और बोलानी खदानों में लौह अयस्क तैयार करने की आधुनिक सुविधाएं, पंपिंग स्टेशन तथा बोकारो स्टील प्लांट में लौह अयस्क प्राप्त करने की विशेष व्यवस्था विकसित की जाएगी। लगभग 30 वर्षों की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए तैयार की जा रही इस परियोजना को करीब साढ़े तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना न केवल परिवहन लागत को कम करेगी, बल्कि रेलवे नेटवर्क पर दबाव भी घटाएगी। साथ ही सड़क और रेल परिवहन की तुलना में धूल, डीजल की खपत और कार्बन उत्सर्जन में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और हरित एवं टिकाऊ इस्पात उत्पादन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस आधुनिक पहल के साथ बोकारो स्टील प्लांट को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कच्चे माल की निरंतर और विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे संयंत्र के विस्तार और देश के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

## अधिवक्ता के निलंबन आदेश पर हाईकोर्ट ने बार काउंसिल को मामला सुलझाने का दिया निर्देश

**बोकारो/रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड उच्च न्यायालय ने बुधवार को अधिवक्ता रंजीत कुमार उर्फ रंजीत गिरी के निलंबन मामले में महत्वपूर्ण आदेश जारी किया। कोर्ट ने झारखंड राज्य बार काउंसिल को बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के निलंबन आदेश पर याचिकाकर्ता की शिकायत का समाधान करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अनंद सेन की एकलपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले को 22 जुलाई 2026 को ह्वाफॉर ऑडर्स के अंतर्गत सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस बीच झारखंड राज्य बार काउंसिल के चेयरमैन बोकारो जिला बार एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्यों व कमेटी सदस्यों को बुलाकर याचिकाकर्ता रंजीत गिरी की शिकायत का समाधान करने का प्रयास करें। कोर्ट ने आदेश की प्रति अधिवक्ता मनोज टंडन को सौंपते हुए राज्य बार काउंसिल (रिस्पॉन्डेंट नंबर-3) को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता रंजीत गिरी ने अपनी याचिका में बोकारो जिला अधिवक्ता संघ द्वारा जारी निलंबन आदेश को चुनौती दी थी।

# एससी, एसटी एवं दिव्यांग कर्मचारियों हेतु विशेष जागरूकता कार्यशाला 'जागृति' का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट में अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग कर्मचारियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यशाला ह्नजागृतिह्न का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एससी, एसटी एवं पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित प्रावधानों, पात्रता एवं प्रक्रियाओं के साथ-साथ मेडिकल इनवैलिडेशन बोर्ड की भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विस्तारपूर्वक बताया गया कि विभिन्न विभागों से होकर प्रकरण किस प्रकार कार्मिक विभाग एवं मेडिकल बोर्ड तक पहुँचते हैं, जहाँ प्रत्येक मामले का निर्धारित नियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुरूप मूल्यांकन किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन) ने अपने संबोधन में कहा कि कंपनी की सभी कल्याणकारी नीतियाँ कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से बनाई गई हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि नियमों एवं नीतियों के प्रति जागरूकता ही ह्नजागृतिह्न का मूल उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि कई बार सही जानकारी के अभाव में पात्र परिवार समय पर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं, जबकि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम कर्मचारियों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध सुविधाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला के दौरान एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा मेडिकल इनवैलिडेशन बोर्ड की संरचना, कार्यप्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा बोर्ड द्वारा अपनाई जाने वाली प्रणाली की विस्तृत जानकारी साझा की गई। उन्होंने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए मेडिकल बोर्ड की भूमिका तथा संबंधित प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी (वर्क्स) सहित एससी एवं एसटी कर्मचारियों के लिए गठित इंटरनल ग्रीवांस रिड्रेसल कमेटी के सदस्य, पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के लिए गठित इंटरनल ग्रीवांस रिड्रेसल कमेटी के सदस्य तथा मेडिकल बोर्ड के सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें कार्यशाला के दौरान साझा की गई जानकारियों पर आधारित प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से आए कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए इस प्रकार की जागरूकता कार्यशालाओं के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।



# इंटर स्टेट आर्टस टॉपर छोटी कुमारी के सपनों को मिलेगी नई उड़ान, पढ़ाई में हरसंभव सहयोग करेगा प्रशासन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के खैराचातर निवासी इंटर स्टेट आर्टस टॉपर छोटी कुमारी ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी अजय नाथ झा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उसने अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए सहयोग का अनुरोध किया। छोटी कुमारी की बात सुनने के बाद डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उसे कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं से आच्छादित किया जाए। साथ ही उसकी उच्च शिक्षा के लिए स्पॉन्सरशिप की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आर्थिक कारणों से उसकी पढ़ाई प्रभावित नहीं हो। डीसी ने छोटी कुमारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि उसकी आगे की पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा ताकि वह अपने सपनों को साकार कर सके। छोटी कुमारी ने बताया कि उसका नामांकन रांची विमेंस कॉलेज में इतिहास (ऑनर्स) विषय में होने जा रहा है। उसने भविष्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में जाकर देश और समाज की सेवा करने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की। उसकी इस आकांक्षा की सराहना करते हुए डीसी ने कहा कि मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं होता। सफलता मिलने पर उसे कभी सिर पर मत चढ़ने देना। पूरी लगन, अनुशासन और ईमानदारी के साथ पढ़ाई करो तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहो।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK